Page 11 | खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 | देश



**कुलदीप यादव की शादी में रिंकू सिंह-युजवेंद्र चहल मसूरी पहुंचे, बोले- भाई की शादी, फुल डांस होगा**

**लाभार्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो इसी महीने से ही उनके बैंक खाते में...**



मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, उत्तराषाढ़ा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • शनिवार • 14 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 101 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,47,800 | ₹ 2,79,900 |

## आज का इतिहास

**1931 :** भारत की पहली बोलती फिल्म आलमआरा का बॉम्बे (अब मुम्बई) में प्रदर्शन हुआ।

**1965 :** भारतीय फिल्म अभिनेता आमिर ख़ान का जन्म हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विधानसभा को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी मिलने की सूचना मिलते ही विधानसभा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। मामले की जानकारी मिलते ही विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ आपात बैठक की। बैठक में पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा की गई और सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्देश दिए गए।

### बकायेदारों से बिजली बिल वसूलने को चलेगा अभियान

**पटना (नि.सं.)।** बिजली बिल ना चुकाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने वितरण कंपनियों की राजस्व संग्रहण की समीक्षा की और बकाया वसूली तेज करने के लिए निर्देश दिए। अधिकारियों को डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की सूची अद्यतन करने और बड़े बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। बिजली बिल चुकता नहीं करने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलेगा। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने दोनों वितरण कंपनियों की राजस्व संग्रहण की समीक्षा की और बकाया वसूली को और तेज करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की सूची को नियमित अद्यतन करने और विशेषकर बड़े बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण में तेजी लाने, बकायेदारों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने तथा डबल कनेक्शन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के निर्देश भी दिये गए। बैठक में अधिकारियों को यह भी कहा गया कि ऐसे मामलों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि राजस्व नुकसान को रोका जा सके। बैठक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 31 मार्च तक 100-100 करोड़ का राजस्व संग्रहण करने का लक्ष्य दिया गया।

सीएम ने सहरसा में समृद्धि यात्रा के दौरान 512 करोड़ की 125 योजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन

# बिहार को विकसित राज्य बनाकर रहेंगे : सीएम

- जिले के 201 गांवों में दूध उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- सभी 141 पंचायतों में सुधा दूध केंद्र खोले जाएंगे।

निज संवाददाता | सहरसा



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 'समृद्धि यात्रा' के तीसरे चरण के तहत शुक्रवार को सहरसा पहुंचकर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। स्टेडियम में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार काफी पिछड़ा हुआ था और अपराध का बोलबाला था, लेकिन अब राज्य में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली तथा रोजगार जैसे क्षेत्रों में स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सात निश्चय योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से राज्य के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में सभी जिलों में बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और युवाओं को दूसरे राज्यों में जाने की आवश्यकता कम होगी।

मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए कई योजनाओं की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि तिलावे नदी की उड़ाही का कार्य जल्द पूरा किया जाएगा। इसके अलावा जिले के 201 गांवों में दूध उत्पादन केंद्र स्थापित किए जाएंगे और सभी 141 पंचायतों में सुधा दूध केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले के दस प्रखंडों में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाएगी, जबकि जिला मुख्यालय में सेल का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के साथ शाहपुर में जीविका दीदियों के नोडल सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और नगर निगम पार्क का लोकार्पण भी किया। वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने शहर में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने 512 करोड़ रुपये की लागत से 125 योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और कार्यारंभ किया। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने राज्य में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले समय में एनडीए सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की गति को और तेज करेगी।

### जीविका दीदियों को मिला सम्मान और संबल



मुख्यमंत्री ने अपनी सबसे महत्वाकांक्षी योजना जीविका'की चर्चा करते हुए महिलाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि बिहार में अब तक लगभग 10 लाख 75 हजार जीविका समूहों का गठन हो चुका है, जिससे करोड़ों महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को मान-सम्मान और रोजगार देकर बिहार ने पूरे देश में मिसाल कायम की है। कार्यक्रम को लेकर नगर आयुक्त प्रभात रंजन ने बताया कि सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### सीएम ने सभा के दौरान महिलाओं से किया संवाद

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान एक रोचक दृश्य भी देखने को मिला। जब कुछ महिलाएं कार्यक्रम स्थल से बाहर जाने लगीं तो मुख्यमंत्री ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा, कहां जा रही हैं, हम इतना काम किए हैं। हम कहीं भाग नहीं रहे हैं। इस पर सभा में मौजूद लोगों के बीच मुस्कान भी देखने को मिली। उन्होंने घोषणा की कि सहरसा में जल्द ही मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जाएगा, जिससे कोसी क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

# सोनपुर में बनेगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुनिया का सबसे बड़ा डबल-डेकर विमान कर सकेगा लैंडिंग

**4,228 एकड़ में विकसित होगा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, 2030 तक निर्माण का लक्ष्य**

निज संवाददाता | पटना

उत्तर प्रदेश के जेवर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई की तर्ज पर बिहार के सारण जिले के सोनपुर में एक विशाल इंटरनेशनल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने की योजना पर काम तेज हो गया है। करीब 4,228 एकड़ क्षेत्र में बनने वाला यह एयरपोर्ट आकार के हिसाब से भारत का तीसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। प्रस्तावित एयरपोर्ट का रनवे लगभग 4.2 किलोमीटर लंबा होगा, जिस पर दुनिया का सबसे बड़ा डबल-डेकर यात्री विमान एयरबस ए380 भी उतर सकेगा। वर्तमान में बिहार के किसी भी एयरपोर्ट पर इस तरह के बड़े विमान की लैंडिंग संभव नहीं है। यह एयरपोर्ट सारण जिले के सोनपुर क्षेत्र के दरियापुर चौर इलाके में बनाया जाएगा। योजना के अनुसार 2030 तक इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिस क्षेत्र में एयरपोर्ट का निर्माण प्रस्तावित है, वह फिलहाल लो-लैंड एरिया है, जहां वर्ष के लगभग छह महीने तक पानी भरा रहता है। यहां मुख्य रूप से गेहूं और सरसों की खेती होती है और जमीन काफी उपजाऊ मानी जाती है। एयरपोर्ट निर्माण के सामने कई चुनौतियां भी हैं। प्रस्तावित क्षेत्र फोरलेन सड़क से करीब 15 से 20 फीट नीचे है, इसलिए निर्माण से पहले पूरे इलाके को ऊंचा करने के लिए बड़े पैमाने पर मिट्टी भराई करनी पड़ेगी, जिससे परियोजना की लागत बढ़ सकती है। इसके अलावा यह इलाका बाढ़ और जलजमाव से प्रभावित रहता है। गंगा और गंडक नदियों के जलस्तर बढ़ने पर यहां पानी भर जाता है, इसलिए निर्माण के दौरान जलनिकासी और बाढ़ नियंत्रण की विशेष व्यवस्था करनी होगी।

### अमेरिका-यूरोप के लिए उड़ान की सुविधा



सारण जिले के सोनपुर में प्रस्तावित इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद बिहार सहित उत्तर प्रदेश, झारखंड, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए यात्रियों को दिल्ली या अन्य महानगरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अमेरिका, यूरोप और मिडिल ईस्ट के देशों के लिए सीधे उड़ान की सुविधा मिलने से समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

यह क्षेत्र वेटलैंड इकोसिस्टम का भी हिस्सा है, जहां सर्दियों के महीनों में साइबेरिया समेत कई देशों से प्रवासी पक्षी आते हैं। एयरपोर्ट निर्माण से इस प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। एयरपोर्ट बनने की खबर से स्थानीय लोगों में उत्साह भी है। नया गांव के आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने से क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां होटल, मॉल और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। हालांकि कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका काफी निचला है और यहां लंबे समय तक पानी भरा रहता है, इसलिए परियोजना को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

इस परियोजना को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से साइट क्लीयरेंस मिल चुकी है। बिहार सरकार ने जमीन अधिग्रहण के लिए लगभग 1,302 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है। 20 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सोनपुर में एयरपोर्ट निर्माण को स्वीकृति दी गई थी। पटना से लगभग 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित इस एयरपोर्ट के बनने से बिहार ही नहीं बल्कि झारखंड, उत्तर प्रदेश, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर राज्यों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए दिल्ली या अन्य महानगरों पर निर्भरता कम होगी और अमेरिका, यूरोप या मध्य-पूर्व के देशों के लिए सीधे उड़ान की सुविधा मिल सकेगी।

प्रस्तावित एयरपोर्ट को क्षेत्रीय एविएशन हब के रूप में विकसित करने की योजना है। विशेषज्ञों के अनुसार इस स्तर की ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना में लगभग 10 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश हो सकता है, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी बड़ा प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। पटना के आसपास पहले से मौजूद जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और बिहटा में निर्माणाधीन सिविल एन्क्लेव के साथ सोनपुर एयरपोर्ट बनने पर राज्य में हवाई यातायात की क्षमता में बड़ा विस्तार होगा। इसके साथ ही गंगा नदी पर बन रहे नए पुलों के कारण पटना और सोनपुर के बीच संपर्क और भी सुगम हो जाएगा।

परिवहन विभाग ने जिलों को दिए निर्देश, मामलों के समाधान की तैयारी तेज

# लंबित और त्रुटिपूर्ण ई-चालान मामलों के निपटारे के लिए 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

- ई-चालान से संबंधित सभी अभिलेख समय पर उपलब्ध कराने और वाहनवार विस्तृत सूची तैयार करने को कहा गया है।

निज संवाददाता | पटना

राज्य में मोटर वाहन अधिनियम और यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े लंबित तथा त्रुटिपूर्ण ई-चालान मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 14 मार्च को सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से लंबित मामलों का शीघ्र और प्रभावी समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने जिलों में लंबित और त्रुटिपूर्ण ई-चालान मामलों की समीक्षा कर उन्हें राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत करने की तैयारी सुनिश्चित करें। इससे अधिक से अधिक मामलों का निपटारा संभव हो सकेगा।

राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान लंबित ई-चालान मामलों के अधिकतम निष्पादन के लिए आवश्यक तैयारियों को तेज करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि ई-चालान से संबंधित सभी अभिलेख समय पर उपलब्ध कराए जाएं तथा मामलों की सुनवाई और निर्णय के लिए वाहनवार विस्तृत सूची तैयार की जाए। इससे लोक अदालत में मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगी।

## 2.5 लाख घरों की छतों पर सरकार लगाएगी मुफ्त सोलर पैनल, 31 मार्च तक आवेदन का मौका



निज संवाददाता | पटना

बिहार में पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना को सफल बनाने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है । कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता, जो स्मार्टफोन न होने के कारण सुविधा ऐप के जरिए सहमति नहीं दे पा रहे थे, वे अब अपने नजदीकी कार्यालय या क्षेत्रीय शिविर में जाकर आवेदन कर सकते हैं । इस योजना में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 तय की गई है।

इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र घर की छत पर 1.1 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे । योजना के पहले चरण में राज्य के करीब 2.5 लाख घरों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है । यह सभी पैनल ग्रिड से जुड़े होंगे, जिससे उपभोक्ता सीधे सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकेंगे । उपभोक्ता की सहमति प्राप्त होने के बाद विभाग की तकनीकी टीम घर जाकर स्थल निरीक्षण करेगी। जिन उपभोक्ताओं के घरों पर छायारहित छत उपलब्ध होगी, वहाँ सोलर पैनल पूरी तरह निशुल्क लगाए जाएंगे । पैनल से उत्पन्न होने वाली बिजली का उपयोग घर के निवासी अपनी दैनिक जरूरतों के लिए कर सकेंगे।

## खाड़ी देशों से बिहार के 92 लोगों ने मांगी सहायता

**पटना(नि.सं.)।** श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर 92 लोगों ने सहायता मांगी है। खाड़ी देशों में युद्ध के कारण प्रवासी बिहारियों को मदद देने के लिए हेल्पलाइन जारी की गई है। सभी ने भारत लौटने की इच्छा जतायी है, और अनुरोध विदेश मंत्रालय को भेजे गए हैं। श्रम संसाधन एवं श्रमिक कल्याण विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर अबतक 92 लोगों ने सहायता मांगी है। खाड़ी देशों में युद्ध को देखते हुए दिल्ली स्थित बिहार भवन से हेल्पलाइन नंबर 721 778 8114 जारी किया गया है, ताकि विदेशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों और उनके परिवारों को समय पर सहायता मिल सके। हेल्पलाइन नंबर पर फोन कर सभी ने भारत लौटने की इच्छा जतायी है। विभाग ने सभी अनुरोध को विदेश मंत्रालय के सुपुर्द कर दिया है। इनमें कई को भारत लाया भी गया है।

रोहतास जिले का नर्सिंग के क्षेत्र में विश्वसनीय संस्थान

शेरशाह मेडिकल रिसर्च एंड ट्रेनिंग संस्थान

(धर्मशीला महिला प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संचालित इकाई)

(बिहार सरकार स्वास्थ्य पटना से मान्यता प्राप्त तथा बी.एन.आर.सी., पटना एवं बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय पटना से सम्बद्धता प्राप्त)

घटिकन सासाराम (रोहतास)

मो. नं. - 8521384934, 9431484126, 7480907815



एम.एल. सिंह (सचिव)
मो. 9162116808

ए.एन.एम, जी.एन.एम., बी.एस.सी. (नर्सिंग) एवं एम.एस.सी. (नर्सिंग) कोर्स में

रामनवमी के शुभ अवसर पर
11 मार्च 2026 से 30 मार्च 2026 तक
नामांकन में विशेष छूट

एलपीजी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने बनाया कंट्रोल रूम

# उपभोक्ता हेल्पलाइन 0612-2233050 पर दर्ज करा सकते हैं शिकायत

निज संवाददाता | पटना



राज्य में एलपीजी (रसोई गैस) से संबंधित उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए आम उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार ने पटना स्थित अपने कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया है। विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। इस दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण या उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के संबंध में सीधे विभागीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

उपभोक्ता अपनी समस्याओं और कठिनाइयों की जानकारी दूरभाष संख्या 0612-2233050 पर दे सकते हैं। विभाग का कहना है कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में अफवाहों या भ्रमित करने वाली सूचनाओं पर ध्यान न दें। ऐसी स्थिति में सीधे विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों ने देखा पीएम मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा स्थित राजेन्द्र भवन में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के तहत गुवाहाटी (असम) से पीएम किसान सम्मान समारोह में पीएम किसान सम्मान निधि हस्तांतरण का लाईव प्रसारण कृषकों को दिखाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 22 वीं किश्त के माध्यम से 9.32 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसानों के खातों में 18640 करोड़ रूपए से अधिक का सिंगल क्लिक द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि का हस्तांतरण किया गया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को कृषि एवं पशुपालन से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार,रजत रंजन,राजेश कुमार,विकास कुमार,सलोनी कुमारी,श्रवण कुमार समेत 150 से अधिक किसान मौजूद थे।

### युवक की गला रेत हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के बनियाबिगहा गांव के बधार में गेंहू के खेत में गला रेत कर युवक की हत्या के मामले में नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक अनुज उर्फ सत्तू महतो के पत्नी अंशु देवी के द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में गांव के संजय महतो पिता अन्छु महतो को नामजद आरोपी बनाया गया है। नामजद आरोपी संजय महतो पिता अन्छु महतो को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आगे भी जांच पड़ताल जारी है।

### क्रिकेटर इशान किशन से मिले जदयू नेता



**वारिसलीगंज।** जदयू युवा नेता समाजसेवी बाली, वारिसलीगंज निवासी छोटू सिंह व पावरग्रिड प्रबंधक श्री दीपक कुमार,ई गौतम सिंह,विशू सिंह के साथ भारतीय क्रिकेटर इशान किशन से उनके नवादा स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान जदयू युवा नेता छोटू सिंह ने इशान किशन को टी-२० वर्ल्ड कप मे शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे अलग पहचान बनाई है और पूरे बिहार का नाम रौशन किये। उन्होंने कहा कि इशान किशन बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है।उनकी सफलता को लेकर देशभर मे उत्साह बना रहा। युवा नेता ने भागवत गीता, हनुमान जी की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

### मेहसी व आसपास के क्षेत्रों में अकीदत व सादगी के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज़

**मेहसी।** रमज़ान माह के अंतिम जुम्मे यानी जुम्मतुल-विदा के अवसर पर चकिया तथा आसपास के प्रखंड क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा की नमाज़ बड़ी अकीदत, सादगी और शांति के साथ अदा की गई। नमाज़ के बाद देश-दुनिया में अमन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।मेहसी नगर पंचायत सहित आसपास की पंचायतों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने अलविदा की नमाज़ अदा की। बारा चकिया जामा मस्जिद में नमाज़ सादगी और शांति के साथ संपन्न हुई।मस्जिद के इमाम मौलाना महताब आलम क़ासमी, जो जमीयत उल उलेमा बारा चकिया के सचिव भी हैं, ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को समाज में शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए तथा अल्लाह से दुआ करनी चाहिए कि विश्व में अमन कायम रहे और हमारा देश निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़े।मदरसा जिया-उल-उलूम कुआवां शरीफ के सचिव कामरेड इश्तियाक आलम ने बताया कि मदरसा परिसर स्थित मस्जिद में हाफिज़ मौलाना मखदूम ने अलविदा की नमाज़ पढ़ाई। वहीं बिचला टोला जामा मस्जिद के केयरटेकर दिल मोहम्मद अंसारी के अनुसार उनकी मस्जिद में दोपहर एक बजे हज़रत मौलाना तारिक अनवर की इमामत मे नमाज़ अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने भाग लिया। पीपरा बाजार की मस्जिद में इमाम व खतीब हज़रत अल्लामा मौलाना कारी इश्तियाक असदिकी ने नमाज़ पढ़ाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिस जोश और अकीदत के साथ लोग आज मस्जिद में आए हैं, उसी भावना के साथ हर रोज़ नमाज़ के लिए मस्जिद में आना चाहिए, ताकि इंसान अपने रब की बारगाह में कामयाब हो सके।हरदियाबाद में भी बड़ी संख्या में लोगों ने जुमे की नमाज़ अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। बारा चकिया की नूरी मस्जिद में भी अलविदा जुमा की नमाज़ अदा की गई। चकिया नगर परिषद के नगर अध्यक्ष कौसर रज़ा ने बताया कि नूरी मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत की।

### राजस्व कर्मचारियों के हरताल के कारण अंचल का कार्य बाधित



**केसरिया, पू.च।** राजस्व कर्मचारियों की 11 फरवरी से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर अब अंचल कार्यालय के कामकाज पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। हड़ताल के कारण राजस्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार हड़ताल अवधि के दौरान केसरिया अंचल में गुरुवार तक परिमार्जन से संबंधित कुल 1529 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें अधिकांश आवेदन जमाबंदी सुधार और छूटी हुई जमाबंदी दर्ज कराने से जुड़े हैं। लेकिन राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण इन आवेदनों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसके अलावा दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों का भी निष्पादन नहीं हो पा रहा है। अंचल कार्यालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जमीन से जुड़े कार्यों को लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन काम नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। इससे किसानों और आम आवेदकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

# रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला में 203 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ग्रामीण युवाओं के रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), मंगर विगहा (नवादा) के परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह मेला केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक सतत प्रक्रिया के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जो तब तक जारी रहेगा जब तक अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं हो जाते। आज इस पहल की औपचारिक शुरुआत की गई है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसी भी युवा के लिए केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल तथा बाजार की समझ भी अत्यंत आवश्यक हो गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरसेटी के माध्यम से युवाओं को पशुपालन, जूट उत्पाद निर्माण, इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर मैकेनिक सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने अथवा रोजगार प्राप्त करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाता है।

सरकार द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत युवाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है, ताकि वे अपना स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ कर सकें। इसके अतिरिक्त नियोजन कार्यालय, आईटीआई तथा अन्य प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को सीधे कंपनियों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है। डीपीएम जीविका ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 1500 पदों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इनमें टाटा मोटर्स, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, टीवीएस, इंडो एम.आई.एम. (एन.टी.टी.एफ. के माध्यम से), गार्डियन्स सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी प्रा. लि., नव भारत फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, महिंद्रा लॉजिस्टिक्स, फ्लिपकार्ट, एस.बी. पी.एस. हेल्थ केयर प्रा. लि., यंग ब्राण्ड अपैरल प्रा. लि., सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट लिमिटेड, हाईली प्रा. लि., एम.आर.एफ. लिमिटेड, याजाकी इंडिया, डी.एस.टी.ई.एस., विजन इंडिया सर्विसेस (श्नाइडर इलेक्ट्रिक के लिए), एच.एस.एन. टेक सॉल्यूशन प्रा. लि. सहित अन्य कंपनियाँ शामिल रहीं। इन कंपनियों द्वारा युवाओं की नियुक्ति प्रोडक्शन वर्कर, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव, सिक्योरिटी गार्ड, मल्टी-सर्विस स्टाफ सहित विभिन्न पदों पर की जाएगी।

उन्होंने नवादा जिले में जीविका द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस रोजगार मेले में कुल 622 युवाओं ने निबंधन कराया, जिनमें से 203 युवाओं का चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जबकि 145 युवाओं को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। वहीं 162 आवेदकों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया।

तत्पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं उचित मार्गदर्शन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री मनीष कुमार, डीपीएम जीविका श्री चंदन कुमार सुमन, प्रबंधक (संचार) श्री राजीव रंजन, प्रबंधक (रोजगार) श्री ज्योति प्रकाश, प्रबंधक (सामाजिक विकास) श्री संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने एवं स्वच्छता को लेकर की गई बैठक, दिए गए आवश्यक निर्देश



प्रखंड सभागार में बैठक करते बीडीओ व अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल मुहैया एवं स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोहिया स्वच्छ अभियान के जिला समन्वयक अविनाश कुमार सिन्हा, बीडीओ संजीव झा, बीसीओ सह प्रभारी बीईओ राकेश कुमार व जीविका बीपीएम मनीष कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

बैठक के दौरान स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिला समन्वयक ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारन, हरदिया एवं बहादुरपुर में पेयजल की गुणवत्ता व निगरानी के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कही है। इसमें पंचायतीराज, पीएचईडी, ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहने की बात कही है। बैठक में बताया गया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जाएगा। बीडीओ संजीव झा ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विभाग की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वहीं जीविका बीपीएम मनीष कुमार ने बताया कि स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर जीविका की ओर से भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसमें लोगों को स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जीविका की ओर से स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## कलयुगिया बहु ने सास के साथ की मारपीट, थाना पहुंच लगाई न्याय की गुहार

### जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर-ए में शुक्रवार को एक कलयुगिया बहु ने सास के साथ जमकर मारपीट की। बहु से मार खाने के बाद सास रोती-बिलखती थाना आकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता हरदिया सेक्टर-ए निवासी कृष्णा सिंह की पत्नी आशा देवी ने रोती हुई बताई कि उसकी छोटी बहु रानी देवी द्वारा घर व जमीन को जबरन अपने नाम करने को लेकर दवाब बनाते रहती है। उन्होंने कहा कि उनके तीन बेटे संजय,रंजीत और संजीत हैं,जिसमें संजय व रंजीत बाहर रहकर कमाता है एवं छोटा बेटा संजीत ट्रक चलाता है। बीते गुरुवार की रात्रि को छोटा बेटा और बहु आपस में झगड़ा की थी,जब शुक्रवार को छोटा बेटा ट्रक लेकर बाहर निकल गया,तो बहु द्वारा मुझे और मेरी बेटी को खूब गाली गलौज किया गया। जब बहु को गाली गलौज करने से मना किया गया,तो उसने मेरे टूटे हुए हाथ को ऐंठ दी और सीने में जोर से मारपीट करने लगी। आसपास के लोगों के हस्तक्षेप के बाद झगड़ा शांत हुआ। पीड़िता सास ने कही कि वह अपने छोटी बहु से अलग रहकर खाना पीना बनाती है,इसके बावजूद जमीन अपने नाम लिखवाने को लेकर अक्सर गाली-गलौज व मारपीट की जाती है। पीड़िता सास ने थाने को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने बताया कि पीड़िता वृद्ध सास द्वारा लिखित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।



हाथों में आवेदन लिए पीड़िता

## अलविदा जुम्मा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**केसरिया, पू.च।** रमज़ान महीने के आखिरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा के मौके पर मुसलमानों ने पूरे अकीदत और एहतराम के साथ नमाज़ अदा की मस्जिदों में सुबह से ही नमाज़ियों की भीड़ देखने को मिली और लोगों ने रोज़ा, नमाज़ तथा इबादत के जरिए अल्लाह से रहमत और बरकत की दुआ मांगी। नमाज़ के बाद उलेमाओं ने रमज़ान के महत्व पर रोशनी डाली और लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत करने की नसीहत दी। मौलाना गुलाम मोइनुद्दीन रिज़वी अमजदी ने अपने बयान में कहा कि रमज़ान का महीना बहुत बरकतों वाला महीना है, जिसे अल्लाह ने तीन हिस्सों में बांटा है। पहला हिस्सा रहमत का, दूसरा मगफिरत का और तीसरा जहन्नम से निजात पाने का होता है।उन्होंने कहा कि इसी मुकद्दस महीने में हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम पर कुरान-ए-शरीफ नाज़िल हुआ, इसलिए इस महीने की अहमियत और भी बढ़ जाती है। वहीं मौलाना नौशाद अमजदी ने कहा कि हर साहिबे हैसियत मुसलमान पर फितरा अदा करना फर्ज़ है। उन्होंने बताया कि फितरे की रकम ईद की नमाज़ से पहले हर हाल में अदा कर देना चाहिए और इसे गरीब, मिस्कीन तथा बेसहारा लोगों को देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर संभव हो तो रमज़ान के बीच से ही फितरा देना शुरू कर देना चाहिए ताकि जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशी मना सके।मौलाना अनीसुर्रहमान चिस्ती ने कहा कि रमज़ान का आखिरी अशरा जहन्नम से निजात पाने का होता है।इस दौरान ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए और कसरत से तरावीह की नमाज़ पढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस महीने में शैतान को कैद कर दिया जाता है, जहन्नम के दरवाजे बंद और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं तथा नेकी सत्तर गुना बढ़ा दिया जाता है। नमाज़ के आखिर में पूरे विश्व में अमन, शांति, खुशहाली, उन्नति और तरक्की के लिए खास दुआ की गई।

## वारिसलीगंज में पंचायत समिति की बैठक में हंगामा विधायक और प्रमुख के बीच तीखी नोकझोंक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा।** नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक के दौरान उस समय हंगामा मच गया, जब स्थानीय विधायक अनीता और प्रखंड प्रमुख रबी देवी के बीच तीखी बहस हो गई। बताते चलें कि बैठक के दौरान कुछ जनप्रतिनिधियों ने पंचायत प्रतिनिधियों के स्थान पर अन्य लोगों के बैठने पर आपत्ति जताई, जिस पर विधायक ने नाराजगी जताते हुए बोल दी कि आप लोग हल्ला कर रहे है सभा को मछली बाजार बना दिये। विधायक के इस बयान पर प्रमुख रवि देवी और जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने आपत्ती जताई उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रमुख है और इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है इसी बात को लेकर बैठक में हंगामा और बहस हुई। विवाद बढ़ने पर विधायक अनीता नाराज होकर सभा कक्ष से बाहर निकल गईं। हालांकि उनके जाने के बाद भी पंचायत समिति की बैठक जारी रही। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रबी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने किया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास योजनाओं को पूरा करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सदस्यों ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सबसे अधिक चर्चा वर्तमान में एलपीजी गैस की कमी को लेकर हुई। सदस्यों ने कहा कि गैस सिलेंडर आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरत है, लेकिन लोगों को गैस प्राप्त करने में काफी परेशानी हो रही है। इसलिए प्रत्येक घर तक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए छापेमारी दल गठित कर कार्रवाई करने की मांग भी की गई। इस मौके पर जिला पार्षद अंजनी सिंह व गीता देवी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गौतम सिंह, मुखिया राजकुमार सिंह, मुखिया मृत्युंजय कुमार मिथुन, मुखिया प्रभु प्रसाद , पंचायत समिति राहुल कुमार,मनरेगा पीओ कुमुद रंजन, एमओ गुंजन भारती, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोर कुणाल, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता राहुल कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद थे।

### 15 मार्च को व्यवहार न्यायालयों में परिचारी पद हेतु प्रारंभिक जांच परीक्षा

**नवादा जिले के 23 केंद्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार के व्यवहार न्यायालयों में परिचारी के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक जांच परीक्षा दिनांक 15.03.2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा का आयोजन कदाचारमुक्त, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कराने तथा विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री राहुल किशोर की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में प्रतिनियुक्त सभी केंद्राधीक्षकों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के सुचारु संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

नवादा जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 02:00 बजे से 04:00 बजे तक आयोजित होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी (पुरुष/महिला), पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी तथा पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी परिस्थिति में प्रथम पाली के लिए सुबह 09:30 बजे तथा द्वितीय पाली के लिए दोपहर 01:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग ने बताया कि परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए समाहरणालय नवादा परिसर में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में श्रीमती निरूपमा शंकर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) नवादा तथा पु0अ0नि0 सुजीत कुमार त्रिपाठी, प्रभारी डीसीबी शाखा रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में पालीवार दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही 03 सुरक्षित कार्यपालक दंडाधिकारी एवं 05 सुरक्षित स्टैटिक दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किए गए हैं।

किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में अग्निशमन एवं चिकित्सा व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन द्वारा नियंत्रण कक्ष नवादा, प्रखंड कार्यालय परिसर वारिसलीगंज तथा प्रखंड कार्यालय हिसुआ में एम्बुलेंस, जीवनरक्षक दवाओं, चिकित्सकों एवं आवश्यक चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी श्री राजकुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के प्रवेश द्वार पर फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में बैग, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पर्स, ब्लूटूथ, वाई-फाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, रिस्ट वॉच सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर एवं ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के समय दो पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ, एक पहचान पत्र एवं उसकी स्व-अभिप्रमाणित प्रति, एक पारदर्शी पानी की बोतल तथा बॉल प्वाइंट पेन ले जाने की अनुमति दी जाएगी।

उक्त अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मिशन मोड में करें परिवार नियोजन कार्यक्रम पर काम हर योग्य दम्पति तक पहुँचाएँ सुविधाएँ: आयुक्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मोतिहारी।** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि मातृ स्वास्थ्य एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु परिवार नियोजन कार्यक्रम पर सभी को मिशन मोड में काम करना होगा ताकि फैमिली प्लानिंग की सुविधाएँ समुदाय के अंतिम पायदान पर खड़े हर योग्य दम्पति तक अनिवार्य रूप से पहुँच सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि फैमिली प्लानिंग केवल एक सरकारी प्रोग्राम मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में तिरहुत प्रमंडल की हेल्थ सर्विसेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए विभाग के हर स्तर पर एक्टिव सहयोग और अकाउंटेबिलिटी अपेक्षित है।गुरुवार को मुजफ्फरपुर के मझौलिया रोड स्थित 'द एमराल्ड होटल' में आयोजित एफपीएलएमआईएस पर प्रमंडलीय स्तरीय ओरिएंटेशन सह सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने एफपीएलएमआईएस पोर्टल की महत्ता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग से कॉन्ट्रासेप्टिव दवाओं और लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता को पूरी तरह ट्रांसपेरेंट बनाया जाए, जिससे फील्ड लेवल पर किसी भी प्रकार की कमी न रहे।



आयुक्त ने आशा और कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स को इस मिशन की 'असली रीढ़' बताते हुए आह्वान किया कि "सीमित परिवार, सुखी परिवार" के मैसेज को अब एक जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रमंडल के सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में फैमिली प्लानिंग सर्विसेज, जैसे महिला व पुरुष नसबंदी, पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी और अंतरा इंजेक्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्वी चम्पारण के 20 से अधिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को आयुक्त ने अपने कर-कमलों से अवार्ड देकर सम्मानित किया। पुरस्कृत होने वालों में पूर्वी चंपारण के सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन, डॉ. चंदन कुमार, पी.एस.आई. इंडिया के जिला प्रबंधक अमित कुमार, स्टाफ नर्स, एएनएम, प्रमर्षदता से लेकर जमीनी स्तर पर कार्यरत आशा कार्यकर्ता तक शामिल रहीं। कार्यक्रम में टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करने वाले डेवलपमेंट पार्टनर पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधियों को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस गरिमामयी समारोह में आरएडी, आरडीडी, आरपीएम सहित प्रमंडल के सभी जिलों के सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीपीएम, अस्पतालों के सुपरिटेंडेंट, मेडिकल ऑफिसर और बड़ी संख्या में स्टाफ नर्स और सीएचओ उपस्थित रहे, जिन्होंने आयुक्त के विजन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत




**बाराचट्टी,गया।** बाराचट्टी थाना क्षेत्र के मायापुर के समीप नेशनल हाईवे पर गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुहार लालाडीह गांव निवासी प्रकाश कुमार (लगभग 20 वर्ष), पिता साधु प्रसाद और श्रीकांत दास, पिता गरीबन दास के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से अपने गांव से डोभी की ओर जा रहे थे। जानकारी के अनुसार मायापुर के पास नेशनल हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। अमरेंद्र किशोर, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर, बाराचट्टी ने शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे बताया कि मायापुर के पास सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आरटीई के तहत चयनित बच्चों का 20 मार्च तक एडमिशन, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**नालन्दा।** शिक्षा के अधिकार (RTE) के तहत निजी विद्यालयों में नामांकित होने वाले गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए राहत भरी खबर है। सत्र 2026-27 के लिए नामांकन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 20 मार्च कर दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से चयनित सभी 2,218 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करना स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है। जिले के निजी स्कूलों में 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर नामांकन के लिए प्रथम चरण में 2,218 बच्चों को चिन्हित किया गया था। पूर्व में निर्धारित 10 मार्च की समय सीमा तक मात्र 1,152 बच्चों ने ही स्कूलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अभी भी 966 बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने चयनित स्कूलों में दाखिला नहीं लिया है। इसी अंतर को पाटने के लिए विभाग ने समय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ मो. शहनवाज ने बताया कि सूचीबद्ध सभी निजी स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया गया है। स्कूल प्रबंधन खुद अभिभावकों से संपर्क कर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करें। अगर कागजात के नाम पर अभिभावकों, छात्रों को बेवजह परेशान किया गया या नामांकन से इनकार किया गया, तो संबंधित स्कूल की प्रस्वीकृति और यू-डायस कोड रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग ने चयनित छात्रों और उनके अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे आवंटित विद्यालयों में जाकर समय रहते नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर लें। आरटीई के तहत अलाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों को मुफ्त शिक्षा का अधिकार प्राप्त है, जिसके लिए ज्ञानदीप पोर्टल के जरिए पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए समावेशी और सतत विकास विषय पर एएम कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** मगध विश्वविद्यालय के अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज तथा इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसाइटी (आईकेएस ग्रुप) के संयुक्त तत्वावधान में "आत्मनिर्भर भारत के लिए समावेशी और सतत विकास" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी कॉलेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित हुई, जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से लगभग 100 प्रतिभागी शामिल हुए। दो दिनों तक चलने वाली इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रतिभागी सात तकनीकी सत्रों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा मगध विश्वविद्यालय का कुलगीत और स्वागत गीत प्रस्तुत कर की गई। इसके बाद पारंपरिक विधि से दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का शॉल, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। संगोष्ठी के संयोजक और समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश राय ने विषय प्रवेश कराते हुए संगोष्ठी की विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि देश के 18 राज्यों से लगभग 100 प्रतिभागी इस शोध संगोष्ठी में भाग ले रहे हैं और सात तकनीकी सत्रों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान ने कहा कि बेहतर विश्व के निर्माण के लिए भारत ने आत्मनिर्भर भारत की पहल की है। उन्होंने कहा कि भारत पहले भी विश्वगुरु रहा है और आज फिर उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और वैश्विक समस्याओं के समाधान के




लिए बेहतर सोच विकसित करने की आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।

उन्होंने अंतर्विषयक शोध और शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सभी विषयों को एक सूत्र में जोड़कर विश्व में शांति और सहयोग के साथ विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. योगेंद्र सिंह ने कहा कि भारत सदियों से "वसुधैव कुटुम्बकम्" की अवधारणा पर चलता आया है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमेशा समावेशी और सतत विकास की सोच पर आधारित रही है। मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम ने कहा कि "सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास" का मंत्र आत्मनिर्भर भारत के समावेशी और सतत विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मोहम्मद नजीर अख्तर ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अकादमिक जगत की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. डॉ. पार्थ सारथी के निर्देशन और डॉ. अमृतेंदु घोषाल के संपादन में प्रकाशित मगध विश्वविद्यालय की पीयर रिव्यूड शोध पत्रिका "प्रतिभा सृजन" का विमोचन किया गया। साथ ही हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ. उमाशंकर सिंह द्वारा संपादित डॉ. कृष्णदेव मिश्र की कहानियों का संकलन "दरारों के बीच झांकता सच" का भी लोकार्पण किया गया। मंच संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता सिंह और अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतेंदु घोषाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. उमाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी, डॉ. सत्येंद्र प्रजापति, डॉ. अली हसन, डॉ. कामता प्रसाद, डॉ. सनत कुमार शर्मा, डॉ. गोपाल सिंह, प्रो. परमांशी जयदेवा, डॉ. शंकर लाल सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थी, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के पहले दिन दो समानांतर तकनीकी सत्रों के साथ ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुतियां भी हुईं। दूसरे दिन भी निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

## गुरारू में धान से लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक बाल-बाल बचा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गुरारू, गया।** गुरारू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे एक सड़क हादसा हो गया। बगड़ीहा मोड़ के पास धान से लदा एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर पर लदा सारा धान सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के अनुसार सड़क पर कीचड़ और गड्ढे होने के कारण ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक सुरक्षित बच गया। उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। यदि ट्रैक्टर सड़क के बीच पलटता या आसपास भीड़ होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## मगध विश्वविद्यालय का निर्देशः सामान्य पाठ्यक्रमों में एससी/ एसटी और सभी छात्राओं से नहीं लिया जाएगा नामांकन शुल्क

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सामान्य पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सभी छात्राओं से नामांकन के समय किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस संबंध में सभी विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने को कहा गया है। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के छात्र कल्याण अध्यक्ष (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय की ओर से जारी स्मार-पत्र में कहा गया है कि यह व्यवस्था बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के 24 जुलाई 2015 के संकल्प के तहत पहले से लागू है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय को कई महाविद्यालयों से शिकायतें मिली




थीं कि नामांकन के दौरान छात्रों से शुल्क लिया जा रहा है। कुछ छात्र-छात्राओं ने सीधे कुलपति कार्यालय में आवेदन देकर भी इसकी शिकायत की थी।

शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन सक्रिय हुआ। कुलपति के आदेश पर पहले भी इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी। अब पुनः स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया है कि विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों की ओर से जारी नामांकन शुल्क से संबंधित सभी पुराने अधिसूचनाएं तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। स्मार-पत्र में कहा गया है कि कला स्नातक (बी.ए.), विज्ञान स्नातक (बी.एससी.), वाणिज्य स्नातक (बी.कॉम) के साथ-साथ कला स्नातकोत्तर (एम.ए.), विज्ञान स्नातकोत्तर (एम.एससी.) और वाणिज्य स्नातकोत्तर (एम.कॉम) जैसे सामान्य पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों और सभी छात्राओं से नामांकन के समय कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसे सरकार के निर्देश का अनिवार्य पालन बताया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि नामांकन शुल्क की क्षतिपूर्ति राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग से पत्राचार किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि कहीं से शुल्क लिए जाने की शिकायत मिलती है, तो जांच के बाद संबंधित छात्रों को राशि वापस कराने की कार्रवाई की जाएगी। मगध विश्वविद्यालय ने सभी विभागों और महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि इस आदेश को अत्यंत आवश्यक मानते हुए तुरंत लागू किया जाए, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सरकार की नीति का सही तरीके से पालन सुनिश्चित हो सके।

## मापी की तारीख मिली, लेकिन अमीन नहीं पहुंचीं, बांकेबाजार अंचल में किसानों ने उठाए भ्रष्टाचार के सवाल

मापी की डेट तय, किसान दिनभर इंतजार में... अमीन नहीं पहुंचीं; मनमानी और भ्रष्टाचार के आरोप



नापी के लिए जारी तिथि की प्रतिलिपि दिखाते पीड़ित अजय कुमार सिन्हा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज।** बांकेबाजार प्रखंड के अंचल कार्यालय में भूमि मापी को लेकर गंभीर अनियमितता और लापरवाही का मामला सामने आया है। भूमि मालिक ने अंचल प्रशासन पर मनमानी और किसानों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बांकेबाजार अंचल में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता और भूमि मापी जैसे मामलों में भी अनियमितता आम बात बन गई है। मामला बांकेबाजार अंचल के मौजा खैरा से जुड़ा है, जहां भूमि मालिक अजय कुमार सिन्हा (पिता – बिंदेश्वरी सिन्हा) ने अपनी जमीन की मापी के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन दिया था। भूमि का विवरण खाता संख्या 53, प्लॉट संख्या 39, कुल रकबा 36.5 डिसमिल बताया गया है। अंचल कार्यालय द्वारा भूमि मापी की तिथि 13 मार्च 2026 निर्धारित की गई थी और मापी की जिम्मेदारी अंचल अमीन अनुशंसा कुमारी को सौंपी गई थी। इस संबंध में पीड़ित अजय कुमार सिन्हा के बताया कि मापी से एक दिन पहले अंचल अमीन ने उन्हें फोन कर कहा था कि अगले दिन सभी जरूरी कागजात के साथ स्थल पर मौजूद रहें, क्योंकि जमीन की मापी की जाएगी। इसके बाद वे सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खेत पर दस्तावेजों के साथ इंतजार करते रहे, लेकिन अमीन मौके पर नहीं पहुंचीं। अजय कुमार सिन्हा का आरोप है कि कई बार फोन करने के बाद जब अमीन ने कॉल उठाया तो उन्होंने कहा कि "आपकी जमीन की मापी नहीं हो सकती, क्योंकि आपके कब्जे में भूमि नहीं है।"इस पर पीड़ित ने बताया कि उक्त जमीन पर वर्षों से खेती होती रही है और उस पर सरकारी योजनाओं का लाभ भी मिलता रहा है। उन्होंने बताया कि यह जमीन उन्होंने वर्ष 2003 में रामचंद्र महतो से विधिवत केवाला के माध्यम से खरीदी थी, जिसके बाद जमीन का मोटेशन भी हो चुका है और नियमित रूप से सरकारी रसीद भी कटती रही है। अजय कुमार सिन्हा का यह भी आरोप है कि वे पिछले कुछ वर्षों से रायपुर में रहते हैं, जिसका फायदा उठाकर कुछ स्थानीय भूमि माफिया और अंचल कर्मियों की मिलीभगत से उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि बांकेबाजार क्षेत्र में एक प्रभावशाली भूमि माफिया सक्रिय है, जो किसानों पर दबाव बनाकर उनकी जमीन औने-पौने दाम में खरीदने की कोशिश करता है। इस पूरे मामले की शिकायत बिहार के उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा से भी की गई है। पीड़ित ने बताया कि अब उन्हें एक बार फिर सभी कागजात के साथ अंचल कार्यालय बुलाया गया है।

इधर, बांकेबाजार अंचल क्षेत्र के कई किसानों और स्थानीय लोगों ने भी अंचल कार्यालय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता और कई मामलों में अनियमितता की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अंचल कर्मियों और संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों के साथ हो रहे अन्याय पर रोक लग सके। बताया जा रहा है कि बांकेबाजार अंचल से जुड़े कई अन्य मामलों का भी जल्द खुलासा हो सकता है।

# गया के बिसार तालाब में जदयू के नए कार्यालय का उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया शहर के बिसार तालाब क्षेत्र में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नए कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय पटना प्रभारी चंदन सिंह ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन को मजबूत करने और पार्टी के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में चंदन सिंह ने कहा कि नया कार्यालय संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। उन्होंने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा को दी गई जिम्मेदारी का उल्लेख करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गया जिले में जदयू संगठन और मजबूत होगा।

चंदन सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग और समर्पण से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जदयू हमेशा विकास और जनसेवा की राजनीति में विश्वास करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस उद्घाटन समारोह में मनोरमा देवी भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि जदयू




हमेशा विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में काम करती रही है तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम में युवा गया महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल, पूर्व सांसद विजय मांझी, सतीश पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के विकास के विजन के अनुरूप संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी और इसके लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया जाएगा।

# नालंदा में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**बिहारशरीफ में 12 और हिलसा में 9 बेंच का गठन, जिले में कुल 18 हजार मामले चिन्हित**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में आमजन को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से आगामी 14 मार्च को वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सुलह योग्य विवादित मामलों का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए बिहारशरीफ कोर्ट परिसर में 12 और हिलसा में 9 विशेष बेंचों का गठन किया गया है। जहां न्यायाधीश और पैनल अधिवक्ता मामलों की सुनवाई करेंगे।

**18 हजार मामले चिन्हित, बैंकिंग क्षेत्र की प्रधानताः** प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव ने बताया कि इस बार कुल 18,000 मामलों को चिन्हित किया गया है। इनमें सबसे अधिक संख्या बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े विवादों की है, जिसके करीब 11,000 मामलों की




सूची तैयार की गई है। इसके अलावा बिजली बिल, वैवाहिक विवाद और अन्य सुलहनीय आपराधिक मामलों का भी निपटारा होगा। अगर किसी पक्षकार को नोटिस नहीं मिला है, लेकिन दोनों पक्ष समझौते के लिए तैयार हैं, तो वे भी लोक अदालत में आकर अपने मामले का त्वरित निष्पादन करा सकते हैं।

**न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं की टीम तैनातः** लोक अदालत के प्रत्येक बेंच में एक जज और एक पैनल अधिवक्ता को नियुक्त किया गया है। इन बेंचों में सेशन जज संजीव कुमार सिंह, रणविजय कुमार, रोहन रंजन, अभय सिंह, सूरज प्रकाश, शत्रुंजय कुशवाहा, अनुराग गौरव, रोहित कुमार वर्मा, राजा शाह, कुमारी सुलोचना, सनी गौरव और आकांक्षा आनंद सुनवाई करेंगे। उनके सहयोग के लिए शंभू कुमार, प्रमोद कुमार, रवि प्रकाश सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।

# नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल, विशेषज्ञों ने पुराने भारत के बौद्धिक गौरव पर चर्चा की, कलाकारों ने कैनवास पर इतिहास को जीवंत किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** ऐतिहासिक नगरी नालंदा में आयोजित 'नालंदा इंटरनेशनल लिटरेचर फेस्टिवल' के अलग-अलग सत्रों में भारतीय ज्ञान परंपरा, कलात्मक अभिव्यक्ति और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा संगम देखने को मिला। आयोजन के दौरान जहां विशेषज्ञों ने प्राचीन भारत के बौद्धिक गौरव पर मंथन किया, वहीं कलाकारों ने कैनवास पर इतिहास को जीवंत किया।

**भारतीय ज्ञान परंपरा, शास्त्रों से भविष्य की ओरः** प्रथम सत्र में 'प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा' पर गहन चर्चा हुई। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने कहा कि हमारी परंपरा शास्त्रार्थ, तर्क और स्याद्वाद जैसे सिद्धांतों से विकसित हुई है, जिसे गुरुकुलों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित किया गया। पूर्व




प्रेस सचिव अजय सिंह ने जोर देकर कहा कि अतीत के गौरव में डूबे रहना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि नालंदा की मूल भावना को वर्तमान में पुनर्जीवित करना अनिवार्य है, ताकि भारत ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभा सके। डॉ. कविता शर्मा ने महाभारत के प्रसंगों के जरिए जीवन के नैतिक मूल्यों और सही निर्णय लेने की कला पर प्रकाश डाला। चिंतक मनुदास ने निष्कर्ष दिया कि यह विरासत केवल ग्रंथों तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे आचरण और जीवन-मूल्यों में रची-बसी है।

**लाइव पेंटिंग, कैनवास पर उतरीं महान विभूतियांः** दूसरा सत्र पूरी तरह लाइव पेंटिंग को




समर्पित रहा, जिसका उद्घाटन ट्रांसजेंडर समुदाय की डॉ. भारती और सलमा चौधरी ने किया। सलमा चौधरी के प्रयासों से ही देश में पहली बार साझा शौचालयों का निर्माण संभव हुआ है। परिधि आर्ट ग्रुप के सहयोग से आयोजित इस सत्र में पटना कॉलेज ऑफ आर्ट्स के छात्रों—अमन अयाज, प्रियांशु कुमार, सुमित कुमार, ज्योति चौरसिया और टीना यादव ने अपनी कूची से आर्यभट्ट और आचार्य चाणक्य जैसे महापुरुषों को चित्रित कर नालंदा के वैश्विक योगदान को प्रदर्शित किया।

**पेनिंग ग्रीफः दुःख को मिली रचनात्मक अभिव्यक्तिः** तीसरे सत्र में "पेनिंग ग्रीफः अनुभव से अभिव्यक्ति तक" विषय पर संवेदनशील संवाद हुआ। प्रख्यात लेखिका डॉ. नीना वर्मा ने अपनी पुस्तकों का हवाला देते हुए कहा कि शोक केवल पीड़ा नहीं, बल्कि आत्मिक समझ की एक 'पवित्र तीर्थयात्रा' है।

कवयित्री गगन गिल ने साझा किया कि बिछड़ने का गहरा दुख समय के साथ सहना आ जाता है और यही संवेदना साहित्य में रचनात्मक रूप ले लेती है। दोनों वक्ताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि एक सच्चा लेखक अपने भीतर के निजी दुखों को शब्दों में ढालकर उसे व्यापक मानवीय संवेदना में बदल देता है। यह उत्सव न केवल संवाद का माध्यम बना, बल्कि इसने भारतीय ज्ञान की समृद्ध विरासत को नए संदर्भों में समझने का अवसर भी प्रदान किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## मां दुर्गा के आगमन को लेकर लोग ने अपने-अपने घरों में तैयारियों में जुटे

**सासाराम / रोहतास** : चैती नवरात्रि को लेकर रोहतास जिले के मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है । मां दुर्गा के आगमन को लेकर लोग अपने-अपने घरों में तैयारियों में जुट गए हैं । नवरात्रि को लेकर घरों की साफ-सफाई,पूजा स्थलों को व्यवस्थित करने और सजाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है । श्रद्धालु अपने घरों के मंदिर और पूजा स्थलों की विशेष रूप से सफाई कर रहे हैं । कई परिवारों में दीवारों और पूजा कक्ष को साफ- सुथरा कर उसे सजाने की तैयारी की जा रही है ताकि नवरात्रि के पहले दिन विधि-विधान के साथ पूजा- अर्चना की जा सके । घरों में पूजा स्थान को व्यवस्थित करने के साथ ही कलश स्थापना के लिए भी विशेष जगह तैयार की जा रही है । वहीं कई घरों में नवरात्रि के दौरान अखंड ज्योति जलाने और नियमित पूजा- पाठ करने को लेकर भी व्यवस्था की जा रही है । लोग पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ अपने घरों को पवित्र और स्वच्छ बनाने में लगे हुए हैं । परिवार के सभी सदस्य मिलकर घरों को व्यवस्थित करने और पूजा स्थल को सजाने का कार्य कर रहे हैं ।ग्रामीण क्षेत्रों में भी नवरात्रि को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है । लोग अपने घरों के आंगन,बरामदे और पूजा स्थलों की साफ-सफाई कर रहे हैं ताकि नवरात्रि के दौरान घर में धार्मिक और पवित्र वातावरण बना रहे । चैती नवरात्रि के आगमन को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में भक्ति का माहौल बनने लगा है । श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मां दुर्गा के स्वागत की तैयारी में जुटे हुए हैं, जिससे घर-घर में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है ।

## बिजली चोरी के खिलाफ अभियान तेज, दो मील संचालकों समेत 12 घरेलू परिसर पर प्राथमिकी

**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिजली चोरी की रोकथाम एवं बिलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय एसटीएफ के अधिकारियों एवं कनीय विद्युत अभियंताओं की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी की गई। जांच के दौरान कुछ उपभोक्ताओं को मीटर बाईपास कर तथा अवैध तरीके से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। अभियान के दौरान संझौली प्रखंड के चवरियां निवासी एवं मील संचालक संतोष कुमार पिता-बंगाली सिंह पर 224222 का जुर्माना लगाया गया। वहीं दिनारा प्रखंड के लहेरी गांव में राजा राम सिंह पर 15840, नजमा बेगम पर 10738, सुमन कुमार गुप्ता पर 16124, चंद्रभूषण सिंह पर 52082 तथा बिक्रमा सिंह पर 16124 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त सूर्यपुरा प्रखंड के कैलानी गांव में कुछ उपभोक्ताओं का कनेक्शन बकाया राशि के कारण पूर्व में काट दिया गया था, लेकिन बिना बकाया राशि एवं री-कनेक्शन शुल्क जमा किए अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पाए गए। इस मामले में विद्यानंद पाण्डेय पर 40108, गोविन्द पाण्डेय पर 34391, बबन पाण्डेय पर 40177, मुरलीधर पाण्डेय पर 25622, बालाजी पाण्डेय पर 47608 तथा मनोज कुमार पर 48273 का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा बालकिशोर सिंह को मीटर बाईपास के मामले में 41041 का जुर्माना किया गया। वहीं चवरियां गांव के ही मील संचालक रवि कुमार पिता-रविंद्र सिंह पर बिना वैध विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली उपयोग करने के आरोप में 178681 का जुर्माना लगाया गया। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज ने बताया कि गठित टीम द्वारा मौके पर ही अवैध कनेक्शन हटाते हुए संबंधित उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई तथा विभागीय नियमानुसार जुर्माना निर्धारित किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग द्वारा आगे भी लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें तथा समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान करें, ताकि निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस जांच अभियान में एसटीएफ के अधीक्षण अभियंता नवीन कुमार, सहायक अभियंता (राजस्व) समरजीत कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मी भी उपस्थित थे।

## पुलिस ने एक एनबीडब्ल्यू वारंटी को किया गिरफ्तार,भेजा जेल

**काराकाट / रोहतास** : काराकाट पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नान्हों निवासी लल्लू राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था । जिसे गिरफ्तार कर भेजा गया जेल ।

## बाइक चोरी मामले में एक अभियुक्त गया जेल

**बिक्रमगंज / रोहतास** : नटवार पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना में पूर्व से दर्ज कांड संख्या 161/25 के तहत राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसुम्हरा निवासी मुन्ना पासवान को अकोढ़ी गोला से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने पूर्व में ही चोरी किए गए बाइक को बरामद कर ली थी ।

## शराब के नशे में धुत दो युवको को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**डेहरी (रोहतास)।** रोहतास जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र के टड़वा गांव के समीप मुख्य सड़क पर दो युवकों के द्वारा शराब पी कर नशे की हालत में हंगामा करने का मामला प्रकाश माया है। इस मामले में गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए आज आयर कोठा थाना अध्यक्ष शिवम कुमार ने बताया कि लोगों के द्वारा सूचना मिली कि दो युवक शराब पीकर आयर कोठा नासरीगंज मुख्य मार्ग के बीच टड़वा गांव के समीप मुख्य मार्ग पर शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। दोनों युवकों को पड़कर थाने लाया गया तथा जांच के क्रम में शराब पीने की पुष्टि हुई। दोनों एक की पहचान अनिल कुमार सिंह ग्राम मानपुर मिल्की बिक्रमगंज तथा धर्मेंद्र खान ग्राम पिरो भोजपुर के रहने वाले के रूप में हुई। दोनों युवकों की शराब पीने की पुष्टि होने पर माननीय न्यायालय सासाराम को सुपुर्द कर दिया गया।

## सोन नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद




**डेहरी (रोहतास)।** बताते चले की दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत दरिहट गांव स्थित सूर्य मंदिर के पूर्व दिशा में सोन नदी में आज दिन शुक्रवार दोपहर 01:00 बजे ग्रामीणों ने अज्ञात व्यक्ति का शव देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने दरिहट थाने की पुलिस को दि। मौके पर दरिहट थाने की पुलिस पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। इस संबंध में दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि शव अज्ञात व्यक्ति का है और ऐसा लग रहा कि शव पुराना है चेहरा पहचान पाना मुश्किल है अज्ञात शव की उम्र लगभग 36 वर्ष की है उक्त व्यक्ति ने ब्लू रंग का जींस तथा चेकदार फुल टीशर्ट पहन रखा है। शव की पहचान को लेकर के आसपास के थानों में तथा वरीय अधिकारियों को सूचना दे दी गई है तथा शव की पहचान और पोस्टमार्टम को लेकर के सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील कि अगर शव की पहचान करनी हो या कुछ सूचना हो तो सासाराम सदर अस्पताल या स्थानीय थाने से संपर्क कर सकते हैं।

# काराकाट में दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक-युवती बाल-बाल बचे

## घड़रोज और गिट्टी बिखरी बनी दुर्घटना का कारण

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**काराकाट / रोहतास** । थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एनएच-120ए पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक और एक युवती बाल-बाल बच गए। दोनों घटनाओं में सड़क पर घड़रोज और गिट्टी बिखरे होने की वजह से बाइक स्लिप हो गईं, जिससे घायलों को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए गोडारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। पहली घटना मोथा पेट्रोल पंप के समीप बिक्रमगंज-नासरीगंज मार्ग पर हुई।

गोडारी की ओर जा रहे अमराई विहिया निवासी राजेंद्र चौधरी के 20 वर्षीय पुत्र मुन्ना चौधरी की बाइक पर अचानक मुख्य सड़क पर घड़रोज आ गया। इससे बाइक स्लिप हो गई और मुन्ना सड़क से दूर फेंक दिए गए। उन्हें दाएं हाथ में गंभीर चोट के साथ छाती के दाएं हिस्से में भी भारी चोट लगी है। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दूसरी घटना गोडारी मुख्य सड़क के बीच बाजार में घटी। ग्रामीण बैंक से लौट रही एक युवती रिमझिम कुमारी और उसके भाई प्रियांशु कुमार की बाइक सड़क के आधे भाग पर बिखरी गिट्टी से फिसल गई। प्रियांशु को हल्की चोटें आईं, लेकिन रिमझिम को गिट्टी की ओर फेंके जाने से सिर में चोट लग गई।

प्रियांशु ने बताया, "सड़क के बीच में गिट्टी बिखरी हुई थी, जो प्रशासन की लापरवाही है। इसी से हमारा एक्सीडेंट हुआ और बहन को चोट आई।"दोनों हादसों के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल गोडारी पीएचसी ले जाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया और खतरे से बाहर बताया। फिलहाल दोनों का इलाज जारी है। इन घटनाओं ने एनएच-120ए पर सड़क रखरखाव में नगर पंचायत काराकाट की कमी को उजागर किया है, जहां निर्माण सामग्री बिखरे होने से राहगीरों का जान का खतरा बना हुआ है। बताते चलें कि गोडारी मुख्य बाजार नगर पंचायत काराकाट के अंतर्गत आता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर नियमित रखरखाव न होने से गिट्टी बिखरी रहती है, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। एक ग्रामीण ने कहा, "नगर पंचायत को सड़क साफ-सफाई और मरम्मत का ध्यान रखना चाहिए। ऐसी लापरवाही से बड़े हादसे हो सकते हैं।" पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है।

# शुक्रवार को एसडीएम प्रभात कुमार द्वारा जनता दरबार का आयोजन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को एसडीएम प्रभात कुमार द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया । इस मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों से बड़ी संख्या में लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे । जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था । जनता दरबार में कुल 94 शिकायतें दर्ज की गई । इसमें भूमि विवाद से संबंधित 8 मामले,राशनकार्ड से जुड़ी 71 शिकायतें और अन्य 15 विभिन्न प्रकार की समस्याएं शामिल थीं । फरियादियों ने अपने मुद्दों को खुलकर रखा और एसडीएम ने सभी की बात ध्यानपूर्वक सुनी । एसडीएम प्रभात कुमार ने शिकायतों के गंभीरता के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी । इस अवसर पर उपस्थित लोग प्रशासनिक व्यवस्था और लोगों की सुनवाई की प्रक्रिया से संतुष्ट दिखे । जनता दरबार ने यह साबित किया कि सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और उनके मुद्दों को तुरंत हल करना प्रशासन की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है ।अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण निर्धारित समयसीमा में किया जाएगा और जनता को उनके समाधान की जानकारी समय-समय पर दी जाएगी।

# अतिक्रमण नोटिस पर करगहर बाजार में बवाल, समय सीमा के बाद भी कार्रवाई नहीं

## दुकानदारों ने उठाए सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**करगहर (रोहतास)।** करगहर बाजार में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन द्वारा जारी किए गए नोटिस के बाद बाजार में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन की ओर से जारी नोटिस में दुकानदारों को 11 मार्च तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था तथा यह भी कहा गया था कि जो दुकानदार निर्धारित समय सीमा तक अपना अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनका अतिक्रमण 12 मार्च को प्रशासन द्वारा हटाया जाएगा।

बताया जाता है कि नोटिस मिलने के बाद कुछ दुकानदारों ने प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए अपने-अपने दुकान के आगे का अतिक्रमण स्वयं हटा लिया। वहीं कई दुकानदारों ने अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया है। इसके बावजूद 12 मार्च को भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से बाजार में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

इसको लेकर कुछ दुकानदार प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन ने सख्त चेतावनी के साथ समय सीमा तय की थी, लेकिन तय तिथि बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। इससे उन दुकानदारों में नाराजगी है जिन्होंने निर्देश का पालन करते हुए अपने दुकान के सामने का हिस्सा हटा लिया, जबकि कई दुकानदार अब भी उसी स्थिति में हैं।

दुकानदारों का कहना है कि यदि प्रशासन को अतिक्रमण हटाना है तो सभी के साथ एक समान और स्पष्ट कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं बाजार के अन्य व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को पहले बाजार की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए, ताकि किसी भी दुकानदार को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इधर इस पूरे मामले को लेकर करगहर बाजार में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा और कई दुकानदार प्रशासन की अगली कार्रवाई का इंतजार करते नजर आए।

# 15 मार्च को सवर्ण समाज निकलेगा चेतना रैली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**डेहरी (रोहतास)।** बताते चले की 15 मार्च दिन रविवार को यूजीसी क़ानून के खिलाफत मे सवर्ण समाज जन चेतना रैली नकालेगा इसकी जानकारी मोर्चा के अध्यक्ष ने दिया, ज्ञात हो की 11 मार्च दिन बुधवार को शहर के नील कोठी मुहल्ला स्थित चन्द्र वाटिका के सभागार मे राष्ट्रीय स्वर्ण कल्याण मोर्चा की एक अहम बैठक अध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता मे हुई, इस बैठक में अपने बातो को रखते हुये अध्यक्ष ने बताया की हम भारत सरकार द्वारा बनाये गये यूजीसी क़ानून जो की हम पुरे देश में करीब 15 प्रतिशत लोगों के विरुद्ध जान पड़ता है उसकी पुरी खिलाफत करते है और इसके लिए हम भारत सरकार जिसमे विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व धर्मेंद्र प्रधान जोकि अपने राजनितिक लाभके लिए हमारे भविष्य युवा पीढ़ी को लगभग गुनहगार बनाने के मक्शद से ऐसे काले क़ानून हमपर युही थोप देना चाहते चाहते है है तो हम उन्हें अपने मोर्चा के माध्यम से यह खुला चेतावनी

देना चाहते है की हम ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे और उनका पुरजोर विरोध करेंगे और यह विरोध तब-तक जारी रहेगा जब-तक ऐसे क़ानून रद्द नही हो जाते है, आगे उन्होंने बताया की आगामी 15 मार्च दिन रविवार को अपने बैनर तले हम पुरे शहर मे जन चेतना रैली निकालेंगे और सरकार को मजबूर करेंगे की वे अपने क़ानून को वापस ले, मोर्चा के राजन राज व मनीषा दुबे ने भी अपने विचार को रखते हुये कहा की वे किसी भी सही क़ानून के खिलाफ नहीं है पर वैसे क़ानून का विरोध करते है जो युवा पीढ़ी के भविष्य को अंधकारमय बना देने को सशंकित करती हो और वे किसी भी हाल में ऐसा नही होने देंगे । इस बैठक में शामिल लोगों ने संपर्क अभियान चलने प्रचार प्रसार पर जोड़ देने का निर्णय लिया। इस बैठक में मुख्य रूप से ब्रह्मेश्वर नाथ उर्फ काली बाबू, मोनू पाण्डेय, , सम्राट सिंह उर्फ सोनू, राजेश पाण्डेय, पंकज ओझा, अनिल मिश्रा के साथ अन्य मौजूद थे।

# अनुमंडल कार्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** : बिहार सरकार द्वारा अग्नि आपदा से बचाव को लेकर चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर में अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) प्रभात कुमार ने की । इस दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों व कर्मियों ने आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के तरीकों का जीवंत प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया ।मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन टीम ने काल्पनिक आगजनी की स्थिति उत्पन्न कर यह दिखाया कि आग लगने पर किस तरह त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे फैलने से रोका जाता है । साथ ही आग बुझाने वाले उपकरणों के सही उपयोग,लोगों को सुरक्षित स्थान तक निकालने की प्रक्रिया तथा आपदा के समय संयम बनाए रखने के तरीकों की भी जानकारी दी गई । ड्रिल को देखने के लिए अनुमंडल कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।इस अवसर पर एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि अग्नि दुर्घटनाएं अक्सर छोटी-छोटी लापरवाहियों के कारण बड़ी आपदा का रूप ले लेती हैं । उन्होंने कहा कि ऐसे मॉक ड्रिल का उद्देश्य लोगों में जागरूकता पैदा करना और आपात स्थिति में सही तरीके से कार्रवाई करना सिखाना है । उन्होंने सभी कार्यालयों,संस्थानों तथा आम नागरिकों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा के नियमों का पालन करें और किसी भी आपदा की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लें। उन्होंने कहा कि समय पर सही कदम उठाकर बड़े नुकसान को रोका जा सकता है। वहीं अनुमंडलीय अग्निशमन अधिकारी अवध कुमार दास ने कहा कि गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए इस समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है । उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों को यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर सबसे पहले क्या करना चाहिए,किस प्रकार अग्निशमन यंत्र का प्रयोग किया जाता है और किस तरह कम समय में आग पर काबू पाया जा सकता है । उन्होंने लोगों से अपील की कि बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें,गैस सिलेंडर व ज्वलनशील पदार्थो के प्रति सावधानी बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें । कार्यक्रम के दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार समेत अनुमंडल मुख्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं अग्निशमन विभाग से अजय कुमार सिंह,राजीव कुमार, कृष्णा कुमार, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार देव, चंद्रदेव कुमार, संजय कुमार, प्रियंका कुमारी, आशालता कुमारी, निधि कुमारी सहित कई कर्मी उपस्थित रहे ।

# अनधिकृत अलार्म चैन पुलिंग पर 47 मामले दर्ज




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल ने अनधिकृत अलार्म चैन पुलिंग (ACP) के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया है। 1 मार्च से 11 मार्च, 2026 के बीच चले इस अभियान में 47 मामले दर्ज किए गए और 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इन दोषियों से रेलवे अधिनियम 141 के तहत कुल 8600 का जुर्माना भी वसूला गया है। यह कार्रवाई मंडल के विभिन्न रेलखंडों और स्टेशनों पर प्रभावी ढंग से की गई। मंडल प्रशासन का मुख्य उद्देश्य रेल यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और समय पर सुनिश्चित करना है। अनधिकृत ACP से न केवल ट्रेनों के संचालन में देरी होती है, बल्कि यह यात्रियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करता है।

यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक के मार्गदर्शन में रेल सुरक्षा बल (RPF), वाणिज्य विभाग और परिचालन विभाग के संयुक्त प्रयासों से सफल रहा। सोनपुर मंडल ने स्पष्ट किया है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल अनुशासन बनाए रखने के लिए भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। यात्रियों से अपील की गई है कि वे केवल आपातकालीन स्थितियों में ही अलार्म चैन का उपयोग करें। इससे सुरक्षित, सुगम और समयबद्ध रेल सेवाएं सुनिश्चित की जा सकेंगी।

# आमजन को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना जरूरी-डीएम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली में अग्निकांड से बचाव और जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने संयुक्त रूप से इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गृह रक्षक महिला कर्मियों ने भाग लिया। रैली के साथ अग्निशमन विभाग का उपकरणों से सुसज्जित वाहन भी मौजूद था। जिला पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में, विशेषकर 15 अप्रैल के बाद, आग लगने की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है। पिछले वर्ष जिले में लगभग 192 अग्निकांड दर्ज किए गए थे, जिनसे न केवल संपत्ति बल्कि जानमाल का भी नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में आमजन को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। डीएम ने स्पष्ट किया कि यह साइकिल रैली अग्नि सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेशों को आम लोगों तक पहुंचाने की एक शुरुआत है। लगभग 11 किलोमीटर लंबी इस रैली के दौरान विभिन्न स्थानों पर जागरूकता संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रतिभागियों के लिए पेयजल और ओआरएस की व्यवस्था भी की गई थी, ताकि वे सुरक्षित रूप से अभियान को आगे बढ़ा सकें।



उन्होंने आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की। इसमें पेट्रोल पंप के आसपास सतर्कता, सिगरेट या किसी भी प्रकार की चिंगारी से संभावित खतरे के प्रति सचेत रहना, तथा कचरा जलाने से बचना शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी-छोटी लापरवाहियां कई बार बड़ी अग्निकांड की घटनाओं का कारण बन जाती हैं। जिला पदाधिकारी ने जन-सहभागिता के माध्यम से व्यापक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों से गर्मी में सतर्क रहने, घरों और खेतों के आसपास अनावश्यक रूप से कचरा या पराली न जलाने, ज्वलनशील पदार्थों के पास धूम्रपान से परहेज करने और बिजली के उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने का आग्रह किया। किसी भी अग्निकांड की स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग या स्थानीय प्रशासन को सूचित करने की भी अपील की गई, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

जिला पदाधिकारी ने अग्निशमन विभाग की पूरी टीम तथा बड़ी संख्या में भाग ले रही महिला गृह रक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर चलाए जाने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आग से बचाव के संबंध में व्यापक रूप से जागरूकता फैलायी जाए, क्योंकि अधिकांश आगलगी की घटनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में ही होती हैं। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कमांडेंट गृह रक्षक वाहिनी वैशाली, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सहित अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यह साइकिल रैली नगर परिषद हाजीपुर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हुए लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर विभाग के भवन का शिलान्यास

**भागलपुर**। बरारी स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आयकर विभाग के नए कार्यालय और आवासीय परिसर के निर्माण का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जयंत मिश्र, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (बिहार एवं झारखंड) पटना ने शिलालेख का अनावरण कर निर्माण कार्य की नींव रखी। इस अवसर पर श्री मिश्र ने विभागीय कार्यालय का नामकरण कौटिल्य भवन तथा आवासीय परिसर का नाम अंगिका आवास किया। कार्यक्रम में पटना के अपर आयकर आयुक्त रंजीत कुमार मधुकर, भागलपुर के अपर आयकर आयुक्त अश्विनी कुमार सिंघाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### बुनियाद केंद्र में सीएससी सुविधाएं शुरू

**पीरपैंती**। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बुनियाद केंद्र में कॉमन सर्विस सेंटर का शुभारंभ गुरुवार से शुरू हुआ। उद्घाटन प्रमुख रश्मि कुमारी, बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने किया। अब वृद्ध, दिव्यांग, विधवा को ऑनलाइन सेवाओं की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलेंगी। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन धारियों का जीवित प्रमाण पत्र, बैट्री चालित ट्राईसाइकिल और कृत्रिम अंग के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे।

### इंटर कॉलेज महिला क्रिकेट की तैयारी तेज

**भागलपुर**। मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आगामी इंटर कॉलेज महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से क्रीड़ा परिषद की अध्यक्षा डॉ. स्वस्तिका दास को टूर्नामेंट का आयोजन सचिव नियुक्त किया गया। वहीं, समाजशास्त्र विभाग की डॉ. जूही सिंह टीम मैनेजर की भूमिका निभाएंगी। प्राचार्य ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए खेल सुविधाओं व अनुशासन पर जोर दिया। बैठक में डॉ. आशुतोष कुमार दत्ता, डॉ. ब्रजभूषण तिवारी, डॉ. संजय कुमार जायसवाल, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. अक्षय रंजन, डॉ. वासुकी कुमार सहित अन्य थे।

### सदर व नवगछिया में भूमि सुधार के प्रधान सहायक का वेतन स्थगित

**भागलपुर**। पंचायत सरकार भवन के लिए जमीन नहीं मिलने, समय से नियंत्री पदाधिकारी को अवगत नहीं कराने पर डीएम ने नाराजगी जतायी है। उनके निर्देश पर भागलपुर सदर व नवगछिया अनुमंडल कार्यालय एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय के प्रधान सहायक का वेतन स्थगित कर दिया गया है। समीक्षा भवन में गुरुवार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया, कई अंचलों में पंचायत सरकार भवन के लिए अभी भी जमीन नहीं मिली है। डीएम ने समय से अपने नियंत्री पदाधिकारी को अवगत नहीं कराने पर भागलपुर सदर एवं नवगछिया अनुमंडल कार्यालय एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय के प्रधान सहायक का वेतन स्थगित कर दिया है। साथ ही संबंधित नियंत्री पदाधिकारी को उन प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप के लिए आठ स्थलों पर जमीन अभी तक नहीं मिली है। डीएम ने इसे अति शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया, पीएम श्री स्कूल योजना के तहत 25 विद्यालयों को चिह्नित किया गया है। इसके लिए जरुरी काम किए जा रहे हैं। 30 विद्यालयों के लिए जमीन अपेक्षित है। जिलाधिकारी ने कहा, यह सब प्रखंड समन्वय समिति की बैठक में क्यों नहीं दिया गया। संबंधित बीईओ से स्पष्टीकरण की मांग की गई। बैठक में डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाहा, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, सीएस डॉ. अशोक प्रसाद व अन्य अधिकारी थे।

### कोसी नदी पर पुल के लिए भूमि अर्जन की अधिघोषणा जारी

**भागलपुर**। भागलपुर में कोसी नदी पर प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल और पहुंच पथ निर्माण परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। जिला भूअर्जन कार्यालय ने नवगछिया अंचल के तेतरी मौजा से संबंधित भूखंड के लिए अधिघोषणा जारी की है। कार्यालय के अनुसार परियोजना के लिए कुल लगभग 0.73 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। अधिघोषणा में बताया गया है कि यह भूखंड मानक माप के अनुसार करीब 0.73 एकड़ है और फतेहपुर मौजा की है।

### बालू के 22 घाटों की बंदोबस्ती के लिए ई-नीलामी होगी

**मुंगेर**। जिले में 22 सफेद बालू गंगा घाटों को लेकर ई-नीलामी यानी बंदोबस्ती की प्रक्रिया 23 मार्च को होनी है। जिले के सभी 22 घाटों के लिए 16 मार्च तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि है। जिला खनिज विकास पदाधिकारी कुमार रंजन ने बताया कि बिहार सरकार के खान एवं भू-विज्ञान विभाग ने मुंगेर जिले के विभिन्न 22 बालू घाटों की अगले 5 वर्षों की बंदोबस्ती के लिए ई-निलामी की अधिसूचना जारी की है। इच्छुक व्यक्ति निविदा दस्तावेज 5 हजार रुपए शुल्क जमाकर केवल ऑनलाइन कर सकते हैं। आवेदन राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 16 मार्च निर्धारित है। वहीं 23 मार्च को 11 बजे से 1 बजे तक ई-निलामी की प्रक्रिया संपन्न होगी। आवेदन में सदर प्रखंड, धरहरा व बरियारपुर प्रखंड के कुल 22 गंगा घाट शामिल हैं। इसमें हेरूदियारा, दोमंठा घाट, भेलवा घाट, दरियापुर, मनियारचक, बरियारपुर काली स्थान, महुली एवं टीकारामपुर, पहाड़पुर क्षेत्र शामिल हैं। बताया जा रहा है कि राज्य में सफेद बालू के कुल 541 घाट हैं, इनमें से केवल 88 घाटों की नीलामी हुई है। गौरतलब है कि खनन विभाग के द्वारा जिले के 22 सफेद बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए पिछले 2 साल में तीन बार निविदा प्रकाशित हुई। जिले में 22 सफेद बालू घाटों की नीलामी से अवैध कारोबार पर रोक लगने की उम्मीद है। इसके साथ ही इससे जुड़े अपराधों पर भी अंकुश लगेगा। नियंत्रित एवं वैज्ञानिक तरीके से बालू उत्खनन होने से नदी पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव कम होंगे। साथ ही आम लोगों को उचित मूल्य पर बालू उपलब्ध होगा और सरकार को भी महत्वपूर्ण राजस्व प्राप्त होगा।

### लाल दरवाजा में घर से पांच कट्टा व कारतूस बरामद

**मुंगेर**। होली पर्व के दौरान लाल दरवाजा मोहल्ले में हुई हवाई फायरिंग की घटना के बाद बिहार पुलिस की कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने पांच देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बताया जाता है कि लाल दरवाजा मोहल्ला निवासी चंदन सहनी द्वारा होली के दौरान हवाई फायरिंग की गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश में मोहल्ले में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच देशी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद किया। सदर डीएसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि आरोपी चंदन सहनी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया है।

### बिना नक्शा भवन निर्माण कराने वाले 52 को नोटिस

**मुंगेर**। नगर निगम प्रशासन से बिना नक्शा पास कराये ही शहर में धड़ल्ले से मकान बनाया जा रहा है। नगर निगम पदाधिकारी ने गुरुवार को ऐसे 10 भवन मालिकों को नोटिस जारी किया है। सिटी मैनेजर मनोज भारती ने बताया कि अबतक 52 ऐसे भवन मालिक को नोटिस नगर निगम प्रशासन की ओर से जारी किया गया है। सभी को भवन से जुड़े कागज कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। सिटी मैनेजर ने बताया कि समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण पाए जाने पर 5,000 रुपए का जुर्माना वसूला किया जाना है। वहीं स्थायी अतिक्रमण यानी पक्का निर्माण या पक्का ढांचा खड़ा करने वालों को 15 दिन की मोहलत दी गई है। इसके बाद भी नहीं हटाने पर 20,000 का जुर्माना लगाया जाएगा।

### अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता 17 से

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय खो-खो (पुरुष) खेल प्रतियोगिता 17 से 18 मार्च तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन आरडी कॉलेज शेखपुरा में सुबह 10 बजे से होगा। विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ. सूरज कोनार ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि में बदलाव करते हुए नई तिथि निर्धारित की गई है। इस टूर्नामेंट में विवि के सभी अंगीभूत और संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। टीमों को 15 मार्च तक अपनी एंट्री सुनिश्चित करनी होगी।

# बालू लोडेड ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



- **बीच सड़क पर 20 फीट तक घसीटा, मौके पर गई जान, विरोध में आगजनी और रोड जाम**

**भागलपुर**। भागलपुर में बालू लोडेड ट्रैक्टर ने एक महिला को रौंद दिया। टक्कर के बाद करीब 20 फीट तक घसीटता रहा, जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने अमरपुर-भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। बीच सड़क पर आगजनी कर जमकर प्रदर्शन किया। मृतका की पहचान उपेंद्र चौरसिया की पत्नी शोभा देवी(37) के तौर पर हुई है। घटना हबीबपुर थाना क्षेत्र के डॉट बाउट चौक से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर की है।

**लोगों ने रोड जाम कर दिया**: जानकारी के मुताबिक 6 महिलाएं ग्रुप लोन का पैसा जमा करने के लिए जा रही थीं। रोड क्रॉस करने के दौरान ट्रैक्टर ने एक महिला की टक्कर मार दी। बाकी महिलाएं सुरक्षित बच गईं। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। विरोध में रोड जाम कर दिया।

**क्षमता से अधिक बालू लोड किया जा रहा है**: स्थानीय निवासी दिलीप ने बताया कि इस रास्ते से रोजाना अवैध बालू लदे ट्रैक्टर गुजरते है। आए दिन इस तरह के हादसे होते रहते हैं। टक्कर के बाद ट्रैक्टर महिला को घसीटते हुए करीब 15 से 20 फीट तक आगे ले गया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**कड़ी कार्रवाई की मांग**: सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोग समझने को तैयार नहीं थे। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम इलाके में कैंप कर रही है।

## घर और दुकान से ढाई सौ से अधिक कालाबाजारी के घरेलू गैस सिलेंडर बरामद

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**अररिया**। जिले के फारबिसगंज में जिला प्रशासन ने गुप्त सूचना पर बीती रात कार्रवाई करते हुए ढाई सौ से अधिक भरा घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किया है। फारबिसगंज पोखर बस्ती वार्ड संख्या 15 अंसारी चौक के पास घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़ प्रशासन ने किया है। ।यहां फारबिसगंज एसडीएम अभय कुमार तिवारी के नेतृत्व में अवर निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश कृष्ण ने फारबिसगंज थाना पुलिस के साथ एक घर और गोदाम बनाकर रखे ताला लगा दुकान से ढाई सौ से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किया। छापेमारी के दौरान मो. इमरान पिता मो. साबिर के घर एवं गोदाम से ढाई सौ से अधिक गैस सिलेंडर बरामद किया गया। प्रशासन का मानना है कि ये सभी सिलेंडर अनाधिकृत रूप से कालाबाजारी के उद्देश्य से भंडारित कर रखा गया था।मौके पर से सभी सिलेंडरों को जब्त क फारबिसगंज थाना भेजा गया है।मो.इमरान पिता मो.साबिर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। मौके पर मौजूद एसडीएम अभय कुमार तिवारी ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने जिला प्रशासन को आम जनता को आश्वस्त किया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की किसी प्रकार की कमी नहीं है।

भागलपुर की रग्बी टीम नवादा के लिए रवाना

## राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लेगी हिस्सा अलग-अलग राज्यों से आएंगे खिलाड़ी

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**भागलपुर**। राज्यस्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भागलपुर की बॉयज़ और गर्ल्स टीम आज नवादा के लिए रवाना हो गई। टीम के रवाना होने के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को लेकर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने पूरी तैयारी की है। तीन दिवसीय राज्यस्तरीय रग्बी प्रतियोगिता 14 से 16 मार्च तक Nawada में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर बिहार की राज्य टीम का चयन भी किया जाएगा, जो आगे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

**दो कोच और दो मैनेजर भी टीम के साथ गए**: भागलपुर से इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बॉयज़ और गर्ल्स टीम के कुल 24 खिलाड़ी नवादा के लिए रवाना हुए हैं। इनके साथ दो कोच और दो मैनेजर भी टीम के साथ गए हैं। टीम के रवाना होने के मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए कई खेलप्रेमी और समाजसेवी मौजूद रहे। समाजसेवी विजय कुमार यादव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में भागलपुर के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। रग्बी टीम के कोच कुणाल कर्ण ने समाजसेवी विजय कुमार यादव और सुबीर मुखर्जी को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर कड़ी मेहनत की है और टीम बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह तैयार है। मौके पर टीम के मैनेजर संदीप कुमार, कोच प्रतीक राज, रोनित राज समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

## अवैध नशे को लेकर मानवाधिकार संगठन ने चलाया जागरूकता अभियान

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



**भागलपुर**। जिले के गोराडीह प्रखंड स्थित विशनपुर जिछो पंचायत में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आर टी आई जागरूकता संगठन भारत के जिला संगठन द्वारा एवं लोदीपुर थाना पुलिस और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शुक्रवार को अवैध नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। सर्वप्रथम इस रैली की शुरुआत लोदीपुर थाना परिसर से की गई। तदनोपरांत यादव टोला, हरिजन टोला से होकर जनसंवाद करते हुए मुस्लिम टोला, कुशवाहा टोला से गुजर कर पुनः थाने पर समाप्त की गई।

मौके पर संगठन के मीडिया प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव विभूति सिंह के साथ साथ रोजगार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष बिहार विकास कुमार, लोदीपुर थाना अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक शिलानाथ सिंह, विशनपुर जिछो पंचायत के मुखिया आशुतोष महलदार, सरपंच दिनेश राम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संगठन के मीडिया प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव विभूति सिंह ने आम जनमानस से अपील किया कि जो भी अवैध सुखे नशे का कारोबार करता है कि आप स्थानीय थाने को सूचित करें। आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और उक्त नशें के सौदागर के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यहां तक कि श्री सिंह ने एक नंबर 9931250649 जारी करते हुए कहा कि आप इस संगठन के नंबर पर भी सूचना दे सकते हैं। वहीं विशनपुर जिछो पंचायत के मुखिया आशुतोष महलदार ने बताया कि पूर्व में भी इस तरह का अभियान चलाया जा चुका है और संगठन के सहयोग से इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट परियोजनाः कटिहार में तेजी से चल रहा काम

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**कटिहार**। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कटिहार सांसद तारिक अनवर को पत्र लिखकर बताया है कि कटिहार जिले के मनिहारी में गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य गंगा तट के बेहतर उपयोग और क्षेत्र के समुचित विकास को बढ़ावा देना है।

**12 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा निर्माणः** कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने तरीक अनवर को पत्र में लिखा है कि मनिहारी गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट का निर्माण लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह परियोजना नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा विकसित की जा रही है।

**63% काम पूरा, शेष कार्य जल्द होगा पूराः** मंत्रालय के अनुसार, मनिहारी गंगा रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य लगभग 63% पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य शीघ्र पूरा किए जाने का प्रस्ताव है। परियोजना पूर्ण होने के बाद इसकी उपयोगिता के अनुसार आगे की विकास योजनाओं पर भी विचार किया जाएगा।

**सांसद अनवर का प्रयास सराहनीयः** प्रवक्ता पंकज तमाखुवाला ने बताया कि तरीक अनवर लगातार कटिहार क्षेत्र के समुचित विकास और गंगा तट के बेहतर उपयोग के लिए केंद्र सरकार के साथ संवाद करते रहे हैं। उनके प्रयासों से इस परियोजना को गति मिली है और जल्द ही इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा।

# मालदा मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर रेलवन ऐप जागरूकता के लिए सप्ताह-व्यापी अभियान

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**भागलपुर**। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा कार्तिक सिंह वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के समग्र पर्यवेक्षण में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा 06 मार्च से पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं बिहार के प्रमुख रेलवे स्टेशनों—मालदा टाउन, साहेबगंज, बरहरवा, तलझारी, राजमहल, भागलपुर, जमालपुर रेलवे स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों पर रेलवन ऐप के प्रति जागरूकता के लिए सप्ताह-व्यापी अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल रेलवे सेवाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें रेलवन ऐप के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करना था, जिससे उन्हें सहज एवं सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त हो सके। अभियान के दौरान यात्रियों को ऐप की विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, लाइव ट्रेन स्थिति की जानकारी, पीएनआर स्टेटस, कोच पोज़िशन देखना तथा रेल मदद के माध्यम से सहायता प्राप्त करना शामिल है। ऐप को एक सरल, सुरक्षित एवं प्रभावी मंच के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो एक ही उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस में विभिन्न रेलवे सेवाओं को एकीकृत करता है, जिससे यात्रियों को अधिक स्मार्ट, तेज़ और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्राप्त होता है।

अभियान के अंतर्गत कुछ ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों के साथ भी विशेष संवाद स्थापित किया गया। इस सप्ताह-व्यापी अभियान में यात्रियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जहाँ विभिन्न स्टेशनों पर लगाए गए अभियान स्टॉलों के माध्यम से यात्रियों ने ऐप डाउनलोड कर पंजीकरण किया। अभियान के दौरान कुल 2,856 यात्रियों ने ऐप इंस्टॉल किया, जिनमें मालदा टाउन में 622, साहेबगंज में 495, भागलपुर में 730 तथा जमालपुर रेलवे स्टेशन पर 1,009 यात्री शामिल हैं, जो अभियान की व्यापक पहुँच और सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है।

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/डब्ल्यू- II, दिनांक 11.03.2026; वरिष्ठ मंडल अभियंता/ I, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए नीचे उल्लेखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं. : टीएन-195-25-26; कार्य का नामः दक्षिणेश्वर में प्लेटफॉर्म सं. 1 एवं प्लेटफॉर्म सं. 2 का 600 मीटर तक विस्तार। निविदा मूल्य : रु. 5,12,95,416.05; ईएमडीः रु. 4,06,500; कार्य समापन अवधि : 9 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 07.04.2026 को 15.00 बजे। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 07.04.2026 को 15.30 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोलियां ऊपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए जमा की जानी चाहिए। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिए जाएंगे। (SDAH-437/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# विक्रमशिला सेतु पर 2 किलोमीटर तक जाम,मिनी ट्रक के खराब होने से परेशानी

**स्कूली बस-एंबुलेंस फंसी, नवगछिया की ओर बड़े वाहनों की नो एंट्री**

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता



भागलपुर में विक्रमशिला सेतु पर एक मिनी ट्रक के खराब होने से भीषण जाम लग गया। पूर्वी बिहार को भागलपुर से जोड़ने वाले इस प्रमुख मार्ग पर दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे भागलपुर और नवगछिया के बीच आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। करीब 2 किलोमीटर तक जाम लगी है। एंबुलेंस, स्कूली बस, ऑटो और सवारी बसें सहित कई आवश्यक सेवा वाहन घंटों जाम फंसे रहे। इस दौरान यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से परेशानी ज्यादा बढ़ गई।

**खराब वाहन के कारण लगा जामः** जाम में फंसे सुशील कुमार ने बताया कि 1 घंटे से ज्यादा हो गया है। जाम में फंसा हूं। विक्रमशिला सेतु पर वाहन खराब होने से पुल पर यातायात धीमा पड़ गया और धीरे-धीरे लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने खराब वाहन को धक्का देकर सड़क किनारे से हटाया।

**सीएम के कार्यक्रम को लेकर मालवाहक वाहनों की नो एंट्रीः** खगड़िया जिले में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के कारण सुरक्षा व्यवस्था के तहत प्रशासन ने नवगछिया की ओर जाने वाले बड़े मालवाहक वाहनों को भागलपुर में ही रोक दिया। जिसके चलते जीरोमाइल से कहलगांव जाने वाली सड़क पर सबौर इलाके में ट्रकों की लंबी कतारें लग गईं।

**जाम हटाने में जुटी पुलिसः** जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचकर जाम हटाने में जुटे हुए हैं। पुलिस धीरे-धीरे वाहनों को आगे बढ़ा रही है, ताकि जाम की स्थिति सामान्य हो सके। करीब 2 किलोमीटर तक वाहनों की लाइन लगी हुई है।

### पीरपैंती के वार्ड 7 और 8 में जर्जर सड़क टूटे नाले से बढ़ रहा हादसों का खतरा

**भागलपुर**। भागलपुर जिले के पीरपैंती नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 और 8 में सड़क की स्थिति बदहाल है। वर्षों पहले बनी यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढों में बदल चुकी है। सड़क के बीच से गुजरने वाले नाले का ढक्कन भी कई जगहों पर टूटा हुआ है।

**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, प0नि0वि0,
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, औरंगाबाद
Mobile No.-9470001322E-mail id.-eenhaurangabad@gmail.com
अल्पकालीन Quotation–आमंत्रण–सूचना संख्या–04 वर्ष 2026–27

कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के सरकारी कार्यो के निष्पादन हेतु वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों/रजिस्टर्ड फर्म से किराये पर वित्तीय वर्ष–2026–27 के लिए वातानुकूलित वाहन, चालक सहित एवं इंधन रहित उपलब्ध कराने हेतु मुहरबंद कोटेशन दिनांक– 20.03.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं होगी।

2. इच्छुक वाहन मालिक संलग्न प्रारूप में आवेदन के माध्यम से वाहन संबंधित कागजात (यथा वाहन निबंधन, वाहन का अद्यतन रोड टैक्स, अद्यतन बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदूषण फिटनेस इत्यादि), वाहन चालक के संबंध में विवरण (यथा वैद्य ड्राईविंग लाईसेन्स, चालक का आधार कार्ड आदि) एवं वाहन आपूर्तिकर्ताओं/वाहन मालिकों के पैन कार्ड तथा रजिस्टर्ड फर्म के पैन कार्ड एवं जी०एस०टी० निबंधन प्रमाण–पत्र को संलग्न कर प्रतिमाह वाहन का भाड़ा चालक एवं सभी कर सहित (अंक एवं शब्द दोनो में) उद्धृत कर निर्धारित तिथि एवं समय तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है।

2. इच्छुक एजेंसी/वाहन मालिक द्वारा इस हेतु मुहरबंद लिफाफे (जिसपर वाहन हेतु कोटेशन लिखा हो) में कोटेशन दिनांक 20.03.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय, औरंगाबाद में जमा कर सकते हैं। प्राप्त कोटेशन उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। यदि कोटेशनदाता या उनके प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित नहीं रहते हैं, तो भी निर्धारित तिथि एवं समय पर कोटेशन खोल दी जाएगी।3. विस्तृत जानकारी के लिए किसी कार्य दिवस को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रमंण्डल, औरंगाबाद

PR. No. 026282 (RCD ) 2025-26

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### रसोई सिलेंडर की जमाखोरी व अवैध बिक्री करने पर होगी एफआईआर

**आरा।** रसोई गैस सिलेंडर वितरण में कठिनाई और अफवाहों की जांच भोजपुर जिला प्रशासन कराएगा। इस बारे में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय ने प्रेस स्वीकृति जारी किया है। विज्ञप्ति के अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर गैस एजेंसियों की सघन जांच होगी। सिलेंडर कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई होगी। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर यह जानकारी सामने आई है कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उपयोग और गैस सिलेंडर की प्राप्ति को लेकर लाभुकों को कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर रसोई गैस की उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में भ्रामक प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं। कालाबाजारी की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने जांच कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले में एलपीजी गैस की बिक्री एवं वितरण में किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य वसूली अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए गैस एजेंसियों की जांच हेतु प्रखंडवार अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। निर्देश दिया गया कि वे 12 मार्च से अपने-अपने प्रखंड में संबंधित गैस एजेंसियों की सघन जांच और वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

### 28 पीस विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। नवादा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सटीक सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के पुरानी पोस्ट ऑफिस इलाके में शराब की खेप पहुंचाई गई है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने उक्त स्थल पर घेराबंदी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने 28 पीस फ्रूटी (टेट्रा पैक) विदेशी शराब बरामद की। मौके से ही पुलिस ने शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क दुघर्टना में आठवीं का छात्र घायल

**आरा।** कुरमुरी के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में आठवीं कक्षा का एक छात्र घायल हो गया। घायल छात्र की पहचान सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के सिकरहट्टा निवासी रेयाज अहमद के 14 वर्षीय पुत्र रिजवान के रूप में हुई है। रिजवान अपने एक परिचित के साथ ऑटो में सवार होकर जीतौरा जा रहा था। वे लोग ऑटो में सीएनजी भरवाने के लिए निकले थे। जैसे ही ऑटो कुरमुरी के समीप पहुँचा, सड़क पर बने एक स्पीड ब्रेकर पर ऑटो अनियंत्रित होकर उछल गया। झटका इतना तेज था कि रिजवान ऑटो से सीधे सड़क पर जा गिरा, जिससे उसे काफी चोटे आई।

### सड़क दुर्घटना में पुलिस जवान घायल

**आरा।** गुरुवार को ड्यूटी पर आ रहे एक पुलिस जवान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायल जवान की पहचान मुफ्सिला गांव निवासी स्व राधा कृष्णा यादव के 59 वर्षीय पुत्र सूर्यदेव सिंह यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्यदेव सिंह यादव आरा व्यवहार न्यायालय (सिविल कोर्ट) के गेट नंबर 2 पर आरक्षी के पद पर तैनात है। गुरुवार को वे अपने घर से ड्यूटी के लिए कोर्ट आ रहे थे। इसी दौरान टाउन थाना क्षेत्र के मझोआ बांध के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार ने उन्हे टक्कर मार दी। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगो और राहगीरो की मदद से घायल जवान को ईलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका ईलाज चल रहा है।

### स्कूल में छेड़खानी का विरोध करने पर महिला-बच्चो सहित 6 घायल

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव में बुधवार को छेड़खानी से शुरू हुआ विवाद गुरुवार को उस समय मारपीट में बदल गया, जब एक ही परिवार के छह सदस्यों पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया गया। इस हमले में तीन सगे भाई समेत परिवार के छह लोग घायल हो गए है, जिन्हे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद की जड़ बुधवार को मलथर स्थित मिडिल स्कूल में हुई एक घटना से जुड़ी है। बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में एक पक्ष के युवको द्वारा दूसरे पक्ष की एक किशोरी (चचेरी बहन) के साथ कथित तौर पर छेड़खानी की गई थी। जब किशोरी के परिजनो ने इस बदसलूकी का विरोध किया, तो बुधवार को भी दोनो पक्षो के बीच तीखी नोकझोंक और मामूली मारपीट हुई थी। बुधवार की घटना का बदला लेने की नीयत से दूसरे पक्ष ने गुरुवार की सुबह घात लगाकर हमला किया। पीड़ित परिवार के अनुसार गुरुवार को जब परिवार के सदस्य शौच के लिए बाहर गए थे, तभी गांव के ही लगभग 20 की संख्या में लाठी-डंडों से लैस लोगो ने उन्हे घेर लिया। हमलावरो ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुंध मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई महिलाओ और बच्चो को भी नहीं बख्शा। घायलो की पहचान उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव निवासी नवरत्न सिंह के 38 वर्षीय पुत्र राधे श्याम, 37 वर्षीय भाई घनश्याम सिंह, 30 वर्षीय पत्नी कलावती देवी, पुत्र अभिनंदन सिंह 14, पुत्र दीपक सिंह 15 और पुत्र सुग्रीव कुमार 13 के रूप में हुई है।

### 17 व 18 मार्च को लगेगा यूडीआईडी शिविर

**बक्सर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग की ओर से दिव्यांगजनों को "विशिष्ट पहचान पत्र" उपलब्ध कराने के लिए 17 और 18 मार्च को डुमरांव प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 2 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में लंबित आवेदनों के साथ-साथ नए दिव्यांगजनों का भी पंजीकरण कर यूडीआईडी कार्ड बनाया जाएगा। जिला जन संपर्क कार्यालय के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए यूडीआईडी कार्ड एकल दस्तावेज के रूप में मान्य है। बावजूद इसके बक्सर जिले में यूडीआईडी पोर्टल पर प्राप्त 17,136 आवेदनों में से अब तक 14,448 दिव्यांगजनों को ही कार्ड जारी हो पाया है, जबकि 2,220 आवेदन अभी लंबित हैं।

### जीवन में प्रेम, सेवा और समर्पण ही सच्चा धर्म है: आचार्य रणधीर ओझा

**बक्सर।** चौसा में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवे दिन आचार्य श्री रणधीर ओझा जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल्यकालीन लीलाओं, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पर्वत की दिव्य कथा का रसपान कराया। बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन करते हुए आचार्य श्री ने बताया कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि उनमें गहरे आध्यात्मिक संकेत छिपे हैं। उन्होंने कहा कि गोकुल में जब-जब श्रीकृष्ण ने माखन चुराया, वो केवल माखन नहीं था, बल्कि वह प्रेम था, श्रद्धा थी, निष्कलंक भक्ति थी। भगवान ने दिखाया कि वे केवल उन्हें चुराते हैं जो पूर्णतः निष्कलंक होते हैं। कथा के दौरान श्री यशोदा मैया द्वारा कृष्ण को ऊखल से बांधने की लीला का भी मार्मिक चित्रण हुआ। इससे भक्तों को यह सीख मिली कि संसार का पालन करने वाला भी अपने भक्तों के प्रेम में बंध सकता है। इसके बाद आचार्य श्री ने यमुना तट की उस लीलामयी घटना का वर्णन किया जब श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का दमन किया। कालिया नाग मर्दन अधर्म पर धर्म की विजय है आचार्य श्री ने बताया कि कालिया नाग ने यमुना नदी को विषैला बना दिया था, जिससे गोकुलवासी त्रस्त थे। तब बालकृष्ण ने यमुना में कूदकर कालिया नाग के फन पर नृत्य किया और उसे पराजित कर नदी को पुनः पवित्र किया। आचार्य श्री ने इस प्रसंग को आध्यात्मिक संदर्भ में समझाते हुए कहा कि कालिया नाग हमारे भीतर की अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और लोभ जैसी विषैली प्रवृत्तियों का प्रतीक है। जब हम श्रीकृष्ण को अपने जीवन में आमंत्रित करते हैं, तब वे इन विकारों का नाश करते हैं। कालिया नाग मर्दन अधर्म पर धर्म की विजय है। अरे द्वारका नाथ संभारो... भजन पर झूम उठे श्रोता पूरी कथा के दौरान भजन, कीर्तन और संगीत की स्वर लहरियां कथा को और भी आध्यात्मिक ऊंचाई पर ले गईं।



# बक्सर थर्मल प्लांट गेट पर हजारों मजदूरों का प्रदर्शन

## अधिकारियों-कर्मचारियों को भी अंदर जाने से रोका
## निर्माण कार्य बाधित, सीआईएसएफ -पुलिस बल तैनात

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के चौसा में बन रहे 1320 मेगावाट क्षमता वाले थर्मल पावर प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य पर एक बार फिर मजदूरों की हड़ताल का असर दिखा है। शुक्रवार को हजारों मजदूर अचानक प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंच गए और जोरदार नारेबाजी करने लगे, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो गया। पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर चल रहे मजदूरों के गेट पर पहुंचने से कुछ समय के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को देखते हुए मौके पर सीआईएसएफ और स्थानीय पुलिस की कई टीमें तैनात की गईं। सुरक्षा बलों ने मजदूरों को समझाकर गेट से हटाने की कोशिश की।

**मांग पूरी नहीं होने तक करेंगे हड़ताल:** इस दौरान मजदूरों ने प्लांट के भीतर काम करने जा रहे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अंदर जाने से रोकने का प्रयास किया। मजदूरों का कहना था कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे न तो काम पर लौटेंगे और न ही किसी अन्य को काम करने देंगे। कुछ समय बाद मजदूर नेता रामप्रवेश यादव और पप्पू पांडेय मौके पर पहुंचे और मजदूरों को समझाया। इसके बाद सभी मजदूर अपनी-अपनी कॉलोनियों में वापस लौट गए। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

**20 फरवरी को सौंपा गया था ज्ञापन:** मजदूर नेता रामप्रवेश यादव ने बताया कि 20 फरवरी को कंपनी प्रबंधन को 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें बोर्ड रेट के अनुसार मजदूरी और श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई थी। उस समय अधिकारियों ने समय पर मजदूरी भुगतान और बोर्ड रेट के अनुसार मजदूरी देने का आश्वासन दिया था। यादव ने आगे कहा कि आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसके कारण मजदूरों में भारी नाराजगी है। बताया जा रहा है कि थर्मल पावर प्रोजेक्ट के निर्माण में लगी पावर मेक और एल एंड टी कंपनी के अधीन कार्यरत मजदूर इस हड़ताल में शामिल हैं। मजदूरों की मुख्य मांगों में आठ घंटे की ड्यूटी लागू करना, बोर्ड रेट के अनुसार मजदूरी देना, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम का पालन, ओवरटाइम का नियमानुसार भुगतान और मजदूरी का समय पर भुगतान शामिल है। कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था,पीएफ और ईएसआई की समयबद्ध कटौती तथा श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली सुविधाओं को लागू करने की मांग भी शामिल है।



**मजदूरों का लगातार हो रहा शोषण:** किसान-मजदूर नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि जब से प्लांट का निर्माण शुरू हुआ है, तब से मजदूरों का लगातार शोषण हो रहा है। पहले मजदूरों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं था, लेकिन अब मजदूर संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बातचीत से समस्या का समाधान नहीं हुआ तो प्लांट के खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**चौसा थर्मल पावर प्रोजेक्ट का प्रोफाइल:** बक्सर जिले के चौसा में बन रहा यह थर्मल पावर प्रोजेक्ट बिहार के बड़े बिजली परियोजनाओं में से एक है। इसकी कुल उत्पादन क्षमता 1320 मेगावाट है, जिसे आमतौर पर 660-660 मेगावाट की दो इकाइयों में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद बिहार और आसपास के राज्यों में बिजली आपूर्ति को मजबूती मिलने की उम्मीद है। परियोजना के निर्माण में देश की बड़ी इंजीनियरिंग कंपनियां शामिल हैं और हजारों मजदूर यहां काम कर रहे हैं। फिलहाल मजदूरों की हड़ताल और प्रदर्शन के कारण निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। हालांकि इस मामले में कंपनी प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मजदूर संगठनों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है।

## आत्मनिर्भर बनने को सात मत्स्य पालकों को मिला ई-रिक्शा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी साहिला ने मत्स्य परिवहन वाहन योजना 2025-26 के तहत 7 थ्री-व्हीलर ई-रिक्शा का हरी झंडी दिखाकर वितरण किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना से मत्स्य पालकों, मछुआरों और मत्स्य विक्रेताओं को स्वावलंबन का अवसर मिलेगा। उन्होंने लाभुकों से ई-रिक्शा का सही उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि इससे मछलियों का सुरक्षित परिवहन संभव होगा और ग्राहकों का विश्वास भी बढ़ेगा। अपर समाहर्ता ने बताया कि इस योजना के तहत मछलियों को जल स्रोतों से बाजार तक आइस बॉक्स में सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। इससे मछुआरों की आय में वृद्धि होगी और उपभोक्ताओं को ताजी एवं हाइजेनिक मछली उचित मूल्य पर उपलब्ध हो सकेगी। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने जानकारी दी कि इस योजना के अंतर्गत प्रति यूनिट 3 लाख रुपये की लागत निर्धारित है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान सरकार द्वारा एजेंसी को दिया जाएगा।

## 2 गुटों के बीच मारपीट, बच्चों के विवाद में आपस में भिड़े, लाठी-डंडे और रॉड से हमला

**दोनों पक्ष से 10 लोग घायल**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बच्चों के विवाद में 2 गुट आपस में भिड़ गए। जमकर मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्ष से 10 लोग घायल हुए हैं। इलाज के लिए सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मल्थर गांव की है। घायलों में एक पक्ष से राधेश्याम सिंह, उनकी पत्नी कलावती देवी, पुत्र अभिनंदन कुमार सिंह, सुगवीर सिंह, दीपक कुमार सिंह और भाई घनश्याम सिंह शामिल हैं। वहीं, दूसरे पक्ष से रामबचन सिंह की पत्नी समुद्र देवी, रमेश सिंह की पत्नी रूनी देवी, अनिल सिंह की पत्नी गीता देवी, पुत्र मंतोष कुमार और राजन कुमार की पत्नी जीरा देवी शामिल हैं।

**लाठी-डंडे और रॉड से हमला:** राधेश्याम सिंह ने बताया कि मेरी भतीजी और 2 बेटे सुगवीर सिंह, अभिनंदन कुमार सिंह गांव के स्कूल में पढ़ते हैं। स्कूल में ब्रेक के समय गांव के ही तीन लड़कों ने भतीजी के साथ छेड़खानी की थी। मेरे बेटों ने जब विरोध किया तो तीनों ने उसकी पिटाई कर गी। उस समय मामला शांत हो गया था। गुरुवार को अभिनंदन कुमार सिंह और सुगवीर सिंह शौच करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में आरोपियों ने दोनों को घेर लिया, मारपीट करने गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। उनलोगों ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर सभी लोगों की पिटाई कर दी। गांव के ही मंतोष, मनजीत और संजीत ने छेड़खानी की थी। लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला किया है।



**स्कूल में बच्चों के बीच विवाद हुआ था:** वहीं, दूसरे पक्ष के मंतोष कुमार ने बताया कि बुधवार को स्कूल में उसके छोटे भाई संजीत कुमार का विवाद हुआ। कुछ बच्चों ने उसकी पिटाई कर दी थी।

गुरुवार की सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी पहले पक्ष के लोग अपने परिवार वालों को साथ पहुंचे। लाठी-डंडे और बेल्ट से मारकर जख्मी कर दिया। मेरे भाई ने छेड़खानी नहीं की है।

## मानदेय नहीं मिलने पर आशा कर्मियों का प्रदर्शन, एक घंटे तक ओपीडी सेवा बाधित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** राजपुर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में शुक्रवार की सुबह आशा फैसिलेटर और आशा कर्मियों ने मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मियों ने ओपीडी सहित कई स्वास्थ्य सेवाओं को बंद कर दिया, जिससे करीब एक घंटे तक अस्पताल की सेवाएं बाधित रहीं। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि अगस्त 2025 से फरवरी 2026 तक पिछले आठ महीनों से किसी भी आशा कर्मी और फैसिलेटर को मानदेय नहीं मिला है। कई बार विभाग को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। आशा फैसिलेटर अमित कुमार, ऋषिकेश कुमार पाठक, पुष्पा कुमारी, संगीता कुमारी, रमावती कुमारी सहित कई आशा कर्मियों ने बताया कि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन समय पर भुगतान नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मियों ने कहा कि होली समेत कई त्योहारों में भी उन्हें मानदेय नहीं मिला, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में कई कर्मी कर्ज लेकर परिवार चला रहे हैं। उन्होंने चिकित्सा प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। चिकित्सा प्रभारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि तकनीकी कारणों से आशा कर्मियों का आईडी बंद था, जिसे ठीक कर लिया गया है। अगले दो दिनों के भीतर सभी का भुगतान कर दिया जाएगा।



## शादी समारोह में हर्ष फायरिंग एक युवक को पैर में लगी बुलेट

### दोस्त के साथ भाई के लिए दवा लाने जा रहा था

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में शादी सामोरह में हर्ष फायरिंग हुई है। एक युवक को पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरौली गांव के पास की है। घायल की पहचान चांदी इलाके के सलेमपुर गांव वार्ड-दो निवासी धर्मेंद्र कुमार(25) के तौर पर हुई है। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि छोटे भाई बिट्टू को बुखार लगा था। दोस्त के साथ दवा लाने के लिए हसनपुरा गांव गया था। दवा लेकर वापस अपने घर लौट रहा था। बरौली गांव के पास बारात में हर्ष फायरिंग की जा रही थी। अचानक एक गोली मेरे पैर में लग गई। बुलेट लगते ही गिर पड़ा। किसी से भी मेरी दुश्मनी नहीं है। यहां तक की कोई विवाद भी नहीं है। फायरिंग किसने की है, ये पता नहीं चल सका है।



**ऑपरेशन करके बुलेट निकाला:** वहीं, हॉस्पिटल में ऑन ड्यूटी डॉक्टर सूर्यकांत निराला ने बताया कि बुलेट पैर के हड्डी में फंसी हुई थी। जिसके कारण खून काफी बह गया था। ऑपरेशन करके गोली को निकाल दिया गया है। फिलहाल खतरे वाली कोई बात नहीं है।

## बिहार में अभी तक कोई भी विवि ए-ग्रेड की श्रेणी में नहीं है

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में पहली बार किसी कुलपति को चार बार सीनेट की बैठक कराने का अवसर मिला है। कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को सदस्यों की सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण तरीके से अनुमोदित करा लिया है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सीनेट की यह बैठक बिना किसी हंगामे के संपन्न हुई, जिसकी चर्चा विश्वविद्यालय के साथ-साथ पूरे शाहाबाद क्षेत्र में हो रही है। जानकारी के अनुसार वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक कराना पहले आसान नहीं माना जाता था। पूर्व में कई कुलपति हंगामे और विरोध की आशंका के कारण सीनेट की बैठक मुख्यालय के बाहर आयोजित करा चुके हैं। लेकिन वर्तमान कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने अपने कार्यकाल में चारों बार सीनेट की बैठक विश्वविद्यालय परिसर में ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराई। इसे विश्वविद्यालय प्रशासन की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। विश्वविद्यालय के गलियारों में भी इसकी काफी सराहना हो रही है। बताया जा रहा है कि कुलपति ने अधिकांश छात्र संगठनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। कुलपति डॉ. शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि भारत तब तक विश्व गुरु नहीं बन सकता जब तक बिहार देश में अग्रणी स्थान प्राप्त नहीं कर ले। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास पहले मगध के इतिहास से जाना जाता था और यह क्षेत्र ज्ञान और संस्कृति का केंद्र रहा है। यहां के युवाओं में मेधा शक्ति की कोई कमी नहीं है, केवल व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में अभी तक कोई भी विश्वविद्यालय ए-ग्रेड की श्रेणी में नहीं है, जिसके कारण राज्य के विश्वविद्यालय सरकार की कई नीतियों और अनुदान से वंचित रह जाते हैं।

## युवक पर फायरिंग मामले में एफआईआर दर्ज, दोस्त के साथ छपरा से आया था

### पूर्व के विवाद में गंगा पुल के पास बदमाशों ने मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा में पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घायल के बयान के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गोलीबारी की घटना सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट स्थित पीपा पुल के पास हुई थी। घायल की पहचान सारण जिले के छपरा नगर थाना क्षेत्र निवासी अभिषेक यादव उर्फ अभिषेक राज के रूप में हुई है। सिन्हा थाना में दर्ज प्राथमिकी में मरहा गांव निवासी उत्तम सिंह, धूर्व नारायण सिंह और संजय सिंह को नामजद आरोपी बनाया गया है, जबकि तीन अन्य अज्ञात लोगों पर भी केस दर्ज हुआ है।



**दोस्त के साथ कोर्ट से वापस लौट रहा था:** पीड़ित के दोस्त विवेक तिवारी ने बताया कि मेरा ससुराल मरहा गांव में है। रमिता तिवारी से मेरी लव मैरिज शादी हुई है। कुछ दिनों से विवाद चल रहा है। पत्नी और ससुराल वालों ने मेरे ऊपर दहेज की मांग को लेकर आरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। केस के सिलसिले में बुधवार को दोस्त अभिषेक के साथ आरा आया था। थाना से वापस लौट रहा था, महुली घाट के पाक उत्तम सिंह ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में मैं बाल-बाल बच गया, लेकिन एक बुलेट मेरे दोस्त को लग गई। बीते 18 फरवरी को बेटे का छठियार(सोहर) कार्यक्रम का आयोजन ससुराल में था। उस दिन भी उत्तम सिंह से विवाद हुआ था।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी:** इस मामले में सिन्हा थाना के थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में घटना को पुराने विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण को लेकर पटना में प्रशिक्षण शिविर आयोजित






सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण ए.एस.आई.एस.एस.ई. 2026 को लेकर शुक्रवार को पटना में एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पटना के कर्पूरी ठाकुर सदन (आशियाना दीघा रोड) में आयोजित किया गया, जहां सर्वेक्षण से जुड़े अधिकारियों और प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। यह सर्वेक्षण भारत सरकार द्वारा अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद सेवा क्षेत्र के जीडीपी में बढ़ते योगदान को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। सेवा क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण-2026 की प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी और इसमें GST Network के नेटवर्क का उपयोग करते हुए सेवा क्षेत्र के उद्यमों से जुड़े आंकड़े जुटाए जाएंगे। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा क्षेत्र रोजगार सृजन का प्रमुख स्रोत बन चुका है। दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यटन और आईटी जैसे क्षेत्रों के उद्यम तेजी से विकसित हो रहे हैं और देश के कुल जीडीपी में लगभग 50 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सर्वेक्षण के माध्यम से सेवा क्षेत्र के उद्यमों से जुड़े सकल मूल्य वर्धन (जीवीए), स्थिर पूंजी, पूंजी निर्माण और श्रम-शक्ति से संबंधित आंकड़े एकत्र किए जाएंगे, जिससे देश की आर्थिक गतिविधियों का बेहतर आकलन संभव हो सकेगा। इस अवसर पर कोलकाता से आए पर्यवेक्षक प्रभात भास्कर ने सर्वेक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य संगठित सेवा क्षेत्र का एक व्यापक डाटा बेस तैयार करना है। इससे प्राप्त आंकड़े देश की सांख्यिकी प्रणाली को मजबूत करेंगे और राष्ट्रीय खातों के अधिक सटीक संकलन में मदद मिलेगी। कार्यक्रम में उप निदेशक परिमल ने सर्वेक्षण के तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी और सेवा क्षेत्र के आंकड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण शिविर में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी देवेंद्र कुमार, सुशील कुमार सिंह, जितेंद्र राय और चंदन कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। वहीं उद्घाटन सत्र के अंत में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुधीर कुमार झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में उप क्षेत्रीय कार्यालय गया के प्रभारी गौरव कुमार, सहायक निदेशक टेक नारायण प्रसाद तथा उप क्षेत्रीय कार्यालय भागलपुर के प्रभारी रश्मि रंजन सहित कई वरिष्ठ और कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित रहे। पटना कार्यालय के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अमिताभ पाठक, दिलीप कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, डी.एन. प्रसाद, इन्द्रजीत, जितेंद्र राय, मंजूषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमित कुमार और आलोक कुमार पांडेय सहित अन्य अधिकारी भी प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए।

## रानी तालाब क्षेत्र में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5000 लीटर से अधिक अवैध शराब नष्ट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रम, पटना**। रानी तालाब थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की। काब निसरपुरा मुसहरी में चलाए गए व्यापक छापेमारी अभियान के दौरान 5000 लीटर से अधिक अवैध शराब नष्ट कर दी गई। यह कार्रवाई प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी विनय कुमार रंजन के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस बल के कई जवान शामिल रहे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली भारी मात्रा में सामग्री बरामद की। मौके पर ही लगभग 5000 लीटर से अधिक अर्धनिर्मित और तैयार देसी शराब को नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही शराब बनाने के लिए लगाए गए कई अवैध भट्ठियों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया, ताकि भविष्य में इस अवैध धंधे को दोबारा शुरू न किया जा सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई कार्तिकेय कुमार शर्मा के निर्देश पर की गई। जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षु डीएसपी विनय कुमार रंजन ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की छापेमारी आगे भी जारी रहेगी और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि इससे इलाके में कानून व्यवस्था मजबूत होगी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

## बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलने के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को विधानसभा परिसर में हड़कंप मच गया। राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले आए इस धमकी भरे ईमेल के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं और पूरे परिसर की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिला। इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। डॉग स्क्वॉड की टीम ने विधानसभा परिसर के एक-एक कोने की जांच की, हालांकि जांच के दौरान कहीं भी कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। घटना की सूचना मिलते ही एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) की टीम भी मौके पर पहुंच गई और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। सुरक्षा एजेंसियां ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई हैं। धमकी मिलने के बाद प्रेम कुमार ने अधिकारियों के साथ आपात बैठक की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का निर्देश दिया। साथ ही धमकी भरा ईमेल भेजने वाले व्यक्ति का जल्द पता लगाने के लिए साइबर विशेषज्ञों की टीम को भी सक्रिय कर दिया गया है। बिहार की पांच सीटों के लिए राज्यसभा चुनाव 2026 16 मार्च को होने हैं। मतदान विधानसभा परिसर में ही कराया जाएगा, जिसमें राज्य के सभी विधायक भाग लेंगे। ऐसे में चुनाव से महज तीन दिन पहले विधानसभा को उड़ाने की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ गई है। इससे पहले भी पिछले एक महीने में पटना सिविल कोर्ट समेत बिहार की कई अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। फरवरी महीने में दो बार और मार्च में एक बार इस तरह की धमकी दी गई थी। हर बार सुरक्षा एजेंसियों ने जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार इन धमकियों की जांच के लिए बिहार पुलिस की टीमें राजस्थान और चेन्नई तक गई थीं, लेकिन अभी तक ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। अब विधानसभा को धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां मामले को और गंभीरता से जांच रही हैं।

## राजस्व वसूली में कोताही बर्दाश्त नहीं, बड़े बकायेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई : ऊर्जा सचिव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक और बिहार के ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पटना स्थित विद्युत भवन में हुई, जिसमें राज्य की दोनों बिजली वितरण कंपनियों के कार्य प्रदर्शन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ऊर्जा सचिव ने स्पष्ट कहा कि राजस्व संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया को और तेज किया जाए। ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिफॉल्टर उपभोक्ताओं की सूची नियमित रूप से अद्यतन की जाए। उन्होंने खास तौर पर बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पर जोर दिया। विभाग का मानना है कि बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई से राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और वित्तीय अनुशासन भी कायम रहेगा।

बैठक में 'डबल कनेक्शन' को राजस्व नुकसान का बड़ा कारण बताते हुए इस पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को ऐसे मामलों की पहचान करने के लिए कहा गया, जहां एक ही परिसर में अवैध रूप से दो बिजली कनेक्शन चल रहे हैं। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर राजस्व नुकसान रोकने के निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष के समापन को देखते हुए ऊर्जा सचिव ने साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को बड़ा लक्ष्य दिया है। दोनों कंपनियों को 31 मार्च तक 100-100 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। बैठक के अंत में ऊर्जा सचिव ने अधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय होकर बकायेदारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व घाटे को कम करना विभाग की प्राथमिकता है और इसके लिए सभी स्तरों पर सख्त निगरानी की जाएगी। बैठक में राज्य की दोनों वितरण कंपनियों के कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पोत्तनूर–धनबाद के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 21 मार्च से

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने पोत्तनूर और धनबाद के बीच अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन कोयम्बत्तूर–सलेम–काटपाडी–विजयवाड़ा–राजमंड्री–विजयनगरम–सम्बलपुर–राउरकेला–रांची–मूरी–बोकारो स्टील सिटी–चंद्रपुरा मार्ग से होकर चलेगी। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 16619/16620 पोत्तनूर–धनबाद–पोत्तनूर अमृत भारत एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का परिचालन पोत्तनूर से 21 मार्च 2026 से और धनबाद से 23 मार्च 2026 से शुरू होगा। यह ट्रेन पोत्तनूर से प्रत्येक शनिवार और धनबाद से प्रत्येक सोमवार को चलेगी। यह गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन होगी, जिसमें यात्रियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें मोबाइल चार्जिंग पोर्ट, आरामदायक सफर के लिए एयर स्प्रिंग बॉडी, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, दिव्यांगजन-अनुकूल स्वच्छ प्रसाधन, फायर डिटेक्शन सिस्टम, टॉक-बैक यूनिट और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था शामिल हैं। इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें शयनयान श्रेणी के 8 कोच और साधारण श्रेणी के 11 कोच शामिल रहेंगे।

गाड़ी संख्या 16619 पोत्तनूर–धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस 21 मार्च 2026 से प्रत्येक शनिवार को पोत्तनूर से सुबह 6:15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रविवार को रात 10:15 बजे हटिया, 10:35 बजे रांची, 11:56 बजे मूरी पहुंचेगी। इसके बाद सोमवार को 1:00 बजे बोकारो स्टील सिटी, 1:51 बजे चंद्रपुरा, 2:28 बजे कतरासगढ़ रुकते हुए सुबह 4:00 बजे धनबाद पहुंचेगी। धनबाद से चलने का समय वहीं, गाड़ी संख्या 16620 धनबाद–पोत्तनूर अमृत भारत एक्सप्रेस 23 मार्च 2026 से प्रत्येक सोमवार को दोपहर 2:00 बजे धनबाद से खुलेगी। यह ट्रेन 2:25 बजे कतरासगढ़, 2:58 बजे चंद्रपुरा, 3:50 बजे बोकारो स्टील सिटी, 4:40 बजे मूरी, 6:00 बजे रांची और 6:25 बजे हटिया सहित विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए बुधवार को सुबह 11:20 बजे पोत्तनूर पहुंचेगी। रेलवे के अनुसार इस नई प्रीमियम ट्रेन के परिचालन से झारखंड, ओडिशा और दक्षिण भारत के बीच यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक रेल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# 18 मार्च को पटना में राजभवन मार्च, UGC रेगुलेशन 65% आरक्षण के समर्थन में बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**मसौढ़ी**! ऑल इंडिया फोरम फॉर इक्यूटी यूजीसी रेगुलेशन समता आंदोलन कोर्डिनेशन टीम मसौढ़ी की पटना में आयोजित समता महाजुटान और मार्च की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मणिचक मुहल्ले स्थित रंजन मैरेज हॉल में एक बैठक आयोजित की गई.हुई।बैठक में सामाजिक न्याय आंदोलन से विकाश यादव यएवं देव शंकर आर्य ने बताया कि भारतीय समाज व्यवस्था में वर्ण-जाति के आधार पर विशेषाधिकार व भेद-भाव की संस्कृति,विचार, व्यवहार, शोषण, अत्याचार एक वास्तविक सच्चाई है, यह यूजीसी रेगुलेशन 2026 का विरोध करने वाले लोगों ने अपने वर्चस्ववादी, जातिवादी मानसिकता से साबित भी कर दिया है।गैर बराबरी के वजह से दलित, पिछड़े, वंचित, शोषित वर्ग के साथ जातिगत भेद-भाव,शोषण-उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं।यूजीसी के मुताबिक ही इस तरह की घटनाओं में 118 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शैक्षणिक जगत में इस तरह के भेद-भाव , जुल्म, ज्यादती पर एकदम से रोक लगनी चाहिए। इसलिए यूजीसी रेगुलेशन को और सशक्त करते हुए लागू किया जाना चाहिए।रोहित एक्ट को संसद से कानून बनाकर लागू करने की जरूरत है। समता स्थापित करने के लिए जाति जनगणना से वास्तविक आंकड़े जुटाने की भी जरूरत है।इसको लेकर 18 मार्च को पटना में समता महाजुटान और राजभवन मार्च होने जा रहा है।बिहार भर के दलित -पिछड़ों से,समता, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय स्थापित करने के संघर्ष से वास्ता रखने वाले आवाम से भारी तादाद में समता महाजुटान में भागीदार बनने पटना चलने का आह्वान किया।इस मौके पर छात्र राजद प्रखंड अध्यक्ष भाई बिट्टू यादव गौतम यादव प्रतीक पटेल संतोष कुमार अनमोल दिलखुश यावद मनोज कुशवाहा सौरभ रौशन कुमार सदन मांझी कौशल कुमार रवि कुमार अनीश आनंद पंकज कुमार राहुल मुखिया टप्पन कुमार मुकेश राकेश बिक्की जितेंद्र कुमारसहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में बड़ी राहत

### अब ऑफलाइन भी कर सकेंगे आवेदन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत बिहार के गरीब और कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए सोलर पैनल लगवाना अब और आसान हो गया है। सरकार ने तकनीकी बाधाओं को दूर करते हुए आवेदन की ऑफलाइन व्यवस्था भी शुरू कर दी है, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। राज्य में इस योजना को सफल बनाने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कुटीर ज्योति (बीपीएल) श्रेणी के कई उपभोक्ता स्मार्टफोन या डिजिटल संसाधनों की कमी के कारण सुविधा ऐप के माध्यम से सहमति दर्ज नहीं कर पा रहे थे। अब ऐसे उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली कार्यालय या क्षेत्रीय शिविर में जाकर ऑफलाइन आवेदन कर सकेंगे। सरकार ने इस योजना में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित की है।

योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों के घरों की छत पर 1.1 किलोवाट क्षमता के रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। पहले चरण में राज्य के करीब 2.5 लाख घरों को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। ये सभी सोलर पैनल बिजली ग्रिड से जुड़े होंगे, जिससे उपभोक्ता सीधे सौर ऊर्जा का उपयोग कर सकेंगे। उपभोक्ता की सहमति मिलने के बाद विभाग की तकनीकी टीम संबंधित घर का निरीक्षण करेगी। जिन घरों की छत छायारहित होगी, वहां सोलर पैनल पूरी तरह निशुल्क लगाए जाएंगे। इन पैनलों से उत्पन्न बिजली का उपयोग घर के लोग अपनी दैनिक जरूरतों के लिए कर सकेंगे।

इस परियोजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य में लगभग 275 मेगावाट अतिरिक्त बिजली उत्पादन होने की संभावना है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गरीब परिवारों के बिजली खर्च को भी कम करने में मददगार साबित होगी। सरकार का उद्देश्य सौर ऊर्जा को अंतिम छोर तक पहुंचाना है। अब ऑनलाइन के साथ-साथ स्थानीय कार्यालयों और शिविरों में आवेदन की सुविधा मिलने से उन उपभोक्ताओं की भागीदारी बढ़ेगी, जिनके पास डिजिटल साधनों की कमी है। ग्रिड से जुड़ी यह व्यवस्था बिजली आपूर्ति को अधिक टिकाऊ और भरोसेमंद बनाएगी। ऊर्जा विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि राज्य में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### छपरा–बरौनी–कटिहार मार्ग से काठगोदाम और ठाकुरनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

**हाजीपुर**। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेल ने काठगोदाम और ठाकुरनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन लखनऊ, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, शाहपुर पटोरी, बरौनी और कटिहार मार्ग से होकर चलेगी। रेल प्रशासन के अनुसार ट्रेन संख्या 05030/05029 काठगोदाम–ठाकुरनगर–काठगोदाम स्पेशल का परिचालन निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। ट्रेन संख्या 05030 काठगोदाम–ठाकुरनगर स्पेशल 15 मार्च 2026 (रविवार) को काठगोदाम रेलवे स्टेशन से सुबह 10.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में विभिन्न स्टेशनों पर ठहरते हुए सोमवार को 02.05 बजे छपरा जंक्शन, 05.15 बजे बरौनी जंक्शन तथा 08.45 बजे कटिहार जंक्शन पहुंचेगी और आगे चलकर 20.40 बजे ठाकुरनगर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05029 ठाकुरनगर–काठगोदाम स्पेशल 18 मार्च 2026 (बुधवार) को ठाकुरनगर रेलवे स्टेशन से 10.20 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन 22.20 बजे कटिहार, गुरुवार को 01.15 बजे बरौनी और 05.15 बजे छपरा पहुंचते हुए अन्य स्टेशनों पर रुककर रात 23.30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगी और पूर्वी भारत से उत्तराखंड के बीच यात्रा करने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

### छह माह पूर्व चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद



**मसौढ़ी**! छह माह पूर्व चोरी की गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने मसौढ़ी बाजार से बरामद की है।वही बाइक चोर के लिए लगातार छापेमारी में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बढ़ई टोला मुहल्ले निवासी रामजी प्रसाद के पुत्र कौशल कुमार का बाइक आठ सितंबर 2025 को घर के बाहर से चोरी कर ली गई थी.जिसमें पीड़ित द्वारा मसौढ़ी थाना में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था.शुक्रवार को बाइक को पुलिस ने मसौढ़ी बाजार से बरामद कर लिया है। वही बाइक चोर को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी में जुटी हुई है।

### मवेशी चोरी मामले में पिकअप वैन सहित चालक गिरफ्तार



**मसौढ़ी**! गुरुवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर मसौढ़ी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वैन सहित चालक को पकड़ा है।थाना क्षेत्र के जगपुरा गांव में बीते आठ मार्च को मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा सीताराम शर्मा के घर में बंधे दो मवेशियों को चोरी कर ली गई थी.सीताराम शर्मा द्वारा पिकअप वैन के नंबर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मसौढ़ी थाना में मवेशी चोरी का मामला दर्ज कराया गया था.जिसमें पुलिस ने करवाई करते हुए, पिकअप वैन सहित चालक को कि किंजर थाना के जकारिया बारा गांव से बरामद किया गया है।गिरफ्तार चालक की पहचान जकारिया बारा गांव निवासी रजक नट के पुत्र मन्नू नट उर्फ मान्यू नट के रूप में की गई.शुक्रवार को उसे जेल भेज दिया गया है।

### आपसी विवाद में युवक को गोली मारी, बराटी थाना क्षेत्र में घर के दरवाजे पर हमला, बदमाश मौके से फरार

**हाजीपुर**। वैशाली के बराटी थाना क्षेत्र अंतर्गत दयालपुर गांव में आपसी विवाद के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। बदमाशों ने युवक के घर के दरवाजे पर चढ़कर उसे निशाना बनाया। गोली लगने से घायल युवक को तुरंत सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान दयालपुर निवासी सुबोध कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। गोली लगने से सुबोध कुमार खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि गोली सुबोध की दाहिनी कोहनी को छूते हुए निकल गई। जानकारी के अनुसार, घायल सुबोध कुमार का स्थानीय युवक योगेश्वर से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। यह विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद सुबोध कुमार अपने घर चले गए, लेकिन इसी दौरान बदमाश उनके दरवाजे पर पहुंचे और उन्हें गोली मार दी। घायल सुबोध कुमार ने बताया कि योगेश्वर के साथ 'नेता जी के दलान' पर उनकी कहासुनी हुई थी, जिसके बाद हाथापाई हुई। उन्होंने कहा कि जब वह अपने दरवाजे पर आए, तो दो व्यक्तियों ने उन्हें गोली मार दी। सुबोध ने यह भी आरोप लगाया कि योगेश्वर ने 2012 में उनके भाई को भी गोली मारी थी और उसका आपराधिक इतिहास है। घटना की सूचना मिलते ही बराटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। बराटी थानाध्यक्ष पप्पु कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में एक व्यक्ति को गोली लगी है और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है और बदमाशों को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

### पुलिस ने एक करोड़ से अधिक की शराब पकड़ी, ट्रक में भूसी के नीचे छिपाकर लाई जा रही थी विदेशी शराब



**हाजीपुर**। शराबबंदी के बावजूद शराब तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर तस्करी कर रहे हैं। इसी कड़ी में वैशाली पुलिस ने हाजीपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी शराब बरामद की है। यह शराब एक ट्रक में भूसी के बोरों के नीचे बने गुप्त तहखाने में छिपाकर लाई जा रही थी। यह मामला औद्योगिक थाना क्षेत्र के हाजीपुर-जंदाहा मुख्य मार्ग का है। वैशाली के एसपी विक्रम सिहाग को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब माफिया इलाके में शराब की बड़ी खेप खपाने की तैयारी में हैं। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर हाजीपुर एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम तुरंत सिपेट के पास पहुंची और वहां खड़े एक संदिग्ध ट्रक की जांच शुरू की। शुरुआत में ट्रक में लकड़ी की भूसी से भरे बोरे लदे हुए थे। शक होने पर जब पुलिस ने भूसी के बोरे हटाए, तो नीचे एक गुप्त तहखाना मिला। इस तहखाने में भारी मात्रा में विदेशी शराब छुपाकर रखी गई थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर औद्योगिक थाना लाया, जहां सभी शराब की पेटियों को उतारा गया। बरामद शराब की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। हालांकि, पुलिस कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक और शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। पुलिस अब पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और जल्द ही इस गिरोह का खुलासा कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# झारखंड विधानसभा: गैस की किल्लत और बढ़ती कीमत पर सत्ता पक्ष का सदन में हंगामा

**एजेंसी। रांची**

झारखड विधानसभा बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में राज्य में एलपीजी सिलेंडर की बढ़ती कीमत और किल्लत को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सत्ता पक्ष के विधायक अपने स्थान पर खड़े हो गए और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान उन्होंने गैस की कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति में कमी का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार की आलोचना की। सत्ता पक्ष के विधायक प्रदीप यादव ने हाथों में अखबार लहराते हुए कहा कि राज्य में लोग गैस सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस की किल्लत के कारण कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन तक प्रभावित हो रहा है। वहीं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राज्य में गैस की कोई कमी नहीं है, यह व्यवस्था का सवाल है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए सदन में बेवजह हाय-तौबा मचा रही है। विधायक सरयू राय ने भी कहा कि यह मूल रूप से व्यवस्था से जुड़ा मामला है और इसे लेकर अनावश्यक रूप से सदन में शोर-शराबा किया जा रहा है। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता चर्चा में शामिल नहीं होते और वहां से बाहर चले जाते हैं, जबकि यहां उनके नेता हंगामा कर रहे हैं। लगातार शोर-शराबे के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ रवींद्र नाथ महतो ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि इस प्रश्न को यहीं छोड़ दिया जाए और सदन की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाए। इसके बाद अध्यक्ष ने कार्यसूची के अनुसार अगली कार्यवाही शुरू कराई।




**गैस सिलेंडर को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों का प्रदर्शन-** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन शुक्रवार को गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को लेकर सत्ता पक्ष के विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। विधायकों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान विधायकों के हाथों में जो पोस्टर थे, उनमें लिखा था कि संसद से नरेंद्र मोदी गायब और देश से सिलेंडर गायब। कुछ पोस्टरों में एक तस्वीर भी लगाई गई थी, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खड़े दिखाई दे रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सामने सिर झुकाकर प्रणाम करते नजर आ रहे हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत लगातार बढ़ रही है, जिससे आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। लोगों को सिलेंडर लेने के लिए घंटों लाइन लगना पड़ रहा है इसके बाद भी नहीं मिल रहा है। लोग गैस की किल्लत झेल रहे हैं।

## रिक्शे से विधानसभा पहुंचे मंत्री इरफान-शिल्पी, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की शुक्रवार को रिक्शे से विधानसभा पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी खुद रिक्शा चला रहे थे। जबकि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रिक्शे में बैठी थीं और उनके हाथों में विरोध से जुड़ी तख्तियां थीं। तख्तियों पर पेट्रोल डीजल की मार, जनता हो रही लाचार और महंगी गैस-महंगा तेल, आम आदमी हुआ फेल जैसे नारे लिखे थे। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्रियों ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे आम जनता काफी परेशान है और गरीब परिवारों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी चिंता बढ़ रही है उन्होंने कहा कि अगर यही हालात बने रहे तो देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है और गलत नीतियों के कारण स्थिति और कठिन हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड एक गरीब राज्य है और यहां के लोग महंगाई की मार झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं और गरीब परिवारों को गैस के बढ़ते दामों से सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। इसी के विरोध में वे आज रिक्शा से विधानसभा पहुंचे हैं। मंत्रियों के इस अनोखे विरोध प्रदर्शन को लेकर विधानसभा परिसर में काफी चर्चा रही। उन्होंने कहा कि महंगाई के मुद्दे पर आगे भी इस तरह से विरोध जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में तापमान पहुंचा 39 डिग्री के पार, बढ़ेगी गर्मी



**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ होते ही तापमान में तेजी से वृद्धि होने लगी है। मार्च महीने में ही डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान बढ़कर 39.2 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शुक्रवार को दी। विभाग के अनुसार शुक्रवार को राज्य के कई जिलों में तापमान 36 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया है। राज्य में सबसे अधिक गर्म जिले चाईबासा, सरायकेला और जमशेदपुर हैं, जहां अधिकतम तापमान 36 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया। चाईबासा में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री, सरायकेला में 37.2 डिग्री और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 39.2 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं, शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री और न्यूनतम 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार जमशेदपुर में अधिकतम 37.5 डिग्री और न्यूनतम 23.3 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 39.2 और न्यूनतम 17.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 35.1 डिग्री और न्यूनतम 17.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### रसोई गैस की किल्लत से मंदिर और आश्रम की सेवा व्यवस्था प्रभावित



**रांची।** राजधानी रांची के पुंदाग स्थित स्वामी सदानंद महाराज की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर एवं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से सेवा कार्य प्रभावित हो रहा है। मंदिर और आश्रम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है। साथ ही हर रविवार को अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन पिछले 05 वर्षों से हो रहा है। वहीं सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे 50 से अधिक निराश्रित और सेवादारों को रोजाना तीनों समय का भोजन कराया जाता है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस की लगातार कमी से भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए संबंधित विभाग को रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में जल्द समाधान करने चाहिए। उन्होंने बताया कि सिलेंडर की किल्लत को देखते हुए ट्रस्ट आश्रम में चूल्हा लगाने पर भी विचार कर रहा है।

## अपहरण मामले में आरोपित गिरफ्तार, युवती सकुशल बरामद

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में दर्ज एक अपहरण मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्तर पर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया और अपहृत युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया। मामले की शुरुआत काशाफलिया गांव निवासी सुरेश पात्र की लिखित शिकायत से हुई थी। उन्होंने अपनी बेटी के अपहरण की सूचना देते हुए बहरागोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी और एक विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान तकनीकी सेल की सहायता से आरोपी की लोकेशन पश्चिम बंगाल के नयाग्राम थाना क्षेत्र के बारडीगा गांव में मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी करते हुए आरोपित सागर दंडपात को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान अपहृत युवती को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपित को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर बहरागोड़ा पहुंची। शुक्रवार को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

## जंगली हाथी के हमले में गर्भवती महिला की मौत, दहशत

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



पश्चिमी सिंहभूम जिले में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटना गोइलकेरा प्रखंड के कुईडा पंचायत अंतर्गत सिर्जनकोचा गांव की है, जहां गुरुवार की देर रात हाथी ने गर्भवती महिला को कुचलकर मार डाला। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और भय का माहौल है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय रानी बोयपाई के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात गांव के आसपास जंगल से एक हाथी अचानक आबादी वाले इलाके में घुस आया। हाथी को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान रानी बोयपाई खुद को सुरक्षित स्थान तक नहीं पहुंचा सकीं और हाथी की चपेट में आ गईं। हाथी ने उन्हें सूंड से पटककर कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई। शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख निरुमणी कोड़ा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं वन विभाग के रेंजर राम नंदन राम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। वन विभाग ने मृतका के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। साथ ही बताया गया कि सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य मुआवजा राशि की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद सिर्जनकोचा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड इलाके में लगातार देखा जा रहा है और वे खेतों व गांवों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर भगाने के लिए स्थायी उपाय किए जाएं और प्रभावित परिवार को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही हाथियों को जंगल की ओर वापस खदेड़ने के लिए टीम तैनात की गई है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग सदन में उठाई

**एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में वकीलों की सुरक्षा को लेकर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग एक बार फिर उठी। हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में सवाल उठाते हुए पूछा कि राज्य में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर सरकार क्या पहल कर रही है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि यह मामला इंडियन बार काउंसिल से जुड़ा हुआ है और इस पर विभिन्न स्तरों पर विचार किया जा रहा है। फिलहाल इस संबंध में सरकार ने कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। लेकिन अधिवक्ताओं के कल्याण और सुरक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। इस दौरान विधायक सीपी सिंह ने भी सरकार से सवाल किया कि सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनाने जा रही है या नहीं और यदि बना रही है तो इसे कब तक लागू किया जाएगा। इसके जवाब में मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। किसी भी तरह की घटना होने पर सरकार कार्रवाई करती है और वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते हैं।

**मंत्री ने केंद्र सरकार की नीतियों पर उठाया सवाल-** झारखंड विधानसभा के बाहर सत्ता पक्ष के विधायकों ने एलपीजी की किल्लत और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में शामिल झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया और कहा कि आज देश की जनता गंभीर संकट का सामना कर रही है। मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के सामने केंद्र सरकार झुक गई है और इसका खामियाजा आज देश की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर घर में एक ही चिंता है कि एलपीजी सिलेंडर कहां से मिलेगा और गाड़ी चलाने के लिए पेट्रोल और डीजल कैसे खरीदा जाएगा। यह सवाल आज देश का हर नागरिक पूछ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की किल्लत साफ दिखाई देने लगी है।



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

**–ःसूचनाः–**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबन्धन नवीकरण एवं नव निबंधन हेतु संवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नव निबंधन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय अवधी में निर्धारित आवेदन शुल्क 500/– रू0 का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट (**सचिव जिला परिषद, पलामू** (**Secretary, Zila Parishad, Palamu** के पदनाम से होगा) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर आवश्यक कागजात एवं निबंधन शुल्क का भारतीय स्टेट बैंक का ड्राफ्ट (जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से होगा) के साथ अन्तिम तिथि **दिनांक 30.03.2026** को 5:00 बजे अपराह्न तक जिला अभियंता कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तो की जानकारी जिला परिषद, पलामू के सूचना पट् पर अथवा कार्यालय अवधि में संबंधित सहायक से प्राप्त किया जा सकता है।

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | निबन्धन शुल्क | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 2.50 करोड़ रूपये से उपर प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 2.00 लाख | बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक को जो सचिव जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से हो |
| 2 | 50.00 लाख रूपये से उपर 2.50 करोड़ तक के प्रक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 1.00 लाख | |
| 3 | 10.00 लाख रूपये से उपर 50.00 लाख तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु समक्ष। | 25 हजार | |
| 4 | 10.00 लाख रूपये तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 10 हजार | |

अनु0 :– नियम एवं शर्त (एक पन्ने में)।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 375057 District(25-26)#D


## जमीन म्यूटेशन और भू-राजस्व व्यवस्था पर सदन में जोरदार बहस, विधायक राजेश कच्छप ने उठाया सवाल

**एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13 वें दिन शुक्रवार को सदन में जमीन म्यूटेशन और भू-राजस्व व्यवस्था पर व्यापक चर्चा हुई। विधायक राजेश कच्छप ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि दिसंबर 2000 से पहले जमीन खरीदने वाले कई लोग अब तक म्यूटेशन नहीं करा पाए हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि ऐसे मामलों के समाधान के लिए क्या व्यवस्था की गई है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि वर्तमान में रजिस्ट्री के बाद जमीन का विवरण ऑटो जेनरेटेड प्रक्रिया के माध्यम से सीधे रजिस्ट्री कार्यालय से अंचल कार्यालय तक पहुंचता है और वहीं से म्यूटेशन की प्रक्रिया पूरी की जाती है। उन्होंने कहा कि जो लोग किसी कारणवश म्यूटेशन नहीं करा पाए हैं, उन्हें भूमि उप समाहर्ता (एलआरडीसी) के यहां आवेदन देना होगा। जांच के बाद उनके मामले का निष्पादन किया जाएगा। इस पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि अंचल कार्यालयों में अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याएं नहीं सुनी जातीं। उन्होंने कहा कि कई बार विधायक की ओर से फोन करने के बाद भी काम नहीं होता। वहीं, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी भू-राजस्व व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमीन की रसीद कटवाने के लिए लोगों से पैसे की मांग की जाती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रांची में जमीन खरीदी थी और म्यूटेशन कराने के लिए उससे 50 हजार रुपये की मांग की गई। वहीं, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने सुझाव देते हुए कहा कि वर्ष 2015-16 तक मैन्युअल रसीद काटी जाती थी। भू-राजस्व विभाग को पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर, जिनकी जमीन अब तक ऑनलाइन नहीं हुई है, उन्हें ऑनलाइन करने का अभियान चलाना चाहिए। सदन में मौजूद कई सदस्यों ने अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली और कर प्रणाली पर भी सवाल उठाए। इसी दौरान विधायक अमित यादव ने कहा कि सोमा मुंडा के नाम से दखल-दिहानी के लिए 17 मार्च 2011 को आदेश पारित किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस पर मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि मामले की पुनः सुनवाई कर उसका निष्पादन कर दिया जाएगा। हालांकि विधायक ने कहा कि जब पहले से आदेश पारित है, तो उस पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। विधायक सुदीप गुड़िया ने उठाया तोरपा रेफरल अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और डॉक्टर की कमी का मुद्दा झारखंड विधानसभा में तोरपा रेफरल अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सवाल उठाया गया। विधायक सुदीप गुड़िया ने सदन में कहा कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध नहीं है और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ भी नहीं हैं। इसके कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए दूसरे अस्पतालों में ले जाना पड़ता है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी होती है।



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता संतोश कुमार विश्वकर्मा, उम्र–26 वर्ष )**



भवनाथपुर थाना कांड सं0–10/26, दि0–19.02.2026 धारा–115, 61(2),139, 140(1), 140(4), 142, 318(4) बी0एन0एस0 में लापता संतोश कुमार विश्वकर्मा, उम्र–26 वर्ष, पिता–स्व0 अतेन्द्र विश्वकर्मा, ग्राम–बनसानी, टोला–भवरिया, थाना– भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले हैं। थाना से प्राप्त आवेदन में कांड के वादिनी बरती कुँवर के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनका पुत्र संतोश कुमार विश्वकर्मा को उक्त कांड के अभियुक्तों द्वारा दिनांक–20.01.2025 को मजदूरी करने हेतु गुजरात अहमदाबाद ले गये थे उसके बाद से इनका पुत्र लापता है, जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता संतोश कुमार विश्वकर्मा का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता का विवरण/हुलिया :–**

नाम–संतोश कुमार वि वकर्मा, रंग–सॉवला,(मोछ–दाढ़ी नहीं रखता है),
लम्बाई–5 फीट 6 इंच, शिक्षा–नवम वर्ग, बोलचाल की भाषा–हिन्दी, मगही, पहनावा–उजला रंग का फुल भार्ट एवं उजला फुल पैन्ट एवं लाल हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.375058 Police(25-26):D




## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका आम)–सह–उपायुक्त, गढ़वा
(व्यय अनुश्रवण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों एवं नगरपालिका निर्वाचन 2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय 16 की कण्डिका 16.4 एवं 6.6 में निहित अनुदेशों के आलोक में अभ्यर्थियो/निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का संधारित लेखा परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना है। निर्वाचन व्ययों का लेखा जमा करने के अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर सभी अभ्यर्थियो/निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कर्मियों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation Training Programme) आयोजित करने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में सरलीकरण प्रशिक्षण निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद(वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में |

**अभ्यर्थियो द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच तिथि**

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद(वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में |

सभी अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता व्यय पंजी निरीक्षण की अंतिम निर्धारित तिथि को निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय के साथ मतगणना तिथि तक व्यय राशि को अपने लेखा पंजी में विधिवत् संधारित कर मूल अभिश्रवों (Vouchers) बैंक खाता के अद्यतन विवरणी एवं सार विवरणी भाग (I से VI) के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक अंतिम जाँच तिथि को अभ्यथियों के दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच के क्रम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष उसी दिन समर्पित करेगे तथा समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी, समान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–(नगरपालिका)
सह–उपायुक्त,गढ़वा।

PR 375048 (Election) 25-26 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### लाभार्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो इसी महीने से ही उनके बैंक खाते में आने वाली राशि रोकी जाएगी



**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सबसे महत्वाकांक्षी और लोकप्रिय 'लक्ष्मी भंडार' योजना को लेकर नवान्न (राज्य सचिवालय) ने नियमों में कड़ाई बरतने का फैसला किया है। नए दिशा–निर्देशों के अनुसार, यदि लाभार्थी निर्धारित मापदंडों को पूरा नहीं करते हैं, तो इसी महीने से ही उनके बैंक खाते में आने वाली राशि रोकी जा सकती है। प्रशासन की इस सख्ती से राज्य के हजारों लाभार्थियों पर संकट मंडरा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब इस योजना का लाभ केवल उन्हीं महिलाओं को मिलेगा जिनका बैंक खाता उनके आधार कार्ड से लिंक है। आधार सीडिंग न होने की स्थिति में भुगतान प्रक्रिया स्वत: बाधित हो जाएगी। इसके अलावा, एक महत्वपूर्ण बदलाव 'सिंगल बैंक अकाउंट' को लेकर किया गया है। अब संयुक्त खाते में योजना की राशि नहीं भेजी जाएगी; इसके लिए लाभार्थी के नाम पर व्यक्तिगत बैंक खाता होना अनिवार्य है। पात्रता की शर्तों को दोहराते हुए कहा गया है कि आवेदन करने वाली महिला की उम्र 25 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही लाभार्थी को वृद्धावस्था पेंशन के लिए आवेदन करना होगा। साथ ही, यदि परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी या पेंशन का लाभ ले रहा है, तो वे इस योजना के पात्र नहीं होंगे। दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर खाता तत्काल प्रभाव से रद कर दिया जाएगा। प्रशासन ने लाभार्थियों को सलाह दी है कि वे बैंकिंग संबंधी त्रुटियों को सुधारने के लिए तुरंत बैंक या नजदीकी शिविर से संपर्क करें।

### बनेंगे दो नए एमआरएफ सेंटर, 300 टन कचरे का होगा रोजाना निस्तारण



**गाजियाबाद, एजेंसी।** शहर में बढ़ती ठोस कचरा समस्या के समाधान के लिए नगर निगम दो नये मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर स्थापित करेगा। ये सेंटर रेत मंडी और अकबरपुर बहरामपुर क्षेत्र में बनाए जाएंगे। यहां कचरे को दोबारा उपयोग और रिसाइक्लिंग के लिए तैयार किया जाएगा। शहर में प्रतिदिन लगभग 1800 से 2000 टन ठोस कचरा निकलता है। सेंटरों के शुरू होने के बाद कचरे को आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित कर्मियों की मदद से विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा। इसमें प्लास्टिक, धातु, कागज, गत्ता और कांच को अलग करके रिसाइक्लिंग इकाइयों तक भेजा जाएगा। जिससे लैंडफिल पर जाने वाले कचरे की मात्रा कम हो सकेगी। कचरे की छंटाई के लिए कन्वेयर बेल्ट आधारित प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। दूसरे स्थान तक लगातार ले जाने के लिए किया जाता है। इसमें एक लंबी चलने वाली बेल्ट लगी होती है जो मोटर की मदद से घूमती रहती है। इस पूरे प्रोसेस की ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जा सकेगी। जिससे कचरे के निस्तारण और प्रोसेसिंग की निश्चित समय की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

# राम मंदिर में सात दिवसीय अनुष्ठान कलश यात्रा के साथ शुरू, राष्ट्रपति के आगमन पर होगी पूर्णाहुति

**अयोध्या, एजेंसी।** श्रीराम मंदिर के दूसरे तल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के यजमानत्व में 19 मार्च को स्थापित होने वाले श्रीराम नाम मंदिर व श्रीराम यंत्र की प्रतिष्ठा का सात दिवसीय अनुष्ठान गुरुवार से शुरू हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को देखते हुए मध्याह्न 12 बजे के बाद प्रतीकात्मक कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से लक्ष्मण किला तक निकाली गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा अनिल मिश्र ने प्रायश्चित कर्म/पूजन किया। इसके अन्तर्गत उन्होंने क्षौर कर्म कराकर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य मां सरयू के पुण्य सलिल में डुबकी लगाई।

पुनः श्रीराम जन्मभूमि यज्ञशाला में नौ कुण्डीय हवन-पूजन के लिए पंचांग पूजन, वेदी पूजन के साथ अन्य कर्मकांड शुरू हुए। इसके साथ चतुर्वेदों व विविध ग्रंथों का पारायण भी शुरू हो गया। मुख्य यजमान डा. मिश्र ने बताया कि कांची कामकोटि शंकराचार्य जगदुरु स्वामी विजयेन्द्र सरस्वती के निर्देशन में प्राण प्रतिष्ठित श्रीराम यंत्र को यहां रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के समय ही लाया गया था। तभी से राम मंदिर में श्रीराम यंत्र का पूजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे तल पर इस यंत्र की प्रतिष्ठा के लिए यज्ञमंडप में सात दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे तल पर इसकी स्थापना 18 मार्च को चैत्र कृष्ण अमावस्या को हो जाएगी। पुनः 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के द्वारा पूजन के उपरांत अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी।

उन्होंने बताया कि इस अनुष्ठान के मुख्य आचार्य चंद्र भानु शर्मा व उनके सहयोगियों में आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य रवीन्द्र पैठाढ़े सहित 51 आचार्यों की टोली शामिल हैं। बताया गया कि प्रतिदिन सुबह -शाम अनुष्ठान चलता रहेगा । डा. मिश्र ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियां चल रही है। इस समारोह में तीन सौ एजेंसियों के करीब 18 सौ लोगों को आमंत्रित किया गया है।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के करीब साढ़े तीन हजार अतिथियों को भी आमंत्रित किया



गया है जो कि राम मंदिर आंदोलन के साथ मंदिर निर्माण के लिए समर्पण अभियान में सम्मिलित रहे। इसके अतिरिक्त सात राज्यों से करीब तीन सौ संतों को भी आमंत्रित किया गया है। उनके लिए सात अलग-अलग स्थानों पर निवास भोजन की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि केरल की सुप्रसिद्ध अध्यात्मिक गुरु मां अमृतानंद मयी अपने 12 सौ भक्तों के साथ यहां आ रही है। वह 15 मार्च को भक्तों के आग्रह पर उनके साथ ट्रेन से चलकर 17 मार्च को अयोध्या पहुंचेगी। पुनः यहां 20 मार्च तक प्रवास करेंगी। श्री विक्रमादित्य महोत्सव समिति के तत्वावधान में वर्ष प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर 18 मार्च को पूरी भव्यता के साथ रामकोट की परिक्रमा आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष व श्रीराम वल्लभा कुंज के अधिकारी स्वामी राजकुमार दास ने परिक्रमा में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं के भाग लेने का आह्वान किया। इसके साथ उन्होंने अपने अपने घरों व मंदिरों में ध्वज-पताका फहराने एवं वंदनवार सजाने की भी अपील की। इसके पहले श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डा अनिल मिश्र ने कहा कि परिक्रमा का शुभारम्भ 21 वर्ष पहले राम मंदिर निर्माण के संकल्प के साथ शुरू किया गया था। यह संकल्प पूर्ण होने के बाद प्रतिदिन परिक्रमा की परम्परा डाली गयी जिससे कि युवा पीढ़ी में इसके प्रति जागरूकता पैदा हो सके।

हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि संतों के संकल्प की सिद्धि से इस परिक्रमा का ऐतिहासिक महत्व हो गया है। ऐसे में इसके महत्व को संरक्षित करने के लिए आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन की परिक्रमा का सांस्कृतिक व धार्मिक महत्व है। फिर भी विश्वास की दृढ़ता के लिए वर्ष में एक बार होने वाली इस परिक्रमा को सतत चलाना होगा। लक्ष्मण किला महंत मैथिली रमण शरण ने भी कहा कि आंग्ल नववर्ष की तरह हिंदी नववर्ष पर भी सभी सनातन धर्मियों को उत्सव मनाना चाहिए। बावन मंदिर महंत वैदेही वल्लभ शरण ने कहा कि 21 वर्ष पहले इस परिक्रमा को शुरू करने के पीछे संघ के प्रांत प्रचारक स्वांत रंजन ने कई संकल्पों को शामिल किया था। जिसमें श्रीराम जन्मभूमि का संरक्षण भी शामिल था। संचालन महंत रामशरण दास रामायणी ने किया। इस दौरान सीताकांत सदन महंत रामानुज शरण, आचार्य राकेश तिवारी, जानकी कुंज महंत वीरेंद्र दास, महंत छवि राम दास, महंत सत्येंद्र दास शास्त्री , डा. चंद्रगोपाल पाण्डेय ,अवनि कुमार शुक्ल अन्य शामिल रहे।

## बकाया डीए की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल

**ममता सरकार बोली- अनुपस्थिति पर कटेगा वेतन**

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में बकाया महंगाई भत्ते (डीए) की मांग को लेकर सरकारी कर्मचारी संगठनों द्वारा बुलाई गई राज्यव्यापी हड़ताल के मद्देनजर ममता बनर्जी सरकार ने बेहद सख्त रुख अख्तियार किया है। राज्य सचिवालय 'नवान्न' ने स्पष्ट कर दिया है कि हड़ताल के दिन दफ्तरों से नदारद रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और उनका उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देशिका के अनुसार, सभी सरकारी कार्यालय सामान्य रूप से खुले रहेंगे और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। सरकार ने साफ किया है कि इस दिन किसी भी प्रकार का आकस्मिक अवकाश (सीएल) या आधे दिन की छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों की सेवा में उस दिन को 'डाइस-नान' (सेवा में व्यवधान) माना जाएगा, जिसका सीधा असर उनके वेतन और सेवा रिकार्ड पर पड़ेगा। हालांकि, कुछ विशेष परिस्थितियों जैसे अस्पताल में भर्ती होने, परिवार में शोक या 12 मार्च से पहले से स्वीकृत मातृत्व और चिकित्सा अवकाश को इस दायरे से बाहर रखा गया है।

अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। सरकार ने सभी विभागों को 30 मार्च तक अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशासनिक कामकाज में कोई बाधा न आए।



## हाई कोर्ट ने बनूर जमीन हेरफेर पर सरकार से मांगा जवाब, मोहाली डीसी के आदेश पर कार्रवाई की रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब–हरियाणा हाई कोर्ट ने बनूर नगर परिषद की सैकड़ों करोड़ रुपये की भूमि को लेकर कथित तौर पर हेरफेर और बदली गई राजस्व प्रविष्टियों से जुड़े आरोपों पर पंजाब सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि मोहाली के डिप्टी कमिश्नर के 5 अगस्त 2024 को पारित आदेश पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। एडवोकेट सुनीना ने याचिका दाखिल करते हुए बताया कि मोहाली के बनूर में स्थित करीब 156 बीघा 9 बिस्वा जमीन राजस्व रिकॉर्ड में नगर परिषद बनूर की संपत्ति के रूप में दर्ज है। यह जमीन नगर सीमा के भीतर आती है और इसकी अनुमानित कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये है। इस जमीन के स्वामित्व और कब्जे को पहले ही सिविल अदालतों द्वारा मान्यता दी जा चुकी है। वर्ष 1981 में हाई कोर्ट द्वारा रेगुलर सेकेंड अपील खारिज होने के बाद मामला अंतिम रूप से तय हो गया था। इसके बाद 25 अप्रैल 2017 को राजस्व और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नगर परिषद बनूर को जमीन का कब्जा भी सौंप दिया गया था। इसके बाद 31 अगस्त 2017 को एक 'रपट रोज़नामचा' के जरिए संबंधित पटवारी ने अवैध रूप से गिरदावरी प्रविष्टि बदलकर जमीन की खेती का अधिकार पंचकूला के बरवाला निवासी जगतार चंद के नाम दर्ज कर दिया, जबकि इसके लिए कोई वैधानिक अधिकार नहीं था। हाई कोर्ट के आदेशों के बाद डीसी ने विस्तृत जांच कराई। सभी राजस्व रिकॉर्ड और अधिकारियों की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद 5 अगस्त 2024 को एक विस्तृत आदेश पारित कर कहा गया कि यह राजस्व प्रविष्टि गलत और अवैध तरीके से दर्ज की गई थी और यह सरकारी निर्देशों तथा पंजाब लैंड रिकॉर्ड्स मैनुअल के प्रावधानों का उल्लंघन है। आदेश में संबंधित कानूनगो और पटवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी आवश्यकता बताई गई। हाई कोर्ट में याचिकाकर्ता ने मांग की कि मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय विशेष जांच दल गठित किया जाए और डिप्टी कमिश्नर के आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।




## हिमाचल के किन्नौर में बदला मौसम का मिजाज, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुआ ताजा हिमपात

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जनजातीय जिला किन्नौर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। प्रदेश के रोहतांग, शिंकुला और बारालाचा दर्रों में हिमपात दर्ज किया गया है, जबकि किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी ताजा बर्फबारी हुई है। जानकारी के अनुसार, किन्नौर के हांगो, नाको, नेसंग, आसरंग, चारंग तथा छितकुल सहित ऊंचाई वाले इलाकों में करीब एक इंच तक ताजा हिमपात हुआ है। वहीं निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई। बर्फबारी और बारिश के कारण तापमान में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। करीब डेढ़ महीने से जिले में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई थी, जिससे किसान और बागवान चिंतित थे। अब बारिश और हिमपात होने से उन्हें काफी राहत मिली है और लोगों ने राहत की सांस ली है। साथ ही आने वाले दिनों में और बारिश होने की उम्मीद भी बढ़ गई है।



## नोएडा में कारोबारी से तीन करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ केस दर्ज



**नोएडा, एजेंसी।** दुबई में रहने वाले कारोबारी को जानकार समेत दो लोगों को पूरी रकम लिए बिना सेक्टर 18 की संपत्ति पर कब्जा देना भारी पड़ गया। दोनों ने सौदे के मुताबिक न तो पूरी रकम चुकाई और न ही अब संपत्ति पर कब्जा लौटा रहे हैं। कारोबारी के विरोध करने पर धमकी दे रहे हैं। कारोबारी ने कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपितों के खिलाफ सेक्टर 20 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। नोएडा सेक्टर 76 स्थित आम्रपाली सिलिकन सोसायटी के रहने वाले शाकिर हुसैन दुबई में कारोबार करते हैं। उन्होंने सितंबर 2016 में बैंक से नीलाम सेक्टर 18 में एक संपत्ति खरीदी थी। वह दिल्ली रानीबाग के नवीन सचदेवा को करीब 10 साल से जानते हैं। उसको समय-समय पर रकम उधार भी देते रहते हैं। नवीन ने दिल्ली हरीनगर के भरत मेहता संग मिलकर 2019 में नौ करोड़ रुपये में संपत्ति का सौदा किया था। एग्रीमेंट टू सेल में तय हुआ कि इस रकम में से तीन करोड़ रुपये नवीन व शेष छह करोड़ रुपये भरत द्वारा दिए जाएंगे। आरोप है कि दोनों ने छह करोड़ रुपये देकर संपत्ति पर कब्जा ले लिया। उसके बाद शाकिर ने शेष रकम देने और बैनामा कराने को बोला तो आरोपित टरकाते रहे। 2021 में आरोपितों ने चाल चली। शाकिर को छह करोड़ रुपये वापस देकर संपत्ति लेने को बोला। शाकिर ने छह करोड़ रुपये का चेक भरत को दिया तो दोनों ने इस प्रस्ताव को भी रद्द कर दिया। अब आरोपित ने तो बकाया रकम दे रहे हैं और न ही संपत्ति पर कब्जा दे रहे हैं। इस बारे में बात करने पर अभद्रता करते हैं।

# नगर निगम में 116 करोड़ के घोटाले में कार्रवाई, मास्टरमाइंड विक्रम वाधवा की रेंज रोवर मिली; आरोपी की तलाश जारी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** नगर निगम के करीब 116 करोड़ रुपये के कथित वित्तीय घोटाले की जांच के दौरान चंडीगढ़ पुलिस ने मुख्य आरोपित विक्रम वाधवा की एक रेंज रोवर कार शहर से बरामद की है। हालांकि पुलिस के अनुसार इस पूरे मामले में अहम भूमिका निभाने का आरोप झेल रहे वाधवा अभी भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। पुलिस जांच के मुताबिक घोटाले को अंजाम देने के लिए एक सुनियोजित तरीका अपनाया गया था। नगर निगम की ओर से फिक्स्ड डिपाजिट(एफडी) बनाने के लिए जारी किए गए चेक कथित तौर पर बैंक के आधिकारिक सिस्टम में दर्ज ही नहीं किए गए। जांच एजेंसियों को शक है कि इन पैसों को विक्रम वाधवा से जुड़े कारोबारों की ओर मोड़ दिया गया, जिससे कागजों में ऐसा प्रतीत हो कि नगर निगम ने सीधे इन कंपनियों को भुगतान किया है। आर्थिक अपराध शाखा(इओडब्ल्यू) की जांच में अब तक करीब 2400 लेन-देन का मनी ट्रेल सामने आया है। शुरुआती जांच के अनुसार आरोपितों ने रकम को छिपाने के लिए कई परतों में लेन-देन किए और अलग-अलग व्यवसायों में भुगतान किया। इनमें ज्वेलरी दुकानों सहित कई अन्य विक्रेताओं को भी भुगतान किया गया। सूत्रों के अनुसार कई मामलों में भुगतान प्राप्त करने वाले लोगों को यह जानकारी नहीं थी कि उन्हें मिली राशि किसी घोटाले से जुड़ी हुई है। सेक्टर-23 स्थित ज्वेलरी दुकानों से करोड़ों रुपये के आभूषण खरीदे गए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी इन ज्वेलरी दुकानों पर छापेमारी कर जांच शुरू की है। पुलिस अब इन सभी लेन-देन का विश्लेषण कर पूरे मनी ट्रेल को जोड़ने और वास्तविक लाभार्थियों की पहचान करने में जुटी है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अब तक



सामने आए 2400 ट्रांजेक्शन के अलावा भी मनी ट्रेल और लंबा हो सकता है। साथ ही इस संभावना की भी जांच की जा रही है कि वाधवा को इस कथित घोटाले को अंजाम देने में किसी अन्य व्यक्ति का मार्गदर्शन या सहयोग मिला हो। यह मामला तब सामने आया जब नगर निगम ने चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के खातों से धनराशि अपने खातों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की। फर्स्ट बैंक शाखा से जारी करीब 116.84 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपाजिट रसीदें (एफडीआर) कथित तौर पर फर्जी थीं। इसके बाद नगर निगम ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। यह कथित अनियमितताएं मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच हुईं। पुलिस ने मामले में तत्कालीन बैंक प्रबंधक सहित अन्य आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों में मामला दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस की जांच का मुख्य फोकस पूरे मनी ट्रेल का पता लगाने और फरार आरोपित विक्रम वाधवा को पकड़ने पर है। चंडीगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एंड साइंस एंड टेक्नोलाजी प्रमोशन सोसाइटी (क्रेस्ट) ने करीब 80 करोड़ रुपये के लेन-देन में संभावित अनियमितताओं की आशंका जताते हुए आर्थिक अपराध शाखा (इओडब्ल्यू) को शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्रेस्ट की ओर से दी गई शिकायत में बताया गया है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े लगभग 80 करोड़ रुपये के वित्तीय लेन-देन में संभावित गड़बड़ियां सामने आई हैं। हालांकि संस्था को यह राशि प्राप्त हो चुकी है, लेकिन पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी तरह की अनियमितता की संभावना को खत्म करने के लिए पूरे मामले की विस्तृत जांच की मांग की गई है।

## हिमाचल में नर्सरी से पहली कक्षा तक प्रवेश के लिए आयु सीमा निर्धारित, सरकारी और प्राइवेट स्कूलों पर लागू होगा नियम

**शिमला, एजेंसी।** स्कूल शिक्षा निदेशालय ने नर्सरी से पहली कक्षा तक प्रवेश के लिए आयु सीमा निर्धारित कर दी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में निहित प्रविधानों के अनुसार दाखिले की यह आयु सीमा निर्धारित की है। विभाग पहले भी इस पर आदेश जारी कर चुका है। नए शैक्षणिक सत्र से पहले अभिभावकों व स्कूलों की ओर से शिकायतें मिल रही थीं। सचिव शिक्षा राकेश कंवर ने वीरवार को नए आदेश जारी किए हैं। अब शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए आयु की गणना 30 सितंबर तक पूरी होने के आधार पर की जाएगी। अगर कोई बच्चा निर्धारित आयु 30 सितंबर तक पूरी कर लेता है तो उसे संबंधित कक्षा में प्रवेश देने से इनकार नहीं किया जा सकेगा। सचिव की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि उदाहरण के तौर पर यदि किसी बच्चे की जन्मतिथि 15 अप्रैल, 2023 है और वह सत्र 2026-27 में बालवाटिका-एक में प्रवेश लेना चाहता है, तो वह पात्र माना जाएगा क्योंकि वह 30 सितंबर 2026 से पहले तीन वर्ष की आयु पूरी कर लेगा। विभाग की




ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जो बच्चे वर्तमान सत्र में पहले से किसी प्री-प्राइमरी कक्षा में पढ़ रहे हैं और 30 सितंबर 2026 तक अगली कक्षा के लिए निर्धारित आयु पूरी कर लेते हैं, उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। यदि किसी बच्चे की जन्मतिथि 25 अगस्त 2020 है और वह इस समय बालवाटिका-दो या तीन में पढ़ रहा है तो उसे पहली कक्षा में प्रवेश मिल सकेगा, क्योंकि वह 30 सितंबर 2026 से पहले छह वर्ष की आयु पूरी कर लेगा।

**सरकारी व निजी दोनों स्कूलों पर लागू होंगे नियम:** यह संशोधित आयु मानदंड प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों पर समान रूप से लागू होंगे। उल्लंघन करता है तो अभिभावक संबंधित जिले के उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के पास अपील कर सकते हैं। सरकार ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि इन नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com






## संपादकीय

# राष्ट्रपति की गरिमा के खिलाफ

गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नौवें अंतर्राष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में भाग लेने के दौरान कथित लापरवाही के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। ये कथित लापरवाही प्रोटोकॉल, मार्ग सुरक्षा और कार्यक्रम स्थल प्रबंधन से संबंधित हैं। पश्चिम बंगाल में आयोजित इंटरनेशनल संथाल कॉन्क्लेव में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे से जुड़ा विवाद केवल कार्यक्रम में व्यवस्था तक सीमित नहीं। यह मामला अब संवैधानिक गरिमा, प्रशासनिक जवाबदेही और चुनावी राजनीति का बन चुका है। राष्ट्रपति का खुद सार्वजनिक रूप से खामियों की ओर इशारा करना भी सामान्य बात नहीं है। विवाद की शुरुआत उस समय हुई जब कार्यक्रम स्थल आखिरी समय में बदल दिया गया। स्थानीय प्रशासन का तर्क था कि मूल स्थान भीड़भाड़ वाला था। लेकिन, राष्ट्रपति ने खुद उस स्थान का दौरा किया और कहा कि जगह पर्याप्त थी। इसके अलावा प्रोटोकॉल के उल्लंघन और दूसरी लापरवाही की बात भी कही जा रही है। भारत में राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर माना जाता है। केंद्र और राज्यों में सरकार चाहे किसी की भी हो, लेकिन राष्ट्रपति का कार्यक्रम कभी किसी राजनीतिक विवाद में नहीं पड़ता। यह पद किसी व्यक्ति की नहीं, देश की गरिमा और प्रतिष्ठा से जुड़ा है। ऐसे में अगर राष्ट्रपति खुद यह महसूस करती हैं कि उनके सम्मान का ख्याल नहीं रखा गया, तो कई सवाल खड़े होते हैं।राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल को लेकर सख्त नियम है, जिनका पालन हर हाल में करना होता है। राष्ट्रपति को आमतौर पर राज्य के मुख्यमंत्री रिसीव करते हैं या उनकी तरफ से नॉमिनेट उनका कोई मिनिस्टर। बताया जा रहा है कि बंगाल में ऐसा नहीं हुआ। केंद्र सरकार ने इस चुक पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। लेकिन, इस घटना से जुड़ा एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और वह है पश्चिम बंगाल की राजनीति। राज्य में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं और मुख्य टक्कर भाजपा व सत्ताधारी टीएमसी के बीच मानी जा रही।चुनावी मैदान की यही तल्खी अब संवैधानिक परंपराओं में दिख रही है। टीएमसी ने केंद्र पर राष्ट्रपति पद के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप लगाया है। सीएम ममता बनर्जी कह रही हैं कि कोई प्रोटोकॉल नहीं टूटा।यह कार्यक्रम संथाल आदिवासियों से जुड़ा था। राष्ट्रपति खुद इस समुदाय से ताल्लुक रखती हैं। इस मामले से यह भी पता चलता है कि देश में कई बार बड़े आयोजनों तक की तैयारी आखिरी वक्त तक चलती रहती है।

*समकालीन विश्व व्यवस्था एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां शक्ति की परिभाषा विस्तार ले रही है। पारंपरिक रूप से सैन्य क्षमता और क्षेत्रीय प्रभाव को शक्ति का प्रमुख आधार माना जाता रहा है, मगर अब डेटा, एल्गोरिद्म और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना भी उसी श्रेणी में शामिल हो चुके हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के सामने चुनौती यह है कि वे एआइ को केवल बाजार शक्ति या सीमित निगमित हित का साधन बनने से कैसे रोकें।*

# एआई की दौड़ में कौन जीतेगा शक्ति की बाजी, बदलती वैश्विक ताकत का नया समीकरण

**(धीरज यादव)**

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस दौर में कृत्रिम मेधा (एआइ) केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गई है, बल्कि यह उत्पादन, शासन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की केंद्रीय शक्ति बनती जा रही है। स्वचालन, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण पर आधारित प्रणालियां विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्र तक उत्पादकता की प्रकृति बदल रही हैं। सैन्य क्षेत्र में स्वायत्त प्रणालियां, खुफिया विश्लेषण और निगरानी तकनीक रणनीतिक क्षमता को प्रभावित कर रही हैं। साइबर सुरक्षा में हमलों की पहचान और रोकथाम के लिए एआइ आधारित तंत्र अनिवार्य होते जा रहे हैं। इन सभी आयामों का मूल तत्त्व है डेटा और उसे संसाधित करने की क्षमता। कृत्रिम मेधा को अब केवल साफ्टवेयर के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह ऊर्जा, तेल या सेमीकंडक्टर की तरह एक रणनीतिक संसाधन का रूप ले चुकी है। जिस इकाई के पास उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना, विशाल डेटा भंडार और उन्नत 'एल्गोरिद्म' क्षमता है, वह आर्थिक और सामरिक निर्णयों पर प्रभाव डाल सकती है। इस बदलते परिदृश्य में शक्ति का पारंपरिक संतुलन केवल सैन्य या भौगोलिक कारकों से निर्धारित नहीं होगा, बल्कि तकनीकी दक्षता और डिजिटल अवसंरचना भी उसकी दिशा तय करेगी। अब कृत्रिम मेधा का प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। विनिर्माण, साजो-सामान, स्वास्थ्य और वित्त जैसे क्षेत्रों में एआइ आधारित स्वचालन तथा विश्लेषण से उत्पादकता में वृद्धि दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की रपटें यह बताती हैं कि डेटा विश्लेषण एवं मशीन 'लर्निंग' से निर्णय प्रक्रिया तेज होती है और संसाधनों का उपयोग अधिक कुशल बनता है। इससे पूंजी निर्माण की प्रकृति भी बदल रही है। पारंपरिक भौतिक संपत्तियों की तुलना में अब डेटा, एल्गोरिद्म और कंप्यूटिंग क्षमता नई पूंजी के रूप में उभर रहे हैं। इस परिवर्तन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम सेमीकंडक्टर उद्योग और 'क्लाउड' अवसंरचना है। उन्नत चिप निर्माण और उच्च क्षमता वाले डेटा सेंटर एआइ विकास की आधारशिला हैं। जिन देशों और कंपनियों के पास अत्याधुनिक चिप डिजाइन, विनिर्माण क्षमता और वैश्विक क्लाउड नेटवर्क हैं, वे तकनीकी मूल्य शृंखला के ऊपरी हिस्से पर नियंत्रण बनाए रखते हैं। डिजिटल अर्थव्यवस्था में कुछ बड़े वैश्विक मंचों का केंद्रीकरण यह दर्शाता है कि डेटा और नेटवर्क प्रभाव से बाजार संरचना सिमट सकती है। जाहिर है, जिनके पास उन्नत एआइ माडल, व्यापक डेटा संसाधन और उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग अवसंरचना है, वही वैश्विक मूल्य शृंखला के निर्णायक बिंदुओं पर प्रभाव रखते हैं। इससे आर्थिक शक्ति की पारंपरिक परिभाषा का विस्तार हुआ है, जिसमें तकनीकी क्षमता और डिजिटल नियंत्रण केंद्रीय तत्त्व बनते जा रहे हैं। इस आर्थिक संरचना ने तकनीकी कंपनियों की भूमिका को भी असाधारण रूप से विस्तारित किया है। एआइ के विकास ने बड़ी तकनीकी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली भूमिका प्रदान की है। उनके मंच, क्लाउड नेटवर्क और उन्नत एआइ माडल करोड़ों उपयोगकर्ताओं, वित्तीय लेन-देन और सूचना प्रवाह को संचालित करते हैं। इस कारण उनकी नीतियां और तकनीकी निर्णय अनेक देशों की अर्थव्यवस्था, मीडिया संरचना और यहां तक कि सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित कर सकते हैं। मगर यह भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि ये कंपनियां पूर्णतः स्वायत्त इकाइयां नहीं हैं। वे राष्ट्रीय कानूनों, डेटा संरक्षण नियमों, प्रतिस्पर्धा आयोगों और निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं से बंधी रहती हैं। अमेरिका और चीन के बीच चल रही तकनीकी प्रतिस्पर्धा इसका स्पष्ट उदाहरण है। उन्नत एआइ चिप और सेमीकंडक्टर उपकरणों के निर्यात पर लगाए गए नियंत्रण यह दर्शाते हैं कि अंतिम नियामक शक्ति अभी भी राष्ट्र-राज्य के पास है। इसी प्रकार यूरोप में डिजिटल बाजार कानून और डेटा संरक्षण विनियम तकनीकी कंपनियों के संचालन पर प्रभाव डालते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि निगमित शक्ति और राज्य शक्ति के बीच सीधा प्रतिस्थापन नहीं, बल्कि एक जटिल अंतर-संबंध विकसित हो रहा है। वर्तमान परिदृश्य में यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि निगमित और राज्य के बीच शक्ति संतुलन का नया समीकरण बन रहा है। तकनीकी नवाचार और पूंजी निगमित संरचनाओं में केंद्रित हैं, जबकि वैधानिक अधिकार और सामरिक नीति निर्माण राष्ट्र या राज्य के हाथ में है। भविष्य की कृत्रिम मेधा इसी अंतर्क्रिया से आकार ले सकती है, जहां तकनीकी क्षमता और राजनीतिक संप्रभुता एक-दूसरे को प्रभावित करती रहेंगी। एआइ का सैन्य और रणनीतिक आयाम इस विमर्श को और गंभीर बनाता है। अनेक देश स्वायत्त या अर्ध स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर शोध कर रहे हैं, जिनमें लक्ष्य पहचानने, निगरानी और निर्णय में सहायता के लिए मशीन लर्निंग आधारित प्रणालियां प्रयोग में लाई जा रही हैं। रक्षा विश्लेषण और खुफिया जांच में एआइ आधारित डेटा प्रोसेसिंग से विशाल सूचना का त्वरित आकलन संभव हुआ है। इससे युद्ध क्षेत्र की समझ और प्रतिक्रिया समय, दोनों प्रभावित होते हैं। जटिल साइबर हमलों की पहचान, नेटवर्क असमानताओं का विश्लेषण और स्वचालित रक्षा तंत्र अब एल्गोरिद्मिक प्रणालियों पर आधारित हैं। दूसरी ओर, आक्रामक साइबर क्षमताओं में भी स्वचालित उपकरणों का उपयोग बढ़ रहा है, जिससे डिजिटल अवसंरचना रणनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन गई है। इसके साथ ही निगरानी प्रणालियों और डेटा विश्लेषण के माध्यम से राज्य अपनी आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक गतिविधियों पर अधिक व्यापक नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं। चेहरा पहचान तकनीक, व्यवहार विश्लेषण और संचार निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सार्वजनिक नीति और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन का प्रश्न उठाती हैं। इस प्रकार कृत्रिम मेधा केवल आर्थिक शक्ति का साधन नहीं, बल्कि सैन्य और सामरिक संरचना का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जो वैश्विक शक्ति संतुलन की दिशा को प्रभावित कर सकता है। वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत की स्थिति विशिष्ट है। पिछले एक दशक में देश ने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का एक ऐसा माडल विकसित किया है, जिस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान आकर्षित हुआ है। आधार, यूपीआइ और डिजिटल पहचान तंत्र ने सेवा वितरण, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता में संरचनात्मक बदलाव किया है। यह ढांचा एआइ अनुप्रयोगों के लिए एक आधार प्रदान करता है, क्योंकि बड़े पैमाने पर डिजिटल लेन-देन और डेटा प्रवाह नवाचार की संभावनाएं खोलते हैं। इसके साथ ही डेटा संप्रभुता का प्रश्न गंभीर होता जा रहा है। यदि भारतीय नागरिकों और संस्थानों से उत्पन्न डेटा का विश्लेषण और मूल्य सृजन किसी विदेशी मंच पर केंद्रित रहता है, तो आर्थिक लाभ और रणनीतिक नियंत्रण दोनों सीमित हो सकते हैं।

# होर्मुज संकट से हिला दुनिया का तेल बाजार, महंगाई बढ़ने की आशंका

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और तेल ठिकानों पर हमलों के बीच ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल पार पहुंच गया, जबकि 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है। सप्लाई बाधित होने से वैश्विक बाजार दबाव में हैं। भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों में महंगाई, बढ़ते आयात बिल और रुपये पर अतिरिक्त दबाव की चिंता बढ़ गई है। कतर के पेट्रोलियम मंत्री ने चार दिनों पहले चेतावनी दी थी कि क्रूड ऑयल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। अब यह चेतावनी हकीकत का रूप लेती लग रही है। ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर प्रति बैरल के बैरियर को पार कर चुका है। इसमें एक ही दिन में 29त्न की तेजी आई और 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद से अब तक के उच्चतम स्तर पर है। दुनिया में पैदा होने वाले कुल क्रूड ऑयल का करीब एक तिहाई पश्चिम एशिया से आता है। अकेले होर्मुन स्ट्रेट से 20 प्रतिशत तेल की डिलिवरी होती है। इस रास्ते से व्यापार फिलहाल बंद है और इलाके में मौजूद ऑयल फैसिलिटीज भी निशाना बन रही है। पिछले दिनों कतर के सबसे बड़े एलएनजी प्लांट और सऊदी अरब की सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनरी पर ईरान ने हमला किया था। अब बहरीन की सरकारी कंपनी बीएपीसीओ ने भी कह दिया है कि वह अपने व्यापारिक वादे पूरे नहीं कर पाएगी। इतिहास डरा रहा। संघर्ष की वजह से ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन बाधित हुई और उसी का असर क्रूड ऑयल पर दिख रहा है। अमेरिका-इसाइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद से इसमें करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो चुकी है और चिंता की बात है कि इसमें फिलहाल सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। उल्टे कई एक्सपर्ट्स को 1973 के क्राइसिस की याद आ रही है, जब अरब-इस्राइल युद्ध की वजह से क्रूड की कीमतें 300 प्रतिशत तक चढ़ गई थी।

# मौन की नदी, आधुनिक समाज में रिश्तों, संवेदनाओं और सामाजिक न्याय का संकट

**(राजेंद्र मोहन शर्मा)**

समय की बूढ़ी हथेली से फिसलता हुआ सत्य आज जिस मोड़ पर खड़ा है, वहां विजय-गाथा के कथानक युगबोध के छल में कैद हो चुके हैं। रसातल में दबे हुए यथार्थ और रश्मियों के स्वप्निल गीतों के बीच एक गहरा सन्नाटा पसरा है, जो मौन की ठंडी नदी की तरह समाज की रग-रग में बह रहा है। जब वर्जनाएं शिशिर की तरह इतिहास को थाम लेती हैं, तब केवल प्रकृति नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की चेतना भी जम जाती है। थरथराती हुई टहनियों पर लदी हिम की सुगंध दरअसल उस ठिठुरते हुए जनमानस की तरह है, जिसका इतिहास बर्फ के नीचे सहमकर और दबकर चेतना से शून्य हुआ जाता है। शोर को गीत में बदलने की छटपटाहट और उमस से भरे दम घोंटते दिनों के बीच लयों का नवनीत खोजना ही वह संघर्ष है, जो मानवीय संबंधों को फिर से परिभाषित करता है। संबंधों की ऊष्मा जब नेह भीगी रागिनी में तब्दील होती है, तभी समाज का कसैलापन स्निग्धता से आच्छादित प्रीत में बदल पाता है। मगर आज के परिवेश में मानवीय संबंधों की स्थिति उस पंख टूटी सांझ की तरह हो चली है, जो वन में भटककर खो गई है। समय की हथकड़ी पहने हुए लोग जब निर्वासन पर निकलते हैं, तो परिचय की चूड़ियां पहले ही टूटकर बिखर जाती हैं। स्मृतियों की परत पर जमी हुई दूरियां जब तक सांसों में उभरती हैं, तब तक संवाद के विहग अनजान नभ में उड़ जाते हैं। ऐसे में सामाजिक न्याय का प्रश्न तब और गहरा हो जाता है, जब कथा जन-अभिषेक की हर बार अधूरी रह जाती है। संकल्प की छिदती हुई त्वचा और गरलदंतों के प्रहार से सत्ता और व्यवस्था के नागपाशों में केवल कल्पनाएं ही नहीं, बल्कि मनुष्य का आत्मसम्मान भी जकड़ कर चेतनाहीन हुआ है। सिसकते हुए सीवानों पर गांव दर गांव का जो दर्द पसरा है, वह इसी सामाजिक विषमता की उपज है, जहां रश्मियों के गीत स्वप्निल राख की ढेरी बनकर रह गए हैं। क्षितिज पर दो रश्मि की ऋचाएं टांकने की कोशिशें उन धुंधली दिशाओं में रास्ता खोज रही हैं, जहां काजल नहीं बुहरा है और अंधेरों की दीवारें बहुत ऊंची हो गई हैं। देहरी का पथरा जाना और रोशनी की बाट जोहते-जोहते आंखों का कुहरा जाना उस लंबी प्रतीक्षा का प्रमाण है, जो एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए की जा रही है। सलीबों पर टंगे फूलों और भीड़ के पहियों तले कुचले हुए पंखों का कुहरा स्पष्ट करता है कि व्यवस्था की चक्की में कोमल न्याय की मानवीय संवेदनाएं पिस कर रह गई हैं। पांव और पंख के बावजूद मंजिल का न दिखना उस संवेदनहीन शून्यता को दर्शाता है, जहां आधुनिक मनुष्य अपने ही बनाए तंत्र में लगभग पराया हो गया है। यहां युग-यती का सो जाना और नेकी-नदी को भूल जाना उस नैतिक पतन का परनाला है, जो हमारे समाज के लिए आत्मघाती बनता जा रहा है। ऐसे में मानवीय संबंधों के सृजन की प्यास ही वह एकमात्र तत्त्व है, जो इस बिखराव को जोड़ सकती है। जो गीत कल मेज पर अधलिखा छोड़ दिया गया था, उसमें नया छंद जोड़ना दरअसल टूटे हुए मानवीय संबंधों को फिर से युवा करने की प्रक्रिया है। अगर इसी को पहचान लिया जाए, इसी को थोड़ा बचा लिया जाए, तो उम्मीद की रोशनी एक बार फिर जिंदगी का जरिया बन सकती है। चांदनी की गंध से आकाश को भरने का स्वप्न तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब न्याय के सहारे खड़ा होकर मौन वाचाल हो जाए। कुमुदिनी-सा खिला हुआ देह का छवि-ताल और चुप्पियों के पास सजे संबोधन ही वे सेतु हैं, जो व्यक्ति को समाज से जोड़ते हैं। जब शब्द खो जाते हैं और अनसुनी, अनकही कहानी शेष रह जाती है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक-6030

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 7 | 4 | | | |
| | 1 | | | | | 4 | | |
| 6 | 7 | | 9 | | 5 | | | |
| | 8 | | 2 | | 6 | | | |
| | 6 | | 8 | 4 | 7 | | 2 | |
| | | | 5 | | 1 | | 8 | |
| | | | 7 | | 8 | | 9 | 2 |
| | | 6 | | | | | 1 | |
| | | | 4 | 1 | | | 5 | 8 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 6029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 8 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन बौद्धिक विकास और आशावादी बनाएगा। आपको करियर में व्यापारिक सोच फायदेमंद हो सकती है। व्यापारिक यात्रा के योग बनते दिख रहे हैं। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपको कार्यस्थल पर फालतू बातों में पड़ने से बचना है। यदि लव लाइफ में हैं तो आपको ईमानदारी अपनाते हुए रिश्तों को मजबूत करना होगा।

### वृष
आज का दिन आर्थिक लाभ कराने वाला रहेगा। आपको भावनात्मक स्थिरता मिल सकती है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आपको बजट, एग्रीमेंट को बहुत ध्यान से करना होगा। कार्यस्थल पर आपको अपने काम को बहुत सटीकता के साथ करने की आदत डालनी होगी। अप्रत्याशित खर्चों से बचने के लिए आपको आर्थिक योजना करनी चाहिए।

### मिथुन
आज दिन साझेदारी और संचार को बढ़ाने वाला रहेगा। अगर आप व्यापारी हैं तो आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। बातचीत और आपसी सम्मान आपके संबंध मजबूत कराएगा। आपका स्वाभाविक आकर्षण नेचर, रचनात्मक दिमाग जीवन में कई अवसर लेकर आएगा।

### तुला
आज दिन आत्मविश्वास बढ़ाएगा। इससे आपके करियर में उछाल आने के योग बनते दिख रहे हैं। बौद्धिक जिज्ञासा शांत करने के लिए आप नए चीजें सीख पाएंगे। प्रेम में, भावनात्मक ईमानदारी रिश्तों को मजबूत बनाएगी। संवेदनशील विषयों पर चर्चा में धैर्य से काम लें। स्वास्थ्य आपका स्थिर रहेगा। विश्राम करेंगे तो मानसिक संतुलन सही रहेगा।

### वृश्चिक
आज का दिन सोच-समझकर कदम उठाने की सलाह दे रहा है। कामकाज में थोड़ा शांत रहकर काम करने की जरूरत है। पैसों से जुड़े मामलों में प्लानिंग के साथ काम करेंगे तो बेहतर होगा। रिश्तों में धैर्य और सहयोग से काम करने की सलाह आपको दी जा रही है। सेहत के लिए थोड़ा आराम और मन को शांत रखने के लिए आध्यात्मिक या सकारात्मक सोच अपनाना लाभदायक हो सकता है।

### धनु
आज का दिन पैसों से जुड़े मामलों में सतर्क रहने और आत्मविश्वास बनाए रखने का रहेगा। करियर में किए गए प्रयासों का असर अब दिखने लग सकता है, खासकर निवेश या लंबे समय से चल रही योजनाओं में फायदा मिल सकता है। रिश्तों में अगर आप अपने भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात करेंगे तो भरोसा और मजबूत होगा।

### कर्क
आज का दिन ऊर्जावान और अभिव्यंजक समय का संकेत दे रहा है। रचनात्मक विचार और नेतृत्व क्षमता पेशेवर परिवेश में पहचान दिला सकते हैं। टीम वर्क या सार्वजनिक उपस्थिति शामिल के राशिफल के अनुसार नेटवर्किंग और सामाजिक मेलजोल से अप्रत्याशित अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य आमतौर पर अच्छा रहेगा।

### सिंह
आज का दिन महत्वाकांक्षी रहेगा। व्यक्तिगत सुरक्षा के बीच संतुलन बनाकर आपको चलना होगा। रणनीतिक सोच और दीर्घकालिक लक्ष्यों के प्रति समर्पण आपको करियर में लाभ दिलाएगा। आपके द्वारा किया जा रहा लगातार परिश्रम सफलता दिला सकता है। आपको व्यक्तिगत और व्यापारिक प्राथमिकताओं को देखना होगा। जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों में स्थिरता बनी रहेगी।

### कन्या
आज का दिन स्वास्थ्य और व्यवस्थित दिनचर्या पर जोर देने की जरूरत है। कार्यशैली और जटिल कार्यों को कुशलतापूर्वक आसानी से करने की जरूरत है। आपकी अंतर्ज्ञान शक्ति कार्यस्थल पर चल रहे विवादों को सुलझा पाएंगे। रिश्तों में व्यावहारिक होना जरूरी है।

### मकर
आज का दिन नए लोगों से जुड़ने और नए मौके मिलने का संकेत दे रहा है। कामकाज में नेटवर्किंग और दूसरों के साथ मिलकर काम करने से फायदा हो सकता है और आपके नए विचारों की सराहना भी हो सकती है। प्रेम जीवन में भी रोमांस और खुशी का माहौल रह सकता है। सेहत सामान्य रहेगी, लेकिन तनाव से बचना और पैसों के मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

### कुंभ
आज का दिन करियर के लिहाज से अच्छा रह सकता है। कामकाज में जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, लेकिन आपकी समझदारी और नेतृत्व क्षमता लोगों का ध्यान खींचेगी। घर का माहौल शांत रहेगा, जिससे बाहर की चुनौतियों का सामना करना आसान होगा। रिश्तों में समझदारी और भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। सेहत के लिए पर्याप्त आराम करना और मानसिक संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा, खासकर अगर काम का दबाव ज्यादा हो।

### मीन
आज का दिन उत्साह और आत्मविश्वास से भरा रह सकता है। कामकाज में साझेदारी या किसी के सहयोग से नए मौके मिल सकते हैं और आपकी नेतृत्व क्षमता भी सामने आएगी। लोगों से मेलजोल और बातचीत से काम और निजी जीवन दोनों में अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। प्रेम संबंधों में खुलकर बात करने से रिश्ता और मजबूत होगा। सेहत अच्छी रहेगी।

## वर्ग पहेली 6030

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | ■ | 5 | 6 |
| 7 | | | | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | |
| 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | ■ |
| | ■ | 17 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | 20 |
| 21 | | | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | 23 | | ■ | ■ | 24 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. पाकिस्तान, सऊडी अरब और 53 अन्य इस्लामी देशों ने 16 जुलाई 2003 को य निर्णय लिया गया कि इस देश को 2005 तक मान्यता दी जाएगी (5)
5. यह विश्व में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा देश है (2)
7. बलराम के नामों में से एक, बलभद्र (4)
8. श्रीमान, महोदय, महाशय (3)
9. तीन बूटियों बाला ताश का पत्ता (3)
10. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है, इंनद्रधनुष के रंगों में से एक (2)
12. प्रयोगशाला को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
13. असुर, राक्षस, दनु नाम की पत्नी से उत्पन्न कश्यप ऋषि के पुत्र (3)
15. आक्रमण, धावा (3)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरजू (4)
18. क्रांतिवृत्त में पड़नेवाले तारों का समूह, निश्चित संख्या (2)
19. आहार पदार्थ, भोज्य सामग्री (4)
21. पुश, आखेट (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (पंजाबी)(2)
23. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
24. उन्नति का समय अभ्युदय काल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. आरंभिक, प्राथमिक, शुरूआती (5)
2. वारिस्थ, बोट, सफीना (4)
3. यह उत्तरभारत में बहने वाली एक नदी है इसका पौराणिक नाम परूष्णी है (2)
4. इस पार का, निकटतटवर्ती (3)
5. यह एक बांग्लादेशी गायिका है (4)
6. मूल कारण, वजह , हेतु (3)
11. जो सीधा न जाकर बलखाते हुए गया हो (5)
14. वन्यतापूर्ण, जंगली, पशुतापूर्ण (5)
16. स्वार्थ, प्रयोजन, अर्थ, मकसद (4)
18. संगीत में स्वरों के विशेष क्रम, शास्त्रीय संगीत की रचना (3)
20. अध्यापक, शिक्षक, गुरू (3)
21. चंद्रमा के रथ 10 घोडों में से एक का नाम, आखेटित पशु, हिरण (2)

## वर्ग पहेली 6029 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री | ह | रि | को | टा | ■ | ना | री |
| मा | ल | वा | ■ | ल | घु | म | ति |
| न | वा | ज | ना | ■ | न | ■ | ग |
| ■ | ई | ■ | ज | न | ■ | बु | त |
| ■ | ■ | त | ■ | क | ना | डा | ■ |
| ■ | म | ह | ता | ब | ■ | पे | रू |
| ग | नी | म | त | ■ | पि | स्ट | ल |
| ■ | ला | त | ■ | भा | तृ | ■ | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 से पहले सभी 10 फ्रेंचाइजियों के लिए जारी की सख्त गाइडलाइंस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी 10 फ्रेंचाइजियों के लिए नई और सख्त गाइडलाइंस जारी की हैं। इन नियमों का उद्देश्य टूर्नामेंट के दौरान पिचों की गुणवत्ता बनाए रखना और सभी टीमों को समान अवसर देना है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कोई भी टीम उस पिच पर अभ्यास नहीं कर सकेगी जिसका उपयोग विरोधी टीम पहले ही कर चुकी हो। इसके अलावा प्रैक्टिस मैच, नेट सेशन और पिच तैयार करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण नियम भी लागू किए गए हैं।



**विरोधी टीम के नेट इस्तेमाल करने पर रोक** – नई गाइडलाइंस के अनुसार, किसी भी टीम को उस पिच पर ट्रेनिंग करने की अनुमति नहीं होगी जिसका इस्तेमाल पहले विरोधी टीम कर चुकी हो। बीसीसीआई ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि दो टीमें एक के बाद एक अभ्यास कर रही हैं तो प्रत्येक टीम को अलग-अलग नेट और पिच उपलब्ध कराई जाए। यह नियम थ्रो-डाउन या हल्की प्रैक्टिस पर भी लागू होगा। यानी एक टीम के अभ्यास खत्म होने के बाद दूसरी टीम उसी नेट या पिच का उपयोग नहीं कर सकेगी।

**जल्दी प्रैक्टिस खत्म होने पर भी नहीं मिलेगा फायदा** – गाइडलाइंस में यह भी कहा गया है कि यदि कोई टीम अपना प्रैक्टिस सेशन तय समय से पहले खत्म कर देती है, तब भी दूसरी टीम को उसी पिच या रेंज-हिटिंग विकेट का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस नियम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी टीमों को अभ्यास के लिए समान और निष्पक्ष परिस्थितियां मिलें।

**लाइट्स के नीचे प्रैक्टिस मैच पर भी सीमा** – बीसीसीआई ने प्रैक्टिस मैचों के लिए भी स्पष्ट नियम तय किए हैं। यदि कोई टीम फ्लडलाइट्स के नीचे अभ्यास मैच खेलना चाहती है, तो उसकी अवधि साढ़े तीन घंटे से अधिक नहीं हो सकती। इसके अलावा हर फ्रेंचाइजी को अधिकतम दो प्रैक्टिस मैच खेलने की अनुमति दी गई है, लेकिन इसके लिए पहले बोर्ड को सूचित करना जरूरी होगा।

**मैच पिच पर प्रैक्टिस पूरी तरह प्रतिबंधित** – बोर्ड ने पिच की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक और अहम नियम लागू किया है। जिस पिच पर आधिकारिक मुकाबला खेला जाना है, उस पर किसी भी तरह का अभ्यास मैच या नेट सेशन नहीं होगा। इसके अलावा संबंधित फ्रेंचाइजी के पहले घरेलू मैच से चार दिन पहले तक मेन स्क्वायर पर किसी भी तरह की प्रैक्टिस गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### दोनों टीमों को मिलेंगे समान प्रैक्टिस संसाधन

नए नियमों के अनुसार, मैच से पहले अभ्यास के लिए दोनों टीमों को समान संसाधन दिए जाएंगे। प्रत्येक टीम को प्रैक्टिस के लिए दो नेट दिए जाएंगे, जबकि रेंज–हिटिंग के लिए मेन स्क्वायर पर एक अलग नेट उपलब्ध कराया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों तरह की तैयारी करने का पर्याप्त मौका मिलेगा।

### शेड्यूल विवाद में मेहमान टीम को प्राथमिकता

अगर प्रैक्टिस शेड्यूल को लेकर किसी तरह का विवाद होता है, तो बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि मेहमान टीम को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि घरेलू टीम को अपने पसंदीदा प्रैक्टिस सेशन चुनने का पहला अवसर मिलेगा, लेकिन यदि मेहमान टीम ने हाल ही में मैच खेला हो या लंबी यात्रा की हो, तो उसके अनुरोध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## आरोण्यक घोष बने राष्ट्रीय रैपिड शतरंज चैंपियन



**रांची (एजेंसी)।** शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज की राष्ट्रीय चैंपियनशिप इस समय रांची की बिरला विश्वविद्यालय में खेले जा रहे है और पहले दो के 11 राउंड के रैपिड मुक़ाबले के बाद देश को नया रैपिड चैंपियन रेलवे के अरोण्यक घोष के तौर पर मिला है . उन्होंने सर्वाधिक 9.5 अंक बनाते हुए खिताब अपने नाम किया ,2541 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 8 जीत और 3 ड्रा के साथ अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया इस दौरान सातवे से नौवे राउंड के दौरान प्रतियोगिता के शीर्ष तीन वरीय खिलाड़ी अभिमन्यु पौराणिक , मुरली कार्तिकेयन और मित्रभा गुहा पर उनकी जीत नें उनके लिए खिताब की राह आसान बना दी और अंतिम दोनों राउंड उन्होंने सम्हलकर खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 9 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर तमिलनाडु के मुरली कार्तिकेयन दूसरे और हरि माधवन तीसरे स्थान पर रहे । देश भर से कुल 11 ग्रैंड मास्टर्स समेत कुल 219 खिलाड़ियों नें इसमें प्रतिभागिता की जिसमें कुल 55 टाइटल खिलाड़ी थे ।

## ट्रम्प बोले- ईरानी टीम का अमेरिका न आना ही बेहतर

### हालांकि हम उनका स्वागत करेंगे, ईरानी मंत्री बोल चुके-फीफा वर्ल्ड कप खेलना मुश्किल



**न्यूयार्क (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरानी फुटबॉल टीम को अपनी जान और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्ल्ड कप के लिए अमेरिका नहीं आना ही बेहतर होगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ईरानी टीम का स्वागत है।

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको मिलकर 2026 फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी कर रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून को मैक्सिको सिटी से होगी, जबकि फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**ईरानी खेल मंत्री ने कहा था कि खेलना मुश्किल**– वहीं, एक दिन पहले ईरान के खेल मंत्री अहमद दुन्यामाली ने कहा कि देश की फुटबॉल टीम 2026 फीफा वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले सकती। उनका कहना है कि अमेरिकी-इजराइली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के बाद बने हालात में टीम का टूर्नामेंट में भाग लेना संभव नहीं है। इससे पहले फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने बताया था कि अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि ईरान की राष्टीय टीम को 2026 फुटबॉल वर्ल्ड कप खेलने के लिए अमेरिका आने की अनुमति दी जाएगी।

**टिकटों की डिमांड सबसे ज्यादा, खिलाड़ियों को मिलेगा स्टार ट्रीटमेंट**– सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने बताया कि वर्ल्ड कप के टिकटों की बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। उन्होंने फैन्स और खिलाड़ियों को भरोसा दिलाते हुए लिखा,संयुक्त राज्य अमेरिका फीफा वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। टिकटों की बिक्री आसमान छू रही है। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे महान और सुरक्षित आयोजन होगा। सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और फैन्स के साथ सितारों जैसा व्यवहार किया जाएगा।

**ईरानी फुटबॉल फेडरेशन ने सुरक्षा पर उठाए सवाल** –ईरान फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष मेहदी ताज ने भी वर्ल्ड कप को लेकर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि हालिया हमलों के बाद ईरान से वर्ल्ड कप को लेकर उम्मीद रखने की गुंजाइश नहीं है।

● कुलदीप यादव की शादी में रिंकू सिंह-युजवेंद्र चहल मसूरी पहुंचे

# बोले- भाई की शादी, फुल डांस होगा

**शाम को संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित**

**मसूरी (एजेंसी)।** कुलदीप यादव की शादी को लेकर मसूरी में समारोह शुरू हो चुके हैं। सुबह 11 बजे से हल्दी की रस्म शुरू हुई, जो दोपहर करीब दो बजे के बाद खत्म हुई। इसके बाद मेहमानों ने खास दावत का आनंद लिया, जिसमें एक थाली की कीमत 20 हजार रुपए से ज्यादा है।

हल्दी के बाद समारोह में डांस और मस्ती का दौर शुरू हो गया। इससे पहले ही क्रिकेट और मनोरंजन जगत की कई हस्तियां मसूरी पहुंच चुकी थीं। इसके अलावा रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, कैलाश खेर और बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंचे हैं।






क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी मंगेतर प्रिया सरोज के साथ नजर आए। वहीं, युजवेंद्र चहल ने कहा कि भाई की शादी है, फुल डांस होगा। भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी दिलीप भी समारोह में शामिल होने के लिए मसूरी पहुंच चुके हैं। वहीं, शाम तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के पहुंचने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार को शादी समारोह में सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा और भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के भी शामिल होने की उम्मीद है।

**बचपन की दोस्त से शादी कर रहे कुलदीप**– मसूरी में होने वाली इस शादी को लेकर होटल और आसपास के इलाकों में खास तैयारियां की गई हैं। अभी होटल में कुलदीप यादव के दोस्त मस्ती और डांस कर रहे हैं। कुलदीप अपनी मंगेतर और बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को शादी के बंधन में बंधेंगे। यह रॉयल वेडिंग उत्तराखंड के मसूरी स्थित आलीशान आईटीसी सेवॉय होटल में हो रही है। शादी के कार्यक्रम 12 मार्च से शुरू हुए थे, जो 14 मार्च तक चलेंगे। डिजिटल इन्विटेशन कार्ड में मेहंदी, हल्दी, संगीत, कॉकटेल और शादी के मुख्य कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की गई है। कुलदीप 12 मार्च को देहरादून पहुंचे थे, जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह कार से मसूरी पहुंचे। होटल के एंट्री गेट पर कुलदीप यादव नाचते और जश्न मनाते हुए नजर आए।

**हल्दी रस्म हुई**

**संगीत और कॉकटेल**

13 मार्च को सुबह 11 बजे होटल के बीयर गार्डन में हल्दी की रस्म हुई। इसके बाद शाम 6 बजे सेंट्रल लॉन में ग्रैंड संगीत और कॉकटेल पार्टी आयोजित थी।

● **कुलवंश के नाम से ट्रेंड करेगी शादी**– डिजिटल इन्विटेशन कार्ड की शुरुआत भगवान गणेश की वंदना से की गई है। कार्ड को रॉयल और मॉडर्न लुक दिया गया है, जिसमें कुलदीप यादव और वंशिका सिंह के एनिमेटेड अवतार भी नजर आते हैं। कपल ने अपनी शादी के लिए कुलवंश चुना है। यह हैशटैग कुलदीप के नाम के 'कुल' और वंशिका के नाम के 'वंश' को मिलाकर बनाया गया है। माना जा रहा है कि शादी से जुड़े फोटो और वीडियो इसी हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर शेयर किए जाएंगे।

# कार्लोस अल्काराज लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे



**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था।

अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा, मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज़्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिंग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की।

अल्काराज ने कहा, टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है, जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूँ क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पाँच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है।

अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफ़ाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

## खुद को निखारने में लगे ऋषभ पंत, युवराज सिंह की देखरेख में ले रहे कड़ी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मुंबई में एक छोटे से कैंप में भारत के पूर्व बैटिंग ऑलराउंडर युवराज सिंह की देखरेख में अपनी ट्रेनिंग की कुछ झलकियां शेयर कीं। वह 28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2026 से पहले अपने व्हाइट-बॉल करियर को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रहे हैं। पंत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान हैं और 27 करोड़ रुपए की डील के साथ आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। जनवरी में वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की वनडे सीरीज से ठीक पहले बैटिंग करते समय साइड स्ट्रेन (पसली में खिंचाव) का शिकार होने के बाद से कोई भी कॉम्पिटिटिव क्रिकेट नहीं खेले हैं।



ट्रेनिंग सेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है जिसमें पंत गेंदों का सामना करते हुए दिख रहे हैं, जबकि युवराज अंपायर की जगह से सब कुछ बहुत बारीकी से देख रहे हैं और उन्हें कुछ सलाह भी दे रहे हैं। युवराज की देखरेख में पंत के ये सेशन आज के जमाने के व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सफल होने के लिए स्किल्स और टेंपरामेंट, दोनों पर केंद्रित थे। इस मामले से परिचित एक सूत्र ने गुरुवार को आईएएनएस को बताया, असल में ऋषभ अपने खेल को बेहतर बनाने और अपनी फिटनेस को सुधारने के लिए कड़ी प्रैक्टिस कर रहे हैं। अगर वीडियो को देखें तो कोई भी यह नोटिस कर सकता है कि वह अब पहले से ज्यादा दुबले भी हो गए हैं। वह अपने व्हाइट-बॉल खेल पर और ज्यादा काम करने के लिए बहुत उत्सुक थे और सिर्फ टी20 वाले पहलू पर ही नहीं।

उन्होंने कहा, इसलिए उन्होंने युवराज से संपर्क किया और कहा कि वह तीन-चार दिनों तक उनकी देखरेख में ट्रेनिंग करना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सीसीआई मैदान पर ट्रेनिंग की जिसके बाद वह एलएसजी के चल रहे प्री-सीजन कैंप में शामिल होने के लिए चेन्नई रवाना हो गए; इसके बाद लखनऊ में एक और कैंप होगा। पंत 2024 पुरुषों के टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीमों के सदस्य रहे हैं। हालांकि उनका आईपीएल 2025 में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने 14 मैचों में 133.16 के स्ट्राइक रेट से 269 रन बनाए, जो 2016 में इस प्रतियोगिता में डेब्यू करने के बाद से उनका सबसे कम स्कोर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ स्त्र के आखिरी लीग मैच में नाबाद 118 रन बनाने के बावजूद इससे टीम को कोई खास मदद नहीं मिली, क्योंकि वे पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर रहे।

## कांप गए थे पाकिस्तानी खिलाड़ी, वर्ल्ड कप को याद कर बोले शाहिद अफरीदी



**करांची (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने 2011 क्रिकेट वर्ल्ड कप के भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल से जुड़ा एक दिलचस्प और कम सुना गया किस्सा साझा किया है। अफरीदी के मुताबिक मोहाली में खेले गए उस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में स्टेडियम का माहौल इतना दबावभरा था कि कुछ पाकिस्तानी बल्लेबाज क्रीज पर जाते समय घबराहट से कांपने लगे थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में पाकिस्तान की टीम अच्छी स्थिति में थी, लेकिन दर्शकों के जबरदस्त शोर और भारतीय टीम के उत्साह ने मैच की दिशा बदल दी।

**पहला विकेट गिरते ही बदल गया मैच** – अफरीदी के अनुसार, मैच का असली मोड़ तब आया जब पाकिस्तान का पहला विकेट गिरा। जैसे ही विकेट गिरा, स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का शोर कई गुना बढ़ गया और भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह भी साफ दिखाई देने लगा। इस माहौल ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर मानसिक दबाव बढ़ा दिया। अफरीदी ने कहा कि उस समय क्रीज पर जाने वाले कुछ बल्लेबाज घबराहट महसूस कर रहे थे और हर गेंद को खेलना उनके लिए चुनौती बन गया था।

**भारतीय दर्शकों का समर्थन बना बड़ा फैक्टर** – अफरीदी ने माना कि उस मुकाबले में भारतीय दर्शकों का समर्थन घरेलू टीम के लिए बड़ी ताकत साबित हुआ। उन्होंने कहा कि जब किसी टीम को अपने फैंस से इतना जोरदार समर्थन मिलता है तो खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। वहीं विपक्षी टीम पर अतिरिक्त दबाव बन जाता है। उनके मुताबिक, उसी माहौल ने भारतीय टीम को अतिरिक्त ऊर्जा दी और पाकिस्तान के खिलाड़ियों को दबाव में डाल दिया।

### मोहाली का माहौल बना पाकिस्तान के लिए चुनौती

भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले हमेशा ही बेहद रोमांचक और दबाव से भरे होते हैं। 2011 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल भी ऐसा ही एक मैच था, जो पंजाब में खेला गया था। अफरीदी ने बताया कि उस दिन स्टेडियम में मौजूद भारतीय दर्शकों का जोश असाधारण था। हजारों की संख्या में मौजूद फैंस हर गेंद पर जोरदार शोर कर रहे थे, जिससे मैदान का माहौल बेहद तीव्र और दबावपूर्ण हो गया था। उनके अनुसार, यह शोर सिर्फ माहौल नहीं बना रहा था, बल्कि खिलाड़ियों की मानसिक स्थिति पर भी असर डाल रहा था।

### पाकिस्तान की मजबूत शुरुआत

अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि पाकिस्तान की पारी की शुरुआत काफी अच्छी रही थी। सलामी बल्लेबाज मो.हफीज औऱ कमरान अकमल ने मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई और शुरुआती विकेट गिरने से बचाए रखा। दोनों बल्लेबाजों ने लगभग 90 रन की साझेदारी की थी। उस समय तक कप्तान के रूप में अफरीदी को भरोसा था कि पाकिस्तान इस मैच में मजबूत स्थिति में है और जीत की ओर बढ़ सकता है।

## न्यूज बाइट्स

### शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राएं

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नबीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित डॉक्टर गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह–नंदकिशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज के 60 छात्र-छात्राओं का दल शुक्रवार को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए राजगीर और नालंदा के लिए रवाना हुआ। महाविद्यालय परिसर से परिभ्रमण बस को संस्थान के सचिव पंकज कुमार सिंह तथा बीएड के प्रभारी प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों और कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित एवं ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थान के सचिव पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव भी प्राप्त होना चाहिए। ऐसे शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों के ज्ञान का विस्तार होता है और उनके मानसिक तथा बौद्धिक विकास में भी सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि संस्थान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। परिभ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं राजगीर के विश्व शांति स्तूप, राजगीर रोपवे, ब्रह्मकुंड, राजगीर नेचर सफारी तथा जरासंध का अखाड़ा जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही वे प्राचीन भारत के गौरवशाली शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहरों का भी भ्रमण करेंगे, जहां उन्हें प्राचीन शिक्षा प्रणाली और ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्राप्त होगी। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस शैक्षणिक यात्रा के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

### मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा की तैयारी को लेकर डीएम ने की स्थलीय निरीक्षण

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रस्तावित "समृद्धि यात्रा" के मद्देनजर जिले के बारुण प्रखंड अंतर्गत मुंशी बिगहा में कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सभा स्थल, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, संपर्क पथ, हेलीपैड, विभिन्न विभागों की योजनाओं के प्रदर्शनी स्टॉल हेतु निर्धारित स्थल, विभागीय बैठक स्थल तथा आम नागरिकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएँ समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएँ। जिला पदाधिकारी ने सभा स्थल पर हेलीपैड को प्रदर्शनी स्टॉल क्षेत्र से पर्याप्त दूरी पर बनाने का निर्देश दिया, ताकि सुरक्षा एवं आवागमन की दृष्टि से कोई समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग को कार्यक्रम स्थल के आसपास की सड़कों की आवश्यक मरम्मत शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया, जिससे कार्यक्रम में आने वाले लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

रास्ते में कम ऊंचाई पर झूल रहे हाई टेंशन तार से फसल का बोझा टकरा गया

# करंट लगने से युवक की हुई मौत

- विकास चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और अविवाहित था।
- वह स्नातक की पढ़ाई कर रहा था और खेती में परिवार की मदद करता था।
- लोगों ने बिजली विभाग से झूलते तारों को जल्द ठीक कराने की मांग की है।



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

गोह थाना क्षेत्र के राजापुर गांव में हाई टेंशन बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पहचान राजापुर गांव निवासी तपेश्वर रजक के पुत्र विकास कुमार (23) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विकास कुमार अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गांव के दक्षिण दिशा में स्थित बघार में रबी फसल की कटाई करने गया था। खेत में मसूर की फसल काटने के बाद वह उसका बोझा सिर पर रखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में कम ऊंचाई पर झूल रहे बिजली के हाई टेंशन तार पर उसका ध्यान नहीं गया और सिर पर रखा फसल का बोझा तार से टकरा गया।

बताया जाता है कि जब उसने बोझा हटाने के लिए हाथ से तार को हटाने की कोशिश की तो वह करंट की चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही गिर पड़ा। घटना को देखकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया और अन्य ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में ग्रामीण उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोह ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में परिजन शव से लिपटकर बिलखते रहे। गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा रहा और लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते नजर आए। घटना की सूचना मिलने पर गोह थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया। गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि विकास चार भाइयों में तीसरे नंबर पर था और अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह स्नातक की पढ़ाई कर रहा था और पढ़ाई के साथ-साथ खेतीबाड़ी में भी परिवार का सहयोग करता था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उसके असमय निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों के पास कई जगहों पर बिजली के तार काफी नीचे झूल रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। लोगों ने बिजली विभाग से ऐसे तारों को जल्द ठीक कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

# जिला विधिज्ञ संघ चुनाव : अध्यक्ष और सचिव ने लगातार दूसरी बार दर्ज की जीत

- अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पांडेय को 407 वोट, नागेंद्र सिंह को 322 वोट, अरुण कुमार शर्मा को 12 वोट मिले।
- विजय कुमार पांडेय ने 85 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।
- महासचिव पद पर जगनरायण सिंह को 383 वोट, परशुराम सिंह को 277 वोट मिले।



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के कार्यसमिति चुनाव 2026–28 में अध्यक्ष पद पर विजय कुमार पांडेय और महासचिव पद पर जगनरायण सिंह ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर इतिहास रच दिया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया।

चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्यों कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा, राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में विजय कुमार पांडेय को 407 वोट प्राप्त हुए, जबकि नागेंद्र सिंह को 322 वोट मिले। एक अन्य प्रत्याशी अरुण कुमार शर्मा को 12 वोट प्राप्त हुए। इस प्रकार विजय कुमार पांडेय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 85 वोटों से पराजित कर जीत दर्ज की। महासचिव पद के लिए हुए चुनाव में जगनरायण सिंह को 383 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंद्वी परशुराम सिंह को 277 वोट प्राप्त हुए। इसके अलावा प्रमोद कुमार सिंह को 20 वोट, सतीश कुमार सिंह को 18 वोट, अखिलेश कुमार को 16 वोट, विजय कुमार सिंह को 13 वोट तथा नीरज कुमार सिंह और रामोतार यादव को 5-5 वोट मिले। इस तरह जगनरायण सिंह ने 106 वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

चुनाव समिति के अनुसार अन्य पदों के मतों की गिनती की प्रक्रिया जारी है। जीत के बाद अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय और महासचिव जगनरायण सिंह ने कहा कि यह जीत जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के सभी अधिवक्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग और अब तक किए गए विकास कार्यों के कारण उन्हें यह सफलता मिली है और आगे भी संघ के विकास के लिए कार्य जारी रहेगा।

श्री सीमेंट में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया

# सुरक्षा रैली, शपथ, क्विज, पोस्टर व नारा प्रतियोगिता के माध्यम से कर्मचारियों को किया गया जागरूक



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

श्री सीमेंट, औरंगाबाद इकाई में 55वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों और श्रमिकों में कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान सुरक्षा रैली, सुरक्षा शपथ, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर एवं नारा प्रतियोगिता जैसी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में कर्मचारियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व को समझा।

कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य पद्धति अपनाने, सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा संभावित जोखिमों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाना और सभी को सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनाना था। सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में यूनिट हेड सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने अपने संबोधन में कर्मचारियों को हर परिस्थिति में सुरक्षा नियमों का पालन करने और "सबसे पहले सुरक्षा" की भावना को हमेशा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार श्री सीमेंट, औरंगाबाद में आयोजित 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन सफलतापूर्वक हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारियों और श्रमिकों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए किया गया रवाना

# मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना बच्चों के सर्वांगीण विकास की बड़ी पहल: डीईओ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्रों के एक समूह को जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना किया। यह कार्यक्रम बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत प्रभावी साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से बच्चे आसपास के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कर वहां से जुड़े तथ्यों को जान पाते हैं, जिससे उनका ज्ञान और अनुभव दोनों समृद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण बच्चों के सोचने-समझने के दायरे को विस्तृत बनाता है और उन्हें अधिक वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण प्रदान करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक जीवन के अनुभवों से सीखने का अवसर देते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा जाता है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को कक्षा के दायरे से बाहर ले जाकर उसे परिवेश से जोड़ने पर जोर दिया गया है। किताबों में निहित विषयवस्तु को वास्तविक वातावरण से जोड़ने से छात्रों की समझ अधिक गहरी और स्थायी बनती है।

उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान बच्चे अपनी नोटबुक और कलम के साथ प्रकृति के सौंदर्य का अवलोकन करेंगे और अपने अनुभवों को लिखेंगे भी। आसपास के सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की विराटता को करीब से देखने का अनुभव बच्चों को ज्ञान और दृष्टि दोनों से समृद्ध करेगा। इस शैक्षणिक परिभ्रमण में विद्यालय की शिक्षिकाएं शारदा सिंह, चंद्रमा सिंह, करुणा सिन्हा और ज्योति मौर्या गाइड के रूप में बच्चों के साथ रहेंगी और उन्हें विभिन्न स्थलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगी।

## औरंगाबाद जिलाध्यक्ष चयन पर मंथन

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत औरंगाबाद जिले के जिलाध्यक्ष चयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभावित नामों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए उपयुक्त नेतृत्व की तलाश पर जोर दिया गया। बैठक की अगुवाई अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (एआईसीसी) के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने की। उनके साथ बिहार के महासचिव सह प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद रहे। इस दौरान वार रूम के प्रभारी सांसद शशिकांत सैंथिल और वामसी रेड्डी ने भी संभावित उम्मीदवारों के नामों पर अपने विचार रखे। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि औरंगाबाद जिला कांग्रेस को ऐसा नेतृत्व मिले जो संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने में भी सक्षम हो। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर से मजबूत करना और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देना है।

# टिकट चेकिंग अभियान, 74 हजार से अधिक जुर्माना वसूला



- यात्रियों को वैध टिकट लेकर ही यात्रा करने की हिदायत दी गई।
- बिना टिकट रेल यात्रा दंडनीय अपराध है

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू) के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विशेष टिकट जांच दल और आरपीएफ की तैनाती के साथ स्टेशन परिसर तथा आवागमन करने वाली कई ट्रेनों में व्यापक जांच की गई।

अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा करने और अन्य अनियमितताओं से जुड़े कुल 227 मामले पकड़े गए, जिनमें 185 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए। रेलवे अधिकारियों ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इन मामलों में कुल 74,435 रुपये का जुर्माना वसूला। टिकट जांच अभियान अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के अलावा वहां से गुजरने वाली कई ट्रेनों में भी चलाया गया। इनमें ट्रेन संख्या 12311, 22307, 12321, 63291, 12372, 13554, 13305, 12802, 18639 और 63296 शामिल हैं।

रेल अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की कि वे हमेशा वैध टिकट लेकर ही रेल यात्रा करें और जिस श्रेणी का टिकट हो, उसी श्रेणी में यात्रा करें। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे टिकट काउंटर, एटीवीएम मशीन, वेबसाइट और रेलवन ऐप के माध्यम से भी आसानी से टिकट प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है और ऐसे मामलों में नियम के अनुसार जुर्माना वसूला जाता है।

# आर्म्स एक्ट मामले में तीन अभियुक्तों को तीन-तीन साल की हुई सजा

- बारूण थाना कांड संख्या 37/25 में एसडीजेएम-वन ने सुनाया फैसला, देशी कट्टा व छह जिंदा कारतूस के साथ हुए थे गिरफ्तार



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आर्म्स एक्ट के एक मामले में आज व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद ने तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। एसडीजेएम-वन की अदालत ने बारूण थाना कांड संख्या 37/25 एवं जीआर संख्या 292/25 में सुनवाई करते हुए तीनों अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा तथा पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने आदेश दिया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। दोषी ठहराए गए अभियुक्तों में प्रदीप कुमार (भीखाडीडिह, नोखा), राहुल कुमार शर्मा (पटनवा खुर्द, इंद्रपुरी) और आशीष राज (अमझोर, रोहतास) शामिल हैं। इन तीनों को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) एवं 26/35 के तहत दोषी पाया गया। सहायक अभियोजन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले के प्राथमिकी सूचक बारूण थाना के पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार राय हैं। उन्होंने 30 जनवरी 2025 को गुप्त सूचना के आधार पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया था।

चेकिंग के दौरान मेह मोड़ की ओर से झुमर डिहरा की तरफ जा रहे तीनों आरोपियों को दो बाइक पल्सर और अपाची के साथ दिन के करीब 12 बजे पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से लोहे से बना एक देशी कट्टा और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस की जब्ती सूची तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत की थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल छह गवाहों की गवाही कराई गई, जिसके आधार पर अदालत ने तीनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सिंधी बुजुर्ग गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना में गांव के कृष्णा यादव घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम कृष्णा यादव गांव के उत्तर दिशा में स्थित नहर के पास कुट्टी लेने गए थे। इसी दौरान गांव के ही रामाशीष सिंह और कुछ अन्य लोगों के साथ उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, जिसमें कृष्णा यादव घायल हो गए। घायल कृष्णा यादव को स्थानीय लोगों की मदद से पहले रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# नकली पानी टंकी फैक्ट्री का भंडाफोड़ छह टंकियां और प्रिंटिंग डाई बरामद



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के बेलाढ़ी गांव में नकली ब्रांड की पानी टंकियां बनाने वाली एक फैक्ट्री का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि की शिकायत पर की गई छापेमारी में पुलिस ने छह नकली पानी की टंकियां और एक प्रिंटिंग डाई बरामद की है। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार लांसर्स नेटवर्क लिमिटेड के मैनेजर तथा सिंटेक्स बीएपीएल लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि सुनील कुमार ने दाउदनगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बेलाढ़ी गांव में मुकेश कुमार और कृष्ण सिंह नकली सिंटेक्स ब्रांड की पानी टंकियां बनाकर आसपास के बाजारों में बेच रहे हैं।

शिकायत मिलने के बाद दाउदनगर थाना पुलिस ने एसआई सुदीश कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर बेलाढ़ी गांव स्थित फैक्ट्री में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचने की जानकारी मिलते ही फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने फैक्ट्री परिसर से करीब 1000 लीटर क्षमता की छह पानी टंकियां बरामद कीं, जिन पर अवैध रूप से 'सिंटेक्स' नाम अंकित किया गया था। इसके अलावा एक प्रिंटिंग डाई भी बरामद हुई, जिसका उपयोग टंकियों पर कंपनी का नाम छापने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने सभी बरामद सामान जब्त कर थाने ले आई है। कंपनी प्रतिनिधि ने अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि फैक्ट्री संचालक कंपनी के नाम और ट्रेडमार्क का दुरुपयोग कर नकली उत्पाद बाजार में बेच रहे थे, जिससे उपभोक्ताओं के साथ-साथ कंपनी को भी आर्थिक नुकसान हो रहा था। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट और धोखाधड़ी के तहत कार्रवाई की मांग की है। दाउदनगर थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

# पीएम किसान योजना : 22वीं किस्त से औरंगाबाद के 1.73 लाख किसानों को मिला लाभ

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त की राशि देशभर के 9.32 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में अंतरित की गई। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के 1,73,693 पात्र किसानों के बैंक खातों में कुल 34.75 करोड़ रुपये की राशि सीधे भेजी गई, जिससे किसानों को आर्थिक सहायता मिली है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत यह राशि किसानों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई है। इससे किसानों को बिना किसी बिचौलिये के समय पर योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और खेती से जुड़े कार्यों में सहायता प्रदान करना है। राशि सीधे खाते में पहुंचने से किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री द्वारा राशि अंतरण की घोषणा के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर किसानों ने कार्यक्रम को देखा और योजना के तहत मिलने वाली सहायता के लिए खुशी जताई। जिला प्रशासन ने भी किसानों से अपील की है कि वे योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय निपुण मेला में पुरस्कृत शिक्षिका को दी गई बधाई



निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय बर्डी कला की शिक्षिका सोनल कुमारी गुप्ता को राज्य स्तरीय निपुण टीएलएम मेला 2026 में हिंदी विषय में पुरस्कृत किए जाने पर प्रखंड के शिक्षकों और प्रखंड संसाधन केंद्र के कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। यह मेला राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना के तत्वावधान में शिक्षा मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस उपलब्धि पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार, बीआरसी के अकाउंटेंट कुश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रतीक कुमार तथा शिक्षक सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य शिक्षकों ने सोनल कुमारी गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने राज्य स्तरीय मंच पर बारुण प्रखंड का नाम रोशन किया है।

# गैस सिलेंडर को लेकर अफवाह, जिलाधिकारी ने कहा - पर्याप्त स्टॉक, घबराने की जरूरत नहीं

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि औरंगाबाद में घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और लोगों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। डीएम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण पिछले कुछ दिनों से पेट्रोलियम पदार्थों और गैस की आपूर्ति में थोड़ी परेशानी जरूर हुई है, लेकिन जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है। औरंगाबाद में कुल 37 गैस सिलेंडर डिस्ट्रीब्यूटर कार्यरत हैं, जिनमें 15 इंडियन ऑयल, 11 एचपी और 11 भारत गैस एजेंसियां शामिल हैं। सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त गैस उपलब्ध है और पूरे महीने तक निर्बाध आपूर्ति संभव है।



उन्होंने बताया कि अफवाह के कारण कई उपभोक्ता डबल बुकिंग या जरूरत से अधिक बुकिंग करा रहे हैं, जिससे गैस एजेंसियों पर अचानक दबाव बढ़ गया है और कई जगह लंबी कतारें लग रही हैं। डीएम के अनुसार हाल ही में गैस डिलीवरी के दौरान ओटीपी से जुड़ी तकनीकी समस्या भी सामने आई थी। सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ताओं को ओटीपी नहीं मिल पा रहा था, जिससे डिलीवरी में बाधा आई। हालांकि अब यह समस्या काफी हद तक दूर हो चुकी है और उपभोक्ताओं को दो दिनों के भीतर होम डिलीवरी मिल जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति फिलहाल सीमित है। उपलब्ध स्टॉक को प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और पुलिस से जुड़े संस्थानों को दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि गैस सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग करने या डिलीवरी में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे 26 दिनों के निर्धारित अंतराल पर ही गैस बुकिंग करें, ताकि सभी लोगों तक समय पर गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।